मानव संसाधन विकास मंत्रालय
शिक्षा विभाग (भाषा अनुभाग)
भारत सरकार, नई दिल्ली के
आर्थिक सौजन्य से प्रकाशित

□

किसना आढ़ा कृत

भीम विलास

□

सम्पादक
डॉ. देव कोठारी

सहायक सम्पादक
भेरुलाल लोहार

□

□

प्रकाशक
साहित्य संस्थान
राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर

□

प्रकाशन
मकर संक्रांति वि. सं. 2045
14 जनवरी,

मूल्य

□

मुद्रक
पालीवाल प्रिन्ट..
25, आर. एम. वी. कम्पाउण्ड
उदयपुर - 313 001

KISHANA ADHA'S

BHIM VILAS

(Historical and Biographical Epic on
Maharana Bhim Singh of Mewar)

EDITOR

DR. DEV KOTHARI

ASSTT. EDITOR

BHERU LAL LOHAR

SAHITYA SANSTHAN
RAJASTHAN VIDYAPEETH, UDAIPUR-313 001

With the financial aid of the Ministry of Human Resource Development, Department of Education (Language Division)
Govt. of India, New Delhi.

●

KISHANA ADHA'S
BHIM VILAS

●

Editor
Dr. DEV KOTHARI
Asstt. Editor
BHERU LAL LOHAR

●

●

Publisher
SAHITYA SANSTHAN
Rajasthan Vidyapeeth
UDAIPUR-313001

●

First Edition
MAKAR SAKRANTI, V. S. 2045
JANUARY 14, 1989

Price-

Printer
PALIWAL PRINTERS
25, R.M.V. Compound
UDAIPUR-313 001

प्रकाशकीय

प्रस्तुत 'भीम विलास' राजस्थानी भाषा का ऐतिहासिक व चरित काव्य ग्रंथ है। किसना आढ़ा ने मेवाड़ के महाराणा भीमसिंह (1778-1828 ई.) के व्यक्तित्व व कृतित्व को आधार बनाकर इसका प्रणयन किया है। रचयिता महाराणा का समकालीन प्रसिद्ध कवि है। उस दृष्टि से 'भीम विलास' तत्कालीन इतिहास, समाज व संस्कृत की मूल्यवान व प्रामाणिक सामग्री प्रस्तुत करता है।

संस्थान में 'भीम विलास' की स्वयं कवि के परिजनों से प्राप्त मूल हस्तलिखित प्रति उपलब्ध है, सम्पादन का आधार उसे ही बनाया है। इसकी तीन हस्त प्रतियां संस्थान संग्रहालय में और भी हैं। ग्रंथ के सम्पादित मूलपाठ के साथ-साथ विस्तृत भूमिका तथा परिशिष्ट में कवि का फुटकर साहित्य, ताम्रपत्र, ऐतिहासिक व्यक्ति संदर्भ, शब्दार्थ, सगाई-नारेल आदि दिये गये हैं।

'भीम विलास' का सम्पादन व प्रकाशन भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग (भाषा अनुभाग) की प्रकाशन सहायता योजना के अन्तर्गत हुआ है। इसके लिए संस्थान मन्त्रालय की विभिन्न अधिकृतियों विशेषकर श्री. टी. एस. सुन्दरराजन के प्रति कृतज्ञ है, जिनके सदाशयतापूर्ण हार्दिक सहयोग के कारण यह प्रकाशन संभव हो सका है।

'भीम विलास' की मूल प्रति भेंट स्वरूप प्रदान कर तथा किसना आढ़ा के व्यक्तित्व के सन्दर्भ में सामग्री उपलब्ध कराकर किसना आढ़ा के वर्तमान वंशज श्री केसरीसिंहजी आढ़ा ने हमारे काम को सरल बनाने में काफी सहयोग किया है, अतः संस्थान उनके प्रति भी हार्दिक आभार प्रकट करता है।

संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर के वाइस चांसलर मनीषी पं. जनार्दन रायजी नागर के प्रति भी नतमस्तक है, जिनके आत्मीय संरक्षण व मार्गदर्शन से हमें प्रेरणा व सम्बल प्राप्त हुआ।

संस्थान, विद्यापीठ के विद्यामहामात्र, पीठ पण्डित प्रो. के. के. वशिष्ठ तथा अर्थ अभियन्ता श्री मदनलाल लाहोटी के सामयिक सहयोग के प्रति भी आभारी है। डॉ. व्रजमोहन जावलिया प्रभारी, पोथीखाना, महाराजा सवाई मानसिंह संग्रहालय जयपुर, डॉ. के. एस. गुप्त, अध्यक्ष, इतिहास विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर एवं डॉ. हुकमसिह भाटी, निदेशक प्रताप शोध प्रतिष्ठान, उदयपुर ने 'भीम विलास' के सम्पादन के दौरान मूल्यवान सहयोग प्रदान किया है, एतदर्थ संस्थान उनका कृतज्ञ है। संस्थान के भूतपूर्व अध्यक्ष पं. उमाशंकर शुक्ल तथा डॉ. ललित पाण्डेय, डॉ. शक्तिकुमार शर्मा एवं श्री भेरूलाल लोहार का सहयोग भी सदा स्मरणीय रहेगा। संस्थान पालीवाल प्रिन्टर्स के मालिक श्री ख्यालीलालजी के सहयोग के प्रति आभार प्रकट करना भी अपना कर्तव्य समझता है।

मकर संक्रान्ति, संवत् 2045
14 जनवरी, 1989

डॉ. देव कोठारी
निदेशक

विषयानुक्रम

□

महाराणा भीमसिंह (1778–1828 ई.)

भूमिका

राजस्थान का दक्षिणी भूभाग वीरभूमि मेवाड़ की अभिधा से अलंकृत रहा है। यहां के कण-कण में साहस, शौर्य और पराक्रम की गाथाएं व्याप्त हैं। धर्म, संस्कृति और कला का त्रिवेणी संगम इस प्रदेश की थाती के रूप में ख्यात है। शक्ति और भक्ति तथा तलवार और कलम यहां की मौलिक विशेषताएं हैं। उसी क्रम में साहित्य सृजन की सुदीर्घ और विस्तृत परम्परा इस भूभाग की सबल सम्पदा है। यहां के शासक दुर्द्धर्ष योद्धा ही नहीं, स्वयं अच्छे साहित्यकार और साहित्यविदों के आश्रयदाता एवं संरक्षक भी रहे हैं। यही कारण है कि मेवाड़ अपनी आत्मरक्षा में युद्ध के लिये अग्रणी और तत्पर रहा तो साहित्य सम्पदा की श्रीवृद्धि में भी किसी अन्य प्रदेश से कभी भी पीछे नहीं रहा है। यहां के महाराणाओं में महाराणा कुंभा, प्रताप, अमरसिंह, राजसिंह, अरिसिंह, भीमसिंह आदि काव्य रसिक रहे हैं। यहां के चारण और जैन कवियों ने भी विपुल एवं विविध रूपात्मक तथा विषयात्मक साहित्य सृजन करके इस क्षेत्र के गौरव को बढ़ाया है।

मेवाड़ में महाराणा राजसिंह (द्वितीय) के निःसंतान निधन के बाद उसका चाचा अरिसिंह मेवाड़ का महाराणा बना। महाराणा अरिसिंह का शासनकाल वि.सं. 1817-29 (1761-73 ई.) काफी उथल-पुथल का रहा किन्तु इस अशान्ति के काल में भी इनका काव्य-प्रेम उल्लेखनीय रहा है। अरिसिंह स्वयं एक अच्छा कवि था। किशनगढ़ रियासत के महाराजा सावन्तसिंह (1748-56 ई.) जो 'नागरीदास' उपनाम से कविता करते थे, द्वारा रचित 'इश्क चमन' के उत्तर में महाराणा अरिसिंह ने 'रसिक चमन' की रचना करके अपनी अद्भुत काव्य प्रतिभा का परिचय दिया था। अरिसिंह के बाद उसका पुत्र हमीरसिंह शासनारूढ़ हुआ, किन्तु पांच वर्ष बाद ही वि सं. 1834 (1778 ई.) में उसका देहान्त हो गया। हमीरसिंह के कोई पुत्र नहीं होने पर महाराणा अरिसिंह का द्वितीय पुत्र और हमीरसिंह का भाई भीमसिंह वि. सं. 1834 (1778 ई.) में मेवाड़ के राजसिंहासन पर आरूढ़ हुआ। भीमसिंह भी अपने पिता के समान काव्य-प्रेमी था। यह स्वयं कवि और कवियों का आश्रयदाता था। वि. सं. 1873 (1816 ई.) के आसपास तत्कालीन प्रसिद्ध कवि पद्माकर जब उदयपुर आया तो महाराणा भीमसिंह ने उसकी अच्छी आवभगत की और बहुत सा द्रव्य देकर सम्मानित किया। भीमसिंह का शासनकाल वि. सं. 1834-85 (1778-1828 ई.) तक अर्थात् 50 वर्षों का लम्बा रहा। इस अवधि में मेवाड़ में साहित्य सर्जन का सुदीर्घ दौर चला। चारण कवियों पर भीमसिंह की विशेष कृपा थी। ऐसे

कवियों में दूल्हजी आढ़ा, किसना आढ़ा, जसजी आढ़ा, रामदान लालस, बखतराम-आसिया, तेजराम आसिया, फतहराम आसिया, तीरथराम आसिया, नन्दलाल भादा, अमरजी और सांवलजी आदि प्रमुख हैं।

इन कवियों में से अधिकांश ने फुटकर गीत लिखे हैं। महाराणा भीमसिंह से सम्बन्धित 60 से ज्यादा डिंगल गीत उपलब्ध होते हैं। इससे पता चलता है कि महाराणा भीमसिंह का व्यक्तित्व तत्कालीन कवियों को काफी प्रिय था। भीमसिंह की दान प्रवृत्ति ने भी कवियों को काफी आकर्षित किया। रामदान लालस ने 175 छंदों में महाराणा भीमसिंह के चरित्र को आधार बनाकर डिंगल में 'भीम प्रकाश' काव्य ग्रंथ लिखा। इन्हीं महाराणा भीमसिंह का दरबारी कवि किसना आढ़ा था। यह इस काल का प्रमुख, प्रभावी, महाराणा का प्रिय और चर्चित कवि था। इसने डिंगल और पिंगल दोनों में ग्रंथ और फुटकर गीत लिखे हैं। 'भीम विलास' काव्य ग्रंथ इसी कवि की रचना है।

किसना आढ़ा[1]

वंश-परम्परा

किसनाजी चारणों की आढ़ा गोत्र से सम्बन्धित और राजस्थान के प्रसिद्ध कवि दुरसा आढ़ा की वंश-परम्परा में पैदा हुए थे। दुरसा आढ़ा महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के समकालीन थे। उन्होंने दो विवाह किये, जिनसे चार पुत्र हुए। दुरसाजी इनमें से अपने चतुर्थ और सबसे छोटे पुत्र किसनजी के साथ राजस्थान के वर्तमान पाली जिले के गांव पांचेटिया[2] में रहते थे। यहीं पर दुरसाजी का वि. स. 1712 (1655 ई.) में देहान्त हुआ। दुरसाजी की वंश-परम्परा आगे चलकर तीन उपशाखाओं—दयालदासोत, नेनकमलोत और सायबखानोत में विभाजित हुई।

दुरसाजी की पांचवीं पीढ़ी में सायबखानजी हुए। इन्हीं सायबखानजी से सायबखानोत शाखा अलग हुई। सायबखानजी के लड़के पनजी आढ़ा थे पनजी अच्छे कवि और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के धनी थे। महाराणा अरिसिंह के शासनकाल (वि. स. 1817-29) में पनजी पांचेटिया से मेवाड़ में आ गये और अपनी प्रतिभा व क्षमता के बल पर ये शीघ्र ही महाराणा के विश्वासपात्र बन गये। वि. सं. 1826

---

1. किसनाजी आढ़ा और उनकी वंश-परम्परा से सम्बन्धित उपर्युक्त समस्त सामग्री व सूचनाएं उनके वर्तमान वंशज श्री केसरीसिंहजी आढ़ा से प्राप्त हुई हैं।
2. गांव पांचेटिया-मारवाड़ जंकशन से अहमदाबाद जाने वाली रेलवे लाईन पर स्थित सोमेश्वर-भीमालिया स्टेशन से लगभग तीन किलोमीटर दूर पाली जिले में है।

(1769ई.) में माधवराव सिंधिया ने जब उदयपुर का घेरा डाला और आक्रमण किया, तब पनजी आढ़ा महाराणा को हौंसला बंधाने वालों में प्रमुख थे।[1] इसी अवसर पर पनजी ने नावघाट पर पैंतीस हथनालों के साथ युद्ध का मोर्चा सम्हाला था।[2] इसके कुछ समय बाद महाराणा की सेना का महापुरुषों[3] की सेना के साथ टोपल मगरी[4] का युद्ध हुआ, उस समय भी पनजी आढ़ा महाराणा की सेना के साथ था।[5] पनजी की इस स्वामी-भक्ति और विश्वसनीयता से प्रभावित होकर महाराणा अरिसिंह ने वि. सं. 1828 (1771 ई.) में करणवास[6] गांव भेंट-स्वरूप दिया।[7] इसी तरह पनजी को तासोल, सायों का खेड़ा और धनजी का खेड़ा गांव भी भेंट-स्वरूप मिले थे,[8] ऐसा बताया जाता है।

महाराणा अरिसिंह और बूंदी के राव अजीतसिंह के मध्य अनबन थी। वि. सं. 1829 (1773 ई.) में महाराणा अरिसिंह अमरगढ़ गये हुए थे, उस समय बूंदी का राव अजीतसिंह महाराणा अरिसिंह को शिकार करने के बहाने जंगल में ले गया और धोखे से बर्छे का वार कर महाराणा की हत्या कर दी, उस समय आढ़ा पना भी साथ था।[9] अरिसिंह के निधन के बाद वि. सं. 1829 (1773 ई.) में हमीरसिंह महाराणा बने और हमीरसिंह के बाद भीमसिंह वि. सं. 1834(1778ई.) में शासनारूढ़ हुए। पनजी आढ़ा भीमसिंह के इस राज्यारोहण के समय उपस्थित थे।[10] इसके बाद पनजी का निधन कब हुआ, इसके बारे में कोई उल्लेख नहीं मिलता। इन्हीं पनजी का पुत्र दुलहजी आढ़ा थे। ये भी अच्छे कवि थे। महाराणा भीमसिंह वि. सं. 1850 (1793 ई.) में जब ईडर अपना द्वितीय विवाह करने गये, उस समय दुलहजी आढ़ा महाराणा भीमसिंह के साथ थे।[11]

---

1. भीम विलास, छंद सं. 88, पृ. 27
2. वही, छंद सं. 92, पृ. 30
3. ये दादूपंथी साधु थे। जयपुर की सेना में बड़ी संख्या में रहते थे। वहीं से ये मेवाड़ में महाराणा अरिसिंह की सेना के विरुद्ध लड़ने के लिये आये।
   (द्रष्टव्य-ओझा कृत उदयपुर राज्य का इतिहास, द्वितीय जिल्द, पृ 657)
4. टोपल मगरी आमेट तहसील के अन्तर्गत आमेट से गंगापुर-भीलवाड़ा मार्ग पर पूर्व दिशा में लगभग 6-7 कि.मी. दूर है।
5. भीम विलास, छन्द सं. 157, पृ. 46
6. करणवास गांव वर्तमान भीलवाड़ा जिले में पुर के पास स्थित है।
7. भीम विलास, छन्द सं. 179, पृ. 54
8. ये तीनों गांव उदयपुर की नाथद्वारा तहसील में स्थित हैं।
9. ओझा-उदयपुर राज्य का इतिहास, द्वितीय जिल्द, पृ. 664
10. भीम विलास, छंद सं. 239, पृ. 67
11. वही, छंद सं. 350, पृ. 104

इन्हीं दुलहजी आढ़ा के पुत्र और 'भीम विलास' के रचयिता किसनाजी आढ़ा थे। किसनाजी का जन्म पांचेटिया में दुरसा आढ़ा की आठवीं पीढ़ी[1]* में हुआ, जिसका वंश-वृक्ष वर्तमान समय तक का इस प्रकार है :—

- दुरसा आढ़ा
  - किसन
    - महेस
      - खुमांण
        - साहिबखांन
          - पना
            - दुलह
              - दानजी
              - जसजी
              - **किसनजी**
                - महेसदास[2]
                - रामलाल[3]
                  - रूपसिंह[4]
                  - जोरावरसिंह[5]
                    - लक्ष्मणसिंह[7]
                      - केसरीसिंह[8] (वर्तमान)
                        - महावीरसिंह
                        - वलवीरसिंह[9]
                          - अभिमन्यु
                      - वसुदेव
                      - अमरसिंह
                      - उग्रसिंह
                      - माधुसिंह
                      - तीन पुत्रियां
                  - दो पुत्रियां[6]
              - वुधाजी
              - सारूपजी
              - चिमनजी

---

* पाद-टिप्पणियां अगले पृष्ठ पर दी गई है।

जन्म, बाल्यकाल और प्रतिष्ठा

किसनाजी का जन्म किस सन् में हुआ, इस बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं होती, लेकिन ये अपने पिता दुलहजी के छः पुत्रों में से तीसरे थे। इनका बचपन प्रायः मेवाड़ में व्यतीत हुआ, क्योंकि इनके दादाजी पनजी आढ़ा मेवाड़ में आ गये थे। इस कारण ये अपने दादा और पिता के साथ मेवाड़ में ही रहते थे। किसनाजी बचपन से प्रतिभाशाली थे। इनकी प्रतिभा को देखकर इनके लिए पारम्परिक चारणी शिक्षा का पूरा प्रबन्ध किया गया तथा ये बचपन से ही गीत लिखने लग गये थे। पनजी के निधन के बाद जब दुलहजी महाराणा के कृपापात्र बने तो अपने पिता के साथ किसनाजी का भी दरबार में आना-जाना होता रहता था। इसी क्रम में किसनाजी का भी महाराणा

---

1. दुरसा घर किसनेस, किसन घर सुकवि महेसुर।
   सुत महेस खुमांण, खांनसाहिब सुत जिण घर।।
   साहिब घर पनसाहै, पना सुत दुलह सुकव पुण।
   दुलह घर खट पुत्र दांन, जस, किसन, बुधो भण।।
   सारूप, चिमन, मुरधर उतन, परगट नगर पांचेटियो।
   चारण जात आढ़ा बिगत, किसन सुकवि पिंगल कियो।।
   (रघुवरजसप्रकास, पृ. 340)
2. महेसदास ने आसिया परिवार में शादी की, किन्तु युवावस्था में ही मृत्यु हो गई।
3. रामलाल, सांयों का खेड़ा से किसनाजी के छोटे भाई चिमनाजी के यहां से गोद आये। तीन शादियां मुंदियाड़, टेला (पुष्कर) और खेड़ी में की।
4. रूपसिंह, रामलालजी के लड़के थे, सगाई हुई, युवावस्था में मर गये। कविता करते थे।
5. जोरावरसिंहजी ने चार शादियां की-जोधपुर में कविराजा मुरारिदानजी के यहां, मोरटहुका, मेंगटिया में किसनसिंह आसिया के यहां, पाणेर में रामसिंहजी बारहठ की लड़की देऊ कुंवर से।
6. दो पुत्रियों में से एक भूरबाई की बनेड़िया शादी हुई, दूसरी की सरसिया में मेहडू परिवार में शादी हुई।
7. लक्ष्मणसिंहजी ने तीन शादियां की। पहली शादी सोढावास में की, किन्तु एक वर्ष बाद ही निधन हो गया। दूसरी शादी बासनी (सोजत) में गुलाबकुंवर से की और तीसरी भूरकिया (बड़ी सादड़ी) में तेजकुंवर से की। गुलाबकुंवर से दो लड़के-केसरीसिंह और उग्रसिंह तथा तीन बहनें। तेजकुंवर के तीन पुत्र-अमरसिंह, बसुदेव और माधुसिंह तथा दो बहनें।
8. केसरीसिंह जी ने मयाणियां शादी की, चन्द्रकुंवर से।
9. बलवीरसिंह ने रूपावास शादी की।

भीमसिंह से सम्पर्क बढ़ा। अपने पिता दुलहजी आढ़ा के देहावसान के पश्चात् किसनाजी अपनी काव्य प्रतिभा के बल पर महाराणा भीमसिंह के दरबारी कवि के रूप में प्रतिष्ठित होते गये। महाराणा की प्रीति भी इनके प्रति बढ़ी। महाराणा ने वि. सं. 1876 (1819 ई.) में अपनी पुत्रियों–अजबकंवर, रूपकंवर और पौत्री कीकीबाई का विवाह किया, तब बधाई देने वालों और इनाम पाने वाले चारण कवियों में किसनाजी आढ़ा प्रमुख थे।[1]

भेंट-स्वरूप मिले गांव

किसनाजी को अपने पिता के उत्तराधिकार में तासोल गांव मिला। शेष पांच भाइयों में से दो भाइयों को सांयों का खेड़ा, दो को करणवास और एक को ढीकावाड़ा (सलूम्बर) गांव उत्तराधिकार के बंटवारे में प्राप्त हुए। लेकिन किसनाजी की काव्य प्रतिभा, इतिहास प्रेम, विद्वता आदि से महाराणा भीमसिंह बहुत प्रभावित थे। उस समय एक वर्ष के बारह महिनों में से नो माह की चाकरी महाराणा की सेवा में बराबर देनी पड़ती थी, इस चाकरी में भी किसनाजी कभी चूक नहीं करते थे। तत्कालीन राजनीतिक उठा-पटक में भी किसनाजी महाराणा के पूर्ण विश्वासपात्र व सलाहकार थे। इन्हीं सब गुणों के कारण महाराणा भीमसिंह ने किसनाजी को निम्न छः गांव जागीर[2] में भेंट-स्वरूप प्रदान किये —

1. नवा गांव (प्रगणा-चावण्ड) वि. सं. 1863, आसाढ़ सुदी 4, बुधवार
2. सारणां रो खेड़ो (प्रगणा-पुर) वि. सं. 1867 मृगसिर विद 12, शुक्रवार
3. सीसोदा (प्रगणा-पहलाव) वि.सं. 1875 चैत्र विद 5, मंगलवार
4. गोवला (प्रगणा-वेगूं) वि.सं. 1882 आसोज विद 7
5. बलदरखा (प्रगणा-चित्तौड़) वि.सं. 1883 पोस सुदी 3, रविवार। यह गांव महाराणा भीमसिंह के पाटवी पुत्र महाराजकुमार अमरसिंह[3] ने भेंट दिया था।
6. धनजी का खेड़ा[4] (नाथद्वारा के पास)

किसनाजी को उपर्युक्त छःगांव महाराणा की ओर से जागीर में भेंट-स्वरूप प्राप्त हुए, उनमें से सारणों का खेड़ा और सीसोदा गांव जागीर में कैसे मिले, इस संबंध में निम्न घटनाएं प्रसिद्ध हैं —

---

1. भीम विलास, छंद सं. 545-75, पृ. 151-60
2. गांवों के विवरण के लिये देखें-भीम विलास का परिशिष्ट-तीन, पृ. 267-70
3. महाराज कुमार अमरसिंह का निधन कंवरपदे में ही हो गया था।
4. धनजी का खेड़ा किसनाजी को जागीर में कब मिला, ताम्रपत्र उपलब्ध नहीं होता है। लेकिन यह गांव आढ़ाओं की जागीर में था।

1- तत्कालीन परगणा पुर में करणवास गांव महाराणा की ओर से किसनाजी के दादा पनजी आढ़ा को पहले ही भेंट में दिया हुआ था। पैतृक बंटवारे में यह गांव किसनाजी के दो भाइयो को प्राप्त हुआ था, लेकिन इस करणवास गांव की सीमा पास ही के सारणों के खेड़ा से इस तरह मिलती थी कि गांव की सीमा को लेकर करणवास में रह रहे किसनाजी के दो भाइयों के साथ सारणों के खेड़े के जाटों का आये दिन विवाद-झगड़ा होता ही रहता था। किसनाजी के महाराणा के साथ मधुर सम्बन्ध थे, अतः करणवास स्थित दोनों भाई चाहते थे कि किसनाजी सारणों का खेड़ा भी करणवास के साथ ही महाराणा से जागीर में दिलवा दें तो आये दिन का यह सीमा विवाद न हो।

एक वार महाराणा माण्डल जा रहे थे, किसनाजी भी साथ में थे। रास्ते में सारणों का खेड़ा और करणवास पड़ता था। ज्योंहि सारणों का खेड़ा गांव आया, वहां किसनाजी ने खेजड़ी के वृक्ष को देखा, इस वृक्ष को देखते ही किसनाजी उस खेजड़ी को बाथ में लेकर लिपट गये। महाराणा ने यह देखकर जिज्ञासावश पूछा कि किसनाजी यह क्या कर रहे हो तो किसनाजी ने कहा, हजूर! यह मेरे पिहर (पांचेटिया-मारवाड़) का वृक्ष है। इसे देखकर मुझे मेरी जन्मभूमि की याद आ गई। महाराणा ने यह सुन कर उस खेजड़ी वाला गांव सारणों का खेड़ा पीहर के गांव के रूप में भेंट में दे दिया और इस तरह किसनाजी ने अपने भाइयों की समस्या को हल किया।

2-इसी तरह सीसोदा गांव किसनाजी को जागीर में मिलने के बारे में प्रसिद्ध है कि एक वार किसनाजी अपने पैतृक गांव पांचेटिया से देसूरी के रास्ते से घोड़े पर बैठकर मेवाड़ में आ रहे थे। सर्दी का समय था। नाथद्वारा से 15 कि. मी. उत्तर-पश्चिम में गांव सीसोदा में कुछ लोग आग लगाकर ताप रहे थे। किसनाजी को हुक्का पीने की आदत थी। उन्होंने घोड़े पर बैठे-बैठे ही आग ताप रहे लोगों से कहा कि उनके हुक्के में आग भर दे। इस पर उन लोगों में से एक भाणा पटेल ने कहा कि कौन सी जागीर जीतकर आ रहे हो, इसलिये हम तुम्हारा हुक्का भर दें। इस पर किसनाजी ने कहा कि ठीक है, मैं जागीर जीतकर ही आऊंगा और हुक्का भरवाऊंगा।

संयोग से महाराणा भीमसिंह ने कुछ दिनों के वाद ही किसनाजी से प्रसन्न हो, उन्हें कुछ मांगने को कहा। किसनाजी ने सीसोदा गांव जागीर में मांगा। महाराणा तो देना चाहते थे लेकिन महाराणा के सलाहकारों ने कहा कि सीसोदा मेवाड़ के

महाराणाओं की पितृभूमि[1] है। उसकी अपनी प्रतिष्ठा है, अतः उसे चारणों की जागीर में देना ठीक नहीं रहेगा, उसे महाराणा के खालसे में ही रहना चाहिये। इस पर किसनाजी नाराज होकर पांचेटिया चले गये। इस पर महाराणा को बहुत दुःख हुआ और पत्र भेजकर उन्हें वापस मेवाड़ बुलवाया और सीसोदा गांव उन्हें जागीर में भेंट दिया। अपनी इच्छा पूरी होने पर किसनाजी ने यह गीत बनाकर महाराणा को सुनाया—

कीजै कुण-मीढ न पूजै कोई,
धरपत झूठी ठसक धरै।
तो जिम 'भीम' दिये तांबापतर,
कवां अजाची भलां करै ॥१॥

पटके अदत खजांना पेटां,
देतां बेटां पटा दियै।
सीसोदौ सांसण सीसोदा,
थारा हाथां मौज थियै ॥२॥

मन महरांणा धनो मेवाड़ा,
दाखै धाड़ा दसूं दिसा।
राजा अन वांधै रजवाड़ा,
तूं गढ़वाड़ा दिये तसा ॥३॥

अधपत तनै दियारौ अंजस,
लोभी अंजस लियारौ।
भांणै सांच जणायौ भीमा,
हाथां हेत हियारौ ॥४॥

---

1. अल्लाउद्दीन खिलजी के आक्रमण और पद्मिनी के जौहर के बाद चित्तौड़गढ़ पर जब गुहिलवंशी शासकों का अधिपत्य नहीं रहा, रावल रतनसिंह आदि सब मारे गये तो रतनसिंह के नजदीकी रिश्तेदार गुहिलवंशी और सीसोदे के स्वामी राणा हमीर ने अपने बाहुबल से चित्तौड़गढ़ पर पुनः गुहिलवंश का आधिपत्य जमाया, तब से ही हमीर सीसोदे का होने के कारण मेवाड़ के शासक सिसोदिया और महाराणा कहलाते हैं। इस तरह भीमसिंह सिसोदिया वंशी ही था और सीसोदा इसी कारण पैतृक गांव माना जाता था।

कर्नल टॉड से सम्पर्क

तत्कालीन ब्रिटिश सरकार की ओर से गवर्नर जनरल लार्ड हैस्टिग्ज द्वारा राजस्थान की परिस्थितियों से परिचित होने के कारण कर्नल जेम्स टॉड को वि. सं. 1875 (1818 ई.) में मेवाड़ का पोलिटिकल एजेन्ट नियुक्त किया गया। टॉड को राजपूतों के इतिहास से बहुत लगाव था। वह प्रतिदिन के अपने प्रशासनिक कार्यों के अतिरिक्त राजस्थान के राजपूतों की इतिहास विषयक सामग्री को भी संकलित करने लगा। किसना आढ़ा महाराणा भीमसिंह का कृपा-पात्र, इतिहासप्रेमी एवं कवि होने के कारण शीघ्र ही कर्नल जेम्स टॉड के सम्पर्क में आ गया और उसके साथ उसके मधुर सम्बन्ध हो गये। टॉड लगभग साढ़े चार वर्ष अर्थात् वि. सं. 1879 (जून, 1822 ई.) तक मेवाड़ में रहा और इस दौरान उसने अपनी पुस्तक 'एनल्स एण्ड एण्टिक्विटिज ऑफ राजस्थान' के लिये सामग्री एकत्रित की, उसमें किसना आढ़ा ने टॉड का भरपूर सहयोग किया। सामग्री संग्रह के अतिरिक्त उसने एकत्रित सामग्री की व्याख्या करने, समझाने एवं नोट्स लेने में भी टॉड की काफी मदद की। संयोग से वि. सं. 1879 में ही किसना ने 'भीम विलास' काव्य ग्रंथ की रचना की। इसके निर्माण और विषय-वस्तु चयन में भी इस सामग्री संकलन कार्य से किसना को बहुत लाभ हुआ।

सिसोदा गांव महाराणा ने अपने सलाहकारों की सलाह के विरुद्ध किसना को भेंट में दिया था, अतः किसना को यह भय बना रहता था कि कहीं इस गांव को वापस नहीं ले लिया जाय, इस दृष्टि से टॉड से उसने सिसोदा का पक्का पट्टा करवा लिया। टॉड ने महाराणा को इस सन्दर्भ में यह भी कहा कि ऐसे विद्वान और प्रतिभाशाली व्यक्ति को तो सिसोदा से भी अधिक आय की जागीर देनी चाहिये।[1]

जवानसिंह का काव्य-गुरु

किसना आढ़ा इतिहासप्रेमी ही नहीं, संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, डिंगल और पिंगल भाषाओं का अच्छा ज्ञाता भी था। लक्षण ग्रंथों (छन्द शास्त्र) का भी वह पारंगत विद्वान था। उस समय के बुद्धिजीवियों में किसना की गणना होती थी। किसना की इस विद्वता को देखकर महाराणा भीमसिंह ने अपने पुत्र कुंवर जवानसिंह की शिक्षा-दीक्षा किसना के मार्ग-दर्शन में कराई और लक्षण काव्य का ज्ञान स्वयं किसना द्वारा कराने का आदेश दिया। इस समय किसना भी अपने पुत्र महेसदास

---

1. टॉड से सिसोदा का अलग से और पट्टा कब करवाया और वह पट्टा अब कहां है, इस बारे में जानकारी नहीं मिलती। इसकी प्रामाणिकता के बारे में शोध करने की आवश्यकता है। किसना के वंशजों का कहना है कि यह पट्टा मिला था और जागीरों के हस्तान्तरण के समय वह कहीं खो गया।

चारणी की परम्परा के अनुसार छन्द शास्त्र का अध्ययन करा रहा था और इसके लिये किसना ने 'रघुवरजसप्रकास' नामक लक्षण ग्रंथ की रचना भी की थी।

किसना ने वि. सं. 1883 वैशाख शुक्ला सप्तमी गुरुवार को शुभ मुहूर्त देखकर कुंवर जवानसिंह को पढ़ाना आरंभ किया। सबसे पहले किसना ने केशवदास कृत 'कविप्रिया' का अध्ययन कराया और इसे एक माह और दो दिन में ही अर्थ सहित पढ़ाकर समाप्त कर दी। इसका परिणाम यह हुआ कि कुंवर जवानसिंह[1] ने काव्य रचना की नब्ज पकड़ ली और इसी वर्ष ज्येष्ठ शुक्ला नवमी से जवानसिंह ने दोहा, कवित्त, छप्पय, सवैया आदि बनाने शुरु कर दिये। इन छन्दों को किसनाजी ने कुंवर जवानसिंह के आदेशानुसार एक पोथी में लिखना आरंभ कर दिया। इस बात की पुष्टि 'ब्रजराज पद्यावली' के प्रथम पृष्ठ के निम्न अंश[2] से होती है—

> ॐ नमः श्री गुरुगणपतत्रिष्ट देवताभ्यो नमः ।। अथ संमत १८८३ रवि वेसाष सुद ७ गुरे रै दिन महाराजकंवर श्री १०८ श्री जवांनस्यंघजी किसना आढ़ा तीरा सुं भणवा रो समौहरत कीधो सो प्रथम ग्रंथ कवि-प्रिया पढ्या नै कविता दुहा वणावा रो पण प्रारंभ कीधो सौ मास १ दन २ तो कविप्रिया हीज अरथ सहित पढ्या नै जेठ सुद ९ सौमे रा दिन सूं कवित दुहा वणावा लागा जी दन सूं ही वणाया सौ कसना तैं हुकम हुवौ कै किसना जी थैं दुहा कवित मांहरा वणाया लिष लिज्यौ श्री हजूर सूं पोथी त्यार कराय बगसी जीमै श्री हजूर का वणाया दुहा कवित सवैया छप्पै आद ख्याल और सरवत्र छंद सो लिखस्यां ।। प्रथम जेठ सुद ८ सोमे रै दिन महाराजकंवार श्री जवांनस्यंघजी दुहो कवित वणाया सो लिषां छां ।।

इस अंश से स्पष्ट होता है कि किसना आढ़ा जवानसिंह के काव्य गुरु थे। जवानसिंहजी को पढ़ाने के उपलक्ष में किसनाजी को उदयपुर नगर के उत्तर में (वर्तमान में जहां पर रेलवे ट्रेनिंग स्कूल है वह) साढ़े बारह बीघा जमीन बेड़च नदी (आयड़ नदी) के किनारे पर भेंट-स्वरुप प्रदान की गई। कहा जाता है कि यह जमीन महाराजकुमार जवानसिंह ने अपने कंवरपदे में ही दी। इसे 'जवान बाग' और

---

1. राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, उदयपुर में संग्रहीत हस्तलिखित ग्रंथ सं. 369 ब्रजराज पद्यावली, पत्र संख्या-1, प्रारम्भ का अंश।

2. महाराणा जवानसिंह ब्रजभाषा के अच्छे कवि थे। 'ब्रजराज' उपनाम से ये कविता करते थे। इनकी कविताओं का एक संग्रह 'ब्रजराज काव्य माधुरी' शीर्षक से साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर से सन् 1966 में प्रकाशित हो चुका है।

'सिसोदा की वाड़ी' के रूप में जाना जाता था। इस जमीन पर किसना आढ़ा के पौत्र जोरावरसिंह आढ़ा की एक छतरी [1] भी बनी हुई है।

विवाह एवं संतति

किसनाजी ने अपने जीवनकाल में एकाधिक विवाह किये थे। उनमें से एक विवाह गांगागुड़ा किया था। शेष विवाह कब और कहां पर किये, इसकी जानकारी नहीं मिलती, लेकिन इनके एक ही पुत्र-महेसदास था, जिसे वे बहुत प्यार करते थे। उसे चारणी परम्परानुसार शिक्षा भी दी थी। इसका विवाह गांव मेंगटिया के आशिया परिवार में बहुत धूम-धाम से किया था। इस शादी में महाराणा जवानसिंह भी सीसोदा आकर शरीक हुए थे,[2] इससे पता चलता है कि भीमसिंह के निधन (वि. सं. 1885) के बाद महाराणा जवानसिंह के साथ भी इनके सम्बन्ध मधुर थे। महाराणा जवानसिंह महेसदास की शादी में सिसोदा आये, इस सन्दर्भ का एक गीत भी मिलता है, जिसका प्रारंभिक अंश इस प्रकार है—

सिध श्रीमान उजालग सुं सनमाने,
जगदाता दीवांण जवांन।
पात घरे चावल ले पीला,
मात पिता आया मिजमांन ।।१।।

मैसा तणो विवाह मंडतां,
नव निध बगस चाडे कुल नीर।
किसना तणे झुंपड़े बिलकुल,
हुवो पांमणो बियो हमीर ।।२।।

---

1. जोरावरसिंह आढ़ा का देहान्त उदयपुर में ही हुआ था, दाह-संस्कार स्थानीय महासतियांजी में हुआ किन्तु देऊकुंवर (पाणेर गांव के बारहठ परिवार से संबंधित) की इच्छा से अपने पति की स्मृति में जवान बाग में एक छतरी बनवा कर उसमें शिवलिंग स्थापित किया। जब राज्य सरकार ने इस जमीन का अधिग्रहण कर यहां पर रेल्वे ट्रेनिंग स्कूल बनाया तो इनके वंशजों की इच्छानुसार इस छतरी को कायम रखा गया। अब इसको नया रूप देकर शिवमंदिर के रूप में पूजा की जाती है।

2. महेसदास की शादी में महाराणा जवानसिंह जब सीसोदा आये तब उनके हाथी को किसनाजी के मकान (रावला) के सामने रावला चौक में कुंभाला गाड़ कर उससे बांधा गया था। यह कुंभाला आज भी विद्यमान है और सीसोदा के आढ़ा परिवार में जो भी बालक पैदा होता है, उसकी 'नाल' इस कुंभाले के पास ही जमीन में गाड़ी जाती है।

महेसदास के विवाह के बाद किसना को पुत्र सुख अधिक दिनों तक नहीं मिला और महेसदास का निःसन्तान ही निधन हो गया।[1] अपने प्रिय पुत्र के इस आकस्मिक निधन का किसना को गहरा मानसिक आघात लगा। कुछ समय बाद किसनाजी ने सायां का खेड़ा स्थित अपने छोटे भाई चिमनजी के पुत्र रामलाल को गोद लिया।[2]

निधम एवं स्मारक

किसनाजी के निधन के बारे में जानकारी नहीं मिलती, लेकिन महेसदास की मृत्यु के बाद लगे सदमे के कारण वे अधिक समय तक जीवित नहीं रहे और महाराणा जवानसिंह के शासनकाल वि. सं. 1885-95 (1828-38 ई.) के मध्य कभी उनका देहान्त गांव सीसोदा में हुआ। गांव के बाहर खारी नदी के किनारे रावला रहट के पास किसनाजी का दाह-संस्कार किया गया। जहां पर इनके स्मारक रूप में एक भव्य छतरी उनकी पुत्र वधु आसियाणीजी द्वारा बनवाई गई।

यह छतरी काले पत्थर के प्लेटफार्म पर बनी हुई है। जिस पर श्वेत संगमरमर के सोलह स्तंभ है। इन स्तंभों पर चार छोटी और बीच में एक बड़ी गुम्वज बनी हुई है। छतरी का स्थापत्य सामान्य कलात्मक है। छतरी पर जाने के लिए पूर्व से पश्चिम

1.(क) महेसदास का दाह-संस्कार सीसोदा में खारी नदी के किनारे रावला रहट के पास किया गया। जहां महेसदास की स्मृति में एक छतरी बनी हुई है। इस छतरी के पास ही महेसदास के गुरु की भी छतरी है।

(ख) महेसदास के निधन के बाद उसकी पत्नी आशियाणी जी ने अपना पूरा समय धर्म-ध्यान और पुण्य कार्यों में लगाया। किसनाजी द्वारा अर्जित सम्पति से इन्होंने 12 मन्दिर एवं 12 बावड़ियां क्रमशः तासोल, सिसोदा, मेंगटिया, पांचेटिया, पुष्कर, उदयपुर आदि स्थानों पर बनवाई। उदयपुर में रावजी के हाटे में नृसिंह-द्वारा के सामने सिसोदा का मन्दिर बनवाया जो आज भी विद्यमान है। जागीर के गांवों में से आधा तासोल चारभुजाजी को और सिसोदा के पास स्थित छोटा सीसोदा श्रीनाथजी को भेंट में दे दिया। किसनाजी ने जब रामलाल को गोद लिया तो आशियाणीजी द्वारा इस तरह किसनाजी को सम्पत्ति को पुण्य-कार्यों में लगा देने पर रामलाल ने कहा कि किसना ने बहुत धन कमाया, लेकिन पुण्य कार्यों में लगा देने से उसे तो केवल किसना का हुक्का ही हाथ लगा, यथा—

किसने धन कियो कित्तो, वसुधा जाहर वात।
अर लगायो पुनरथ, म्हारे हुक्को आयो हात॥

2. रामलाल आढ़ा के फुटकर गीत मिलते हैं। ये शरीर से मोटे, घोड़ों के शौकीन और भोजन में विशेष रुचि रखते थे। लगभग 60 वर्ष की आयु में इनका निधन हुआ।

सिसोदा गांव स्थित किसना आढ़ा का स्मारक (छतरी)

दिशा की ओर छः सीढ़ियां बनी हुई हैं। छतरी के बीचोंबीच बड़ी गुम्बज के नीचे चतुर्मुखी शिवलिंग है। शिवलिंग के सामने दक्षिण दिशा की ओर नांदिया बैठा हुआ है, जिसका मुंह उत्तर की ओर तथा शिवलिंग के सामने है। नीचे सीढ़ियों के पास-ही एक श्वेत संगमरमर का स्तंभ भी जमीन में गड़ा हुआ है, जिस पर सूर्य व चन्द्रमा की आकृति बनी हुई है। वर्षा के कारण छतरी पर काई जम गई हैं। इस छतरी की भव्यता को देखकर ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि किसनाजी का व्यक्तित्व अपने समय में कितना प्रभावी रहा होगा। चारण कवियों में ऐसी बड़ी छतरियां बहुत कम दिखाई देती है।

निर्माण कार्य

किसना आढ़ा ने अपने जीवनकाल में उदयपुर नगर के रावजी का हाटा में पास-वानजी के मंदिर के पास एक बड़ा मकान बनाया, जिसे सिसोदा की हवेली कहा जाता है।[1] सिसोदा गांव में रहने का मकान 'रावला' बनाया, खेती को भी आबाद किया।

रचनाएं

किसनाजी द्वारा रचित निम्न साहित्य उपलब्ध होता है—

1. भीम विलास 2. तेहवार वर्णन 3. रघुवरजसप्रकास 4. फुटकर गीत

'भीम विलास' काव्य ग्रंथ है। महाराणा भीमसिंह की आज्ञा से वि. सं. 1879 में इसकी रचना की। इसमें कुल 775 छंद है। इस संदर्भ में विशेष जानकारी आगे प्रस्तुत की जा रही है।

'तेहवार वर्णन' काव्य ग्रंथ में मेवाड़ में प्रचलित तेहवारों एवं उसमें महाराणा भीमसिंह द्वारा भाग लेने का वर्णन हैं। इसका रचना काल वि. सं. 1880 श्रावण विद 1 है। इसमें श्रावण मास के त्यौहारों से लेकर माघ मास तक के अर्थात् सात महिनों के मेवाड़ में प्रचलित त्यौहारों का वर्णन हैं। ग्रन्थ अपूर्ण हैं। कुल छन्द संख्या 79 हैं। भीम विलास की 'क' प्रति के प्रारम्भ में 11 पत्रों में यह तेहवार वर्णन ग्रंथ लिपिबद्ध है।[2] इस रचना के प्रारम्भ में 'तेहवार वर्णन ग्रन्थ भीम विलास मध्ये' वाक्य आया है। इससे प्रतीत होता है कि कवि इस 'तेहवार वर्णन' अंश को 'भीम विलास' में ही जोड़ना चाहता था। इसका मूल पाठ 'भीम विलास' ग्रंथ के साथ परिशिष्ट में प्रकाशित किया गया है।

---

1. अब यह हवेली किसनाजी के वंशजों के पास नहीं है, यह बिक चुकी है।
2. साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर में संग्रहीत हस्तलिखित ग्रन्थ सं. 981 'भीम विलास' पत्र स. 1-11

'रघुवरजसप्रकास' एक लाक्षणिक ग्रंथ है तथा राजस्थानी भाषा की छंद रचना से सम्बन्धित है। राम गुणगान एवं भक्ति के माध्यम से कवि ने छन्दों की रचना व लक्षणों को समझाया है। पूरा ग्रंथ चार प्रकरणों में विभक्त है। इसका रचना काल वि. सं. 1881 आश्विन शुक्ला विजयादशमी शनिवार है। यह राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर से प्रकाशित है।

कवि के दान-पुण्य, भक्ति, प्रशंसा आदि से सम्बन्धित विविध फुटकर डिंगल गीत भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होते हैं। महाराणा भीमसिंह से सम्बन्धित डिंगल गीतों को प्रस्तुत ग्रंथ के परिशिष्ट में दिया गया है।

व्यक्तित्व एवं संस्मरण

किसना आढ़ा प्रभावशाली व्यक्तित्व का धनी था। प्रकृति से वह सहज, सरल, सात्विक एवं आध्यात्मिक था। उसके काव्य में शृंगारिकता हावी नहीं है, जहां पर भी शृंगार के दृश्य आये हैं वहां उसने अत्यन्त संयम से काम लिया है। मूलतः उसका स्वभाव धार्मिक, भक्ति प्रधान एवं आध्यात्मिक रहा है। भीम विलास में यत्र-तत्र देवी-देवताओं की स्तुतियां तथा रघुवरजसप्रकास में राम का गुणगान इसका उदाहरण हैं। पांचेटिया स्थित किसनाजी के पैतृक मकान में नृसिंहावतार का मंदिर बना हुआ है, किसनाजी इन नृसिंहावतार के परम भक्त थे। नृसिंह को वे इष्टदेव के रूप में स्वीकारते थे और उसी तरह उनकी उपासना भी करते थे। अपने इष्टदेव के प्रति इनका कितना विश्वास था, इस बारे में इनसे जुड़े कुछ संस्मरण आज भी इनके वंशजों में प्रचलित हैं।

एक बार महाराणा भीमसिंह पिछोला में नाव से सैर कर रहे थे, किसना जी उस समय उनके साथ थे। यकायक नाव पानी में डोलने लगी और नाव में पानी भर कर डूबने का भय पैदा हो गया। महाराणा के संकेत पर किसनाजी ने तत्काल अपने इष्टदेव का स्मरण किया और संकट टल गया।

इसी तरह एक बार वर्षा के मौसम की घटना है। एक व्यक्ति किसी काम से सिसोदा आया और अपने घोड़े को पास ही के वृक्ष से बांधने लगा, किसनाजी उस समय वही थे, उन्होंने उस व्यक्ति को अपने घोड़े को उस वृक्ष से बांधने के लिए मना किया, लेकिन उस व्यक्ति ने मना करने के बाद भी घोड़ा उस वृक्ष से बांध दिया। कुछ समय बाद बिजली वृक्ष पर गिरी और घोड़ा मर गया। इसी तरह की और भी घटनाएं प्रचलित है, इससे पता चलता है कि अपने इष्टदेव के प्रति किसनाजी का अटूट विश्वास था। कहा जाता है कि वे सिद्ध प्रवृत्ति के थे। पांचेटिया, सिसोदा आदि के आढ़ा परिवार में आज भी नृसिंह भगवान के प्रति काफी निष्ठा और भक्ति है। ये एक दूसरे से जब भी मिलते हैं या पत्र लिखते हैं तो आज भी ये 'जैनरसिंगजी' अभिवादन ही करते हैं।

अपने समय के मेवाड़ के चारण कवियों में किसनाजी सर्वाधिक प्रतिभा सम्पन्न और विद्वान थे, विभिन्न भाषाओं के ज्ञाता, लाक्षणिक ग्रंथों व काव्य शास्त्र में पारंगत थे। काव्य के प्रति सहज रूझान था। हुक्का पीने की उन्हें आदत अवश्य थी, लेकिन और कोई व्यसन नहीं था। एक बार किसनाजी के सम्पर्क में जो आता, वह हमेशा के लिए किसनाजी का हो जाता। महाराणा भीमसिंह और उनके उत्तराधिकारी महाराणा जवानसिंह दोनों इन पर अटूट विश्वास करते थे। तत्कालीन राजनीति की उठा-पटक से ये भली-भांति परिचित थे, इस कारण ये उसमें उलझते नहीं थे, लेकिन अवसर आने पर ये मेवाड़ के हित का सदैव ध्यान रखते थे। मेवाड़ पर जब दिलेर खां ने चढ़ाई की तो उसे समझाने के लिए महाराणा ने किसनाजी को ही भेजा और दोनों के मध्य समझौता कराया।[1] इस पर किसनाजी को 'शेरकूंची' नाम की तलवार भेंट में दी गई। तलवार पर 'कलमा' खुदा हुआ था और वह कलात्मक थी। यह तलवार अभी भी किसनाजी के वंशजों के पास है, इस सन्दर्भ में निम्न दोहा भी प्रचलित है—

की राणा अंजस करो, दिल सूं कह्यो दलेल।
आढो किसनो न आवतो, फेर देखता फेल॥

अपने परिजनों के प्रति भी किसनाजी में काफी ममत्व था। करणवास स्थित अपने भाइयों व सारणों का खेड़ा के जाटों का मामला इन्होंने सारणों का खेड़ा करणवास के भाइयों को दिलाकर निपटाया। इसी प्रकार पांचेटिया के अपने भाई-बन्धु एक बार आर्थिक संकट में आ गये तो उस संकट को किसनाजी ने ही हल किया, तब से ही किसनाजी को श्री रावलाऊ और 'किसन बावसी' के सम्बोधन से पुकारा जाता था। ये सम्बोधन किसनाजी की परम्परा में पाटवी पुत्र के लिए आज भी प्रचलित है।

इस प्रकार किसनाजी एक उच्च कोटि के कवि, प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व के धनी, चारणी मर्यादा के पोषक, इतिहासविद् और तत्कालीन दरबारी कवियों में प्रतिष्ठित थे।

भीम विलास

रचनाकाल

'भीम विलास' किसना आढ़ा का प्रथम काव्य ग्रन्थ है। इसकी रचना से पूर्व कवि ने फुटकर डिंगल गीत अवश्य लिखें किन्तु किसी बड़ी रचना का निर्माण नहीं किया। महाराणा भीमसिंह ने स्वयं अपने श्रीमुख से इस ग्रन्थ की रचना का आदेश दिया। इस आदेश की पालना करते हुए कवि ने इसकी रचना वि. सं. 1879 की वसंत ऋतु में चैत्र शुक्ला द्वितीया को की थी—

---

1. यह घटना कब की है, इस बारे में निश्चित तिथि उपलब्ध नहीं होती, ऐतिहासिक विवरणों में भी कोई उल्लेख नहीं मिलता। वि. सं. 1873 में दिलेर खां मेवाड़ में आया, संभवतः यह घटना तब की हो।

अष्टादस संमतह, वरस गुनयासी जानहुं ।
रित वसंत अरु चैत सुधि, दुतिया तिथ मानहुं ।।
भीम रांन करि कृपा, हुकंम श्रीमुख फुरमाइय ।
दूलह सुतन कवि किसंन, तांम यह ग्रंथ वनाइय ।।

शीर्षक

'भीम विलास' को इसकी उपलब्ध विभिन्न हस्तलिखित प्रतियों में 'रूपग', 'प्रकास' और 'विलास' के रूप में सम्वोधित किया गया हैं। इसलिये इस ग्रंथ के नाम या शीर्षक को लेकर भ्रम उत्पन्न हो जाता है कि इसका वास्तविक नाम क्या है ? स्वयं कवि ने ग्रन्थारम्भ करते हुए इसे 'रूपग' कहा है—

'क' प्रति 1. "अथ रूपग श्री श्री १०८ श्री दीवांणजी श्री भीमसींघजी को आढ़ा किसना कृत"[1]

'ग' प्रति 2. "अथ रूपक श्री श्री १०८ श्री दिवांणजी श्री भीमसिंघजी को आढ़ा कृष्णा कृत"[2]

'घ' प्रति 3. "अथ रूपग श्री श्री १०८ श्री दीवांणजी श्री भीमसिंघजी को आढ़ा किसना कृत"[3]

लेकिन एक प्रति में इसे प्रारम्भ और अन्त की पुष्पिका में दोनों स्थानों पर 'प्रकास' के रूप में वताया है—

'ख' प्रति 1. "अथ भीम प्रकास ग्रंथ हजुर श्री १०८ श्री श्री भीमसींगजी को आढा कसनजी को वणायो"[4]

2. "ईती ग्रंथ श्री १०८ श्री श्री दीवांणजी श्री भीमसींघजी को ग्रंथ भीम प्रकास आढा कसनजी को वणायो ....।"[5]

---

1. साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर में संग्रहीत हस्तलिखित ग्रंथ सं. 981, पत्र सं. 31 (व) प्रारम्भ का अंश ।
2. वही, ग्रन्थ सं. 123, पत्र सं. 1 प्रारम्भ (अ)
3. वही, ग्रन्थ सं. 286, पत्र सं. 1 प्रारम्भ (अ)
4. वही, ग्रन्थ सं. 290, पत्र सं. 1 प्रारम्भ (अ)
5. वही, ग्रन्थ सं. 290, पत्र सं. 125 (अ) अन्त की पुष्पिका ।

इस प्रकार 'भीम विलास' की 'ख' प्रति में इसे 'भीम प्रकास' के रूप में सम्बोधित किया है, किन्तु 'भीम प्रकास' नाम की एक और कृति रामदान लालस द्वारा रचित प्राप्त होती है।[1] इससे रामदान लालस और किसना आढ़ा दोनों की कृतियों में भ्रम पैदा होने की संभावना बनी रहती है, जबकि दोनों कृतियां अलग-अलग है।

इसके विपरीत स्वयं कवि ने महाराणा भीमसिंह द्वारा इस ग्रंथ को सुनकर, रीझकर, अधिक कृपा प्रदान करते हुए प्रसन्न होकर इस ग्रंथ का नाम 'भीम विलास' प्रकासित करने का स्पष्ट उल्लेख किया है—

सुनि रीझ भीम अरसिंघ सुत, कुरब क्रपा दत अधिक दिय।
यह ग्रंथ नांम सहुलास चित, 'भीम विलास' प्रकास किय ।।७७०।।

इसके आगे कवि ने ग्रंथ के अंत में मूलपाठ के अन्तर्गत ग्रंथ का रचनाकाल, ग्रंथ रचना का उद्देश्य, ग्रंथ की महिमा का वर्णन करते हुए तथा महाराणा भीमसिंह के पुत्र जवानसिंह का सन्दर्भ देते हुए इसे बार-बार 'विलास' के रूप में सम्बोधित किया है—

प्राकास सभार सरीत धरि, वरनाश्रंम कुल धरम द्रढि।
कवि किसंन बतावहि इक्कथल, पावहि 'भीम विलास' पढि ।।७७१।।

× × ×

तिथ्थ जात उगति जुगतिह त्रिगुन, गिर प्रसाद सुभ सबद मढि।
कवि किसंन बतावहि इक्कथल, पावहि 'भीम विलास' पढि ।।७७२।।

× × ×

भट असल स्वांमिध्रम करन द्रिढ, कमसल तिंन दाहक हियो।
कवि किसंन 'भीम विलास' गुन, भीम हुकम वर्णन कियो ।।७७३।।

× × ×

महारांन भीम निज पुत्र जु, अमर होहु आसीस दिय।
गुन 'भीम विलास' किसंन कवि, कीरत पुत्र प्रकास किय ।।७७४।।

इससे स्पष्ट होता है कि इस ग्रंथ का नाम या शीर्षक 'भीम विलास' ही है।[2] मोटे रूप में राजस्थानी साहित्य में रूपग, प्रकास और विलास तीनों को एक ही अर्थ में

---

1. डॉ. मेनारिया-राजस्थानी भाषा और साहित्य, पृ. सं. 268-69 (सन् 1978)
2. 'भीम विलास' नाम से ही एक और राजस्थानी का ऐतिहासिक काव्य ग्रंथ उपलब्ध होता है। यह शंकरराव कृत राजस्थान के नीमराना ठिकाना जिला अलवर के चौहानवंशीय राजा भीमसिंघ (1868-77 ई.) से सम्बन्धित है। इसमें कुल 197 छन्द है तथा डॉ. महावीर प्रसाद शर्मा ने इसका सम्पादन कर लोकभाषा प्रकाशन, कोटपूतली से सन् 1983 में प्रकाशित कराया है।

ग्रहण किया जाता हैं तथा ये तीनों चरित काव्य के लिये ही प्रयुक्त होते हैं। संस्कृत साहित्य में रूपग (रूपक) अवश्य नाट्य साहित्य के लिए प्रयोग किया जाता है किन्तु राजस्थानी में यह चरित काव्य के लिये ही रूढ है। इस प्रकार विभिन्न प्रतियों में उपयुक्त तीनों नाम तीन अलग-अलग कृतियों के सूचक नहीं है तथा नहीं एक ही कृति के तीन भिन्न-भिन्न नाम है अपितु तीनों नाम केवल एक ही कृति 'भीम विलास' के लिये प्रयुक्त हुए हैं।

हस्तलिखित प्रतियां

'भीम विलास' की चार हस्तलिखित प्रतियां उपलब्ध होती हैं और ये चारों साहित्य संस्थान के संग्रहालय में सुरक्षित हैं। इनकी हस्तलिखित ग्रंथ संख्या क्रमश: 123, 286, 290 और 981 हैं। सम्पादन की सुविधा की दृष्टि से इन चारों प्रतियों को क, ख, ग, और घ प्रति से नामांकित किया गया है। इन चारों प्रतियों में प्रति सं. 981 अर्थात् 'क' प्रति सबसे प्राचीन है और इसे ही पाठ सम्पादन में आधार प्रति के रूप में स्वीकार किया गया है। चारों प्रतियों का परिचय इस प्रकार है :—

'क' प्रति

यह प्रति किसना आढ़ा के वर्तमान वंशज श्री केसरीसिंह आढ़ा के सौजन्य से प्राप्त हुई है। यह मूल और आधार प्रति है। संस्थान के हस्तलिखित संग्रहालय में ग्रंथ सं. 981 पर दर्ज है। इस सम्पूर्ण प्रति में कुल पत्र संख्या 216 है। प्रति का आकार 32×24 से. मी. है। प्रति पृष्ठ 17-23 पंक्तियां हैं तथा प्रति पंक्ति 17-20 अक्षर हैं। इस प्रति की विशेषताएं निम्न है—

1- यह प्रति कवि के जीवनकाल में ही तैयार की गई प्रतीत होती है और उपलब्ध प्रतियों में सबसे प्राचीन प्रति है।

2- प्रतिलिपि करने के बाद कवि ने इसमें और भी घटनाएं और सामग्री बढ़ाई है। बढ़ाई गई सामग्री या तो ग्रंथ के हाशिये में अथवा ग्रंथ के ऊपर या नीचे की खाली जगह में लिखी गई है तथा जहां पर इस सामग्री को जोड़ना है, वहां पर प्राय: काली स्याही से $\overset{V}{\Lambda}$ का निशान लगाया गया है।

3-मूल प्रति के अंत में छंद संख्या 717 अंकित है, किन्तु स्थान-स्थान पर सामग्री बढ़ाने तथा प्रारम्भ में छंदों की संख्या की गड़बड़ी के कारण सम्पूर्ण कृति की छंद सं. 775 हो गई है।

4- छंदों में कहीं-कहीं पहले प्रयुक्त शब्द को हटाकर उसके बजाय हाशिये में दूसरा शब्द भी लिखा है और हटाये गये शब्द को '=' के निशान से चिन्हित कर दिया है। कहीं-कहीं पर पूरी पंक्ति को काट कर दूसरी पंक्ति लिखी गई है और कहीं-कहीं पर तो पात्रों के नाम भी बदल दिये गये हैं।

5- युद्ध वर्णन अथवा विवाह आदि अन्य प्रसंगों पर कवि ने जहां तत्कालीन सामन्तों, जागीरदारों, ठाकुरों, वीरों आदि के नाम दिये हैं, वहां पर उन नामों को स्पष्ट करने के लिए नाम के लगभग ऊपर इस व्यक्ति के गांव का, वंश का अथवा उसके पिता के नाम का उल्लेख भी उसकी पहचान को बताने के लिए कवि ने कर दिया है। ऐसा करते समय कहीं पर लाल तो कहीं पर काली स्याही का प्रयोग किया गया है।

6- प्रति के आरम्भ में 'त्योहार वर्णन' काव्य पत्र सं. 1 [अ] से 11 [ब] तक लिपिबद्ध है, जो अपूर्ण है। इसके बाद 'भीम विलास' को पत्र सं. 28 से आरम्भ कर, उसको छंद स. 6 तक लिख कर छोड़ दिया गया है, तत्पश्चात दो पत्र खाली है, फिर पत्र सं. 31 [ब] से 'भीम विलास' आरम्भ किया गया है जो पत्र सं. 207 [अ] पर जाकर समाप्त हुआ है। अन्त में पत्र सं. 208 [अ] से 210 [अ] तक फिर तेहवार वर्णन अंश लिपिबद्ध किया है। ग्रंथ में पत्र सं. 184 से 187 तक, 189 से 98 तक तथा 200 से 206 तक मूलपाठ एक ओर ही लिखा गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि ग्रंथ में बाद में और पत्ते जोड़े गये हैं। इस कारण प्रतिलिपि करने में यह गड़बड़ी हुई है।

7-इस कृति को स्थानीय घोसुण्डा के कागज पर लिखा गया है। इसकी जिल्द कच्ची है।

8-इस प्रति के पत्र सं. 184 पर स्याही गिर गई है, जिससे मूल पाठ को पढ़ने में असुविधा होती है।

9-लिपि सुपाठ्य है तथा पंक्ति खींचकर तत्कालीन देवनागरी लिपि में मूल पाठ लिखा गया है। छंद संख्या काली स्याही में अंकित है किन्तु छंद का नाम व शीर्षक लाल स्याही में अंकित है।

'ख' प्रति

संस्थान के हस्तलिखित संग्रहालय में ग्रंथ सं. 290 पर दर्ज है तथा यह कुल 125 पत्रों में समाप्त हुई है। इस प्रति का आकार 34×25 से. मी. है। प्रति पृष्ठ पंक्तियां 20-26 तक है एवं प्रति पंक्ति 16-25 तक अक्षर है। इस प्रति की निम्न विशेषताएं है—

1- यह प्रति 'क' प्रति से अपेक्षाकृत अर्वाचीन है। ग्रंथ के अन्त में वि. सं. 1935 ज्येष्ठ सुदी 15 बुधवार की पुष्पिका सात पंक्तियों में लाल स्याही में दी गई है। अन्त में आशिया खेतसिंह के हस्ताक्षर है।

2- प्रति के प्रारम्भ और अन्त में 'भीम विलास' के स्थान पर 'भीम प्रकास' नाम अंकित है।

3- प्रति में कुल छंद सं. 731 है।

4- इस प्रति में सामन्तों, जागीरदारों व ठाकुरों के नाम कहीं-कहीं पर वंश, गांव की पहचान देकर 'क' प्रति की तरह ही लिखा गया है तथा कहीं-कहीं पर और सामग्री बढ़ाई भी गई है, किन्तु 'क' प्रति की तरह संशोधन इसमें नहीं है।

5- प्रति के प्रत्येक पत्र में दोनों ओर लाल स्याही से हाशिया छोड़कर मूल पाठ लिखा गया है।

6- लिपि लगभग सुपाठ्य है तथा लाईन खींच कर देवनागरी लिपि में लिखी गई है। छंद संख्या काली स्याही में दर्ज है। छंद नाम और शीर्षक काली व लाल स्याही में मिलाजुला कर लिखा गया है।

7- कागज घोसुण्डा निर्मित है। जिल्द कपड़े का है किन्तु जीर्ण-शीर्ण हो गया है।

'ग' प्रति

यह प्रति संस्थान के हस्तलिखित संग्रहालय में ग्रंथ सं. 123 पर अंकित है। प्रति में कुल पत्र संख्या 120 तथा पृष्ठ संख्या 240 है। प्रति का आकार 34×21 से. मी. है। प्रति पृष्ठ 23 पंक्तियां है तथा प्रतिपंक्ति 17-25 अक्षर हैं। इस प्रति की विशेषताएं निम्नानुसार है—

1- यह प्रति 'ख' प्रति से भी बाद की प्रति है। इसके अन्त में इस प्रति का लिपिकाल वि.सं. 1964 फालगुन कृष्णा 8 मंगलवार तदनुसार 25 फरवरी, 1908 ई. दिया गया है। अन्त में लाल व काली स्याही में पुष्पिका दी गई है।

2- प्रति के अन्त में कुल छंद सं. 728 दी गई।

3- प्रतिलिपि लाल स्याही में हाशिया छोड़कर की गई है। छंद संख्या काली स्याही में और छंद नाम लाल स्याही में अंकित है।

4- लिपि साफ, सुन्दर व सुस्पष्ट देवनागरी है। शब्दों को तोड़कर आधुनिक ढंग से लिखा गया है।

5- कागज घोसुण्डा निर्मित नहीं है, मेवाड़ से बाहर का आयातित है। प्रति पक्की जिल्द में रजिस्टरनुमा है। जिल्द लाल रंग का है।

6- प्रति के अन्त में वि. सं. 1986 की शिवरती कचहरी की छाप लगी हुई है।

'घ' प्रति

यह प्रति संस्थान के हस्तलिखित संग्रहालय में ग्रंथ संख्या 286 पर अंकित है। इसमें कुल 202 पत्र हैं। प्रति का आकार 27 X 18 से. मी. है। प्रति पृष्ठ 19-21 पंक्तियां हैं तथा प्रति पंक्ति 8-20 अक्षर हैं। इस प्रति की निम्न विशेषताएं हैं—

1- यह प्रति सबसे आधुनिक और 'ग' प्रति से भी बाद की प्रति है। इसके अन्त में प्रति का लिपिकाल नहीं दिया गया है, लेकिन स्याही और अक्षरों की बनावट, कागज आदि से यह सबसे अर्वाचीन प्रति प्रतीत होती है।

2- प्रति के अन्त में कुल छंद सं. 717 दी गई है।

3- प्रति के दोनों ओर लाल स्याही से हांशिया छोड़कर लिखा गया है। छंद संख्या काली स्याही में और छंद नाम लाल स्याही में अंकित है।

4- लिपि साफ, सुन्दर और आधुनिक देवनागरी है। शब्दों को तोड़ कर वर्तमान शब्दों के अनुसार लिखा गया है।

5- कागज घोसुण्डा का नहीं है, बाहर का है, जिल्द बंधी हुई नहीं है। समस्त कागज खुले हैं अर्थात् दो-दो पत्र या चार पृष्ठ एक साथ मुड़े हुए हैं।

इन चारों प्रतियों के उपर्युक्त परिचय से स्पष्ट है कि 'क' प्रति ही सबसे प्राचीन है और कवि के वंशजों से प्राप्त मूल प्रति है, अतः इसे ही मूलपाठ के लिए आधार प्रति बनाया गया है। चूंकि शेष प्रतियां इसी प्रति की प्रतिलिपियां है, इस कारण मूलपाठ के साथ पाठान्तर नहीं दिया गया है।

ग्रंथ सार

ग्रंथ का आरम्भ करने से पूर्व सर्वप्रथम कवि गणपति, जानकीवल्लभ राम एवं गुरु को प्रणाम करते हुए दीवान श्री भीमसिंहजी पर रूपग लिखने का संकेत करता है तथा अपना नाम भी उद्धृत करता है, तत्पश्चात् कवि विभिन्न छन्दों में सरस्वती, रामचंद्र, कृष्ण, शिव एवं देवी की स्तुति करते हुए विष्णु की नाभि से ब्रह्मा के अवतरित होने तथा उसी से वंश चलने का संकेत करते हुए कवि महाराणा भीमसिंह के वंश को सूर्यवंशी और रघुवंशी बतलाता है। (छंद सं. 1 से 10)

इसके बाद कवि सूर्यवंश के शासकों का वर्णन नामोल्लेख के साथ करता है तथा उनका क्रम निम्नानुसार बताता है—

विष्णु, ब्रह्मा, मारीच, कश्यप, वइवस्तु, इक्ष्वाकु, विकुप, कुकुस्थ, अनेन, पृथु, विष्टगश्व, आर्द्र, जुवनाश्व, संभ्रम (श्रावस्त), वृहदश्व, धंधुमार, दृढाश्व, हर्यश्व,

निकुंभ, संहिताश्व, अकृशाश्व, जुवनाश्व (द्वितीय), मांधाता, पुरुकुत्स, संभूत, सुधन्वा, त्रिधन्वा, अय्यारूण, सत्यव्रत, हरिश्चन्द्र, रोहिताश्व, हूत, चंचमोह, सुदेव, विजय, रूरूक, व्रक, वाहुक, सगर, असमंजस, अंशुमान, दिलीप, भागीरथ, नाभंग, अम्बरीष, सिंधुदीप, अयुतायु, ऋतुपर्ण, सुदास, सौदास, अनेरण, अनमित्र, दिलीप, रघु, अज, दशरथ, राम, लव, अतिथ, निषध, नाभ, पुण्डरीक, क्षेमधन्वा, देवानीक, अनिक, पारिजात, वाल, वज्रनाभ, खटंग (शंरवण), वइध्रत, विश्वसह, हिरण्यनाभ, पुष्य, ध्रुव, सुदर्शन, अग्निवर्ण, सिंधिुराज, मरूत, सिंधिराज, अमर्ष, महस्वान, विश्वसा, प्रसेन, वलभद्र, वत्सवेद, प्रतिव्योम, भानु, सहदेव, व्रहदश्व, भानु, प्रतीकाश्व, सुप्रतीप, मरूदेव, सुनक्षत्र, पुष्कर, अंतरिक्ष, आतपत्र, अमित्रजित, व्रहदयोग, वहीं, कीर्तिजय, रंणजय, संजय, शाक्यराज, शुद्धोदन, लगल (राहुल), प्रसेनजित, क्षुद्रक, रिणक, सुरथ, सुमित्र, वज्रनाभ, महारथी, अंतरथ, अचलसेन, कनकसेन महासेन, विजयसेन, अजयसेन, अनंगसेन, मदनसेन, महिरथ और विजयभूप।

विजयभूप अयोध्या से दक्षिण में गया और जयंतपुर में राज्य किया, वहां निम्न शासक हुए—पद्मादित्य, शिवादित्य, हरदित्य, सुजसदित्य, शिवादित्य, शिलादित्य, शिलादित्य से आगे सात पीढी व्रह्मकुल में रही—केशवादित्य, नागादित्य, भोगादित्य, देवादित्य, आसादित्य, अमरादित्य और ग्रहादित्य। (11-29)

ग्रहादित्य के घर वापा अवतरित हुआ, इसने ऋषि को प्रसन्न कर वर पाया तथा मोर्य राजा को मारकर चित्तौड़गढ़ पर कब्जा किया। वापा रावल वड़ा वहादुर था, उसने चारों दिशाओं में अनेक क्षेत्रों को जीतकर दिग्विजय का झण्डा फहराया। वापा रावल का पुत्र खुमांण था। रावल खुमाण से लेकर महाराणा हमीर तक के शासकों का वर्णन कवि ने केवल संकेतात्मक किया है और इसमें नामों का क्रम भी सही नहीं है और पूरे नाम भी नहीं है। (30-39)

महाराणा हमीर के वाद क्रमशः क्षेत्रसिंह, लक्षसिंह, मोकल, कुंभा, रायमल, सांगा, उदयसिंह, प्रताप, अमरसिंह, कर्णसिंह, जगतसिंह, राजसिंह, जयसिंह, अमरसिंह द्वितीय, संग्रामसिंह द्वितीय, जगतसिंह द्वितीय, प्रतापसिंह द्वितीय, राजसिंह द्वितीय और अरिसिंह द्वितीय मेवाड़ के महाराणा पद पर आसीन हुए। (40-47)

महाराणा अरिसिंह के ज्येष्ठ कुंवर का नाम हमीर था। हमीर के दो बहनें, झाली रानी से चन्द्रकंवर और चावड़ी रानी से अनोपकंवर थी। झाली सिरदारकंवर पटरानी थी। इसके एक और पुत्र वि. सं. 1824 चैत्र वदि 7 गुरुवार को हुआ, उसका जन्म नाम जुगलसिंह था किन्तु माता-पिता ने उसे भीमसिंह नाम से पुकारा। भीमसिंह के जन्म पर खुशियां मनाई गई। कवि ने भीमसिंह की बाल सुलभ चेष्टाओं का विस्तार से वर्णन किया है। इसी क्रम में महाराणा अरिसिंह के शासन का वर्णन

है और अरिसिंह को ज्येष्ठ के सूर्य के समान तेज वाला वताया गया है। तत्पश्चात् देश-विदेश के अनेक प्रकार के घोड़ों तथा उनकी विशेषताओं का वर्णन किया है। (48-64)

अरिसिंह के गद्दी पर बैठने के बाद फतूर रतनसिंह का विवाद खड़ा हुआ। बहुत से सामन्त अरिसिंह के विरोधी हो गये और फतूर रतनसिंह को कुंभलगढ़ में मिथ्या वासुदेव के रूप में खड़ा किया। अपना पक्ष प्रबल करने के लिए रतनसिंह के समर्थक दक्षिण के सूबेदार माधवराव सिंधिया से जा मिले। इस पर अरिसिंह ने भी वनेड़े के राजसिंह, घाणेराव के वीरमदेव राठौड़, सलूम्बर का रावत पहाड़सिंह, रावत मानसिंह लालसिंघोत, शाहपुरा के राजा उम्मेदसिंह भारतसिंघोत, बिजोलिया का पंवार शुभकर्ण, झाला जालिमसिंह, बंबोरे का रावत कल्याणसिंह, मेहता अगरचन्द, राघोराम, दोला मियां आदि को सेना के साथ उज्जैन की ओर माधवराव सिंधिया को समझाने के लिए रवाना किया। इन सामन्तों ने माधवराव से मिलकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराया तथा रतनसिंह को मिथ्या होने की बात कही, लेकिन माधवराव सिंधिया नहीं माना। उज्जैन के पास क्षिप्रा नदी के तट पर युद्ध हुआ, जिसमें मेवाड़ के स्वामीभक्त सामन्तों में से पहाड़सिंह, उम्मेदसिंह, रायसिंह आदि मारे गये। मानसिंह, कल्याणसिंह आदि घायल हुए। माधवराव की तीन लाख सेना के समक्ष मेवाड़ की बीस हजार सेना कैसे ठहर सकती थी। मेवाड़ की पराजय हुई। (65-86)

वि. सं. 1825 में माधवराव सिंधिया उदयपुर पर चढ़ आया, उसने उदयपुर नगर पर घेरा डाला। महाराणा अरिसिंह ने शहरकोट के दरवाजों, मरहलों आदि पर प्रमुख सामन्तों, राजपूत व सिंधी सैनिकों को मय तोपों के साथ नियुक्त किया तथा शहर की चारों ओर से सुदृढ़ मोर्चाबन्दी की। कुछ विश्वस्त लोगों को महाराणा ने अपने पास रखा। बहुत दिनों तक घेरा चला, ब्रह्मपोल व किसनपोल पर युद्ध भी हुआ किन्तु माधवराव सिंधिया उदयपुर पर कब्जा न कर सका। अन्त में माधवराव ने कहलाया कि फतूर रतनसिंह सच्चा नहीं है और मेवाड़ का महाराणा अरिसिंह ही है। महाराणा ने माधवराव को घोड़े, खिलअत आदि देकर उसे मेवाड़ से विदा किया और संकट टल गया। (87-130)

महाराणा को माधवराव सिंधिया के साथ उलझा हुआ देखकर फतूर रतनसिंह जोगियों को साथ ले स्थान-स्थान पर उपद्रव करने लगा तथा लोगों से दण्ड वसूलने लगा। महाराणा को जब यह समाचार मिला तो उसने एक बड़ी सेना लेकर उस पर चढ़ाई करने की ठानी। उदयपुर से रवाना होकर महाराणा ने देलवाड़ा मुकाम किया। वहां से महाराणा चित्तौड़गढ़ की ओर बढ़ा। वि. सं. 1826 में टोपल नामक स्थान पर युद्ध हुआ, युद्ध में फतूर रतनसिंह की पराजय हुई। महाराणा उसके बाद उदयपुर आ गये और अपने पुत्र कुंवर हमीर एवं भीम को देखकर बहुत प्रसन्न हुए। (131-163)

वि. सं. 1827 के वैशाख मास में गुप्तचरों ने आकर महाराणा अरिसिंह को बताया कि फतूर रतनसिंह के पक्ष के शाहकुबेर, जोगी अमर व कुशाल तथा महता

सुरतसिंह ने दस हजार की सेना साथ लेकर गंगरार में मुकाम किया है और गांवों को लूट रहे हैं व उजाड़ रहे हैं। महाराणा उदयपुर की सुरक्षा का भार रावत भीम को सौंप, बाघसिंह को गोड़वाड़ की ओर रवाना करके स्वयं गंगरार रवाना हुए। दोनों सेनाओं में जबर्दस्त युद्ध हुआ। महाराणा के काका महाराज अर्जुनसिंह के शरीर पर पन्द्रह घाव हुए। फतूर रतनसिंह की सेना भाग खड़ी हुई और गंगरार दुर्ग में घुस गई। कुंवर देवीसिंह एक जती से यज्ञ करा रहा था, जती का सिर तोप के गोले से उड़ गया, देवीसिंह अरिसिंह के पैरों में गिर पड़ा। शाह कुवेर ने खंजर पेट में घोंपकर आत्महत्या कर ली। जोगियों ने फिर महाराणा के विरुद्ध युद्ध न करने की कसम खाई। महाराणा अटूण, ऊपरहेरा तथा कोंटूकोटा आदि को जीतते हुए, चित्तौड़ पर भी अपना अधिकार जमाया, वहां पर रावत भीम को मुकर्रर किया। इस समय महाराणा ने आढा पन्ना को करणवास गांव भेंट दिया, फिर महाराणा वापस उदयपुर आ गया (164-179)

वि. सं. 1828 के श्रावण मास में महाराणा माण्डलगढ़ तथा खेराड़ की ओर अपनी सेना के साथ रह रहा था, उस समय गुप्तचरों ने महाराणा को खबर दी कि जयपुर से जसवन्तसिंह चूण्डावत ने अपने पुत्र कुंवर सरूपसिंह के साथ समरू नाम के फिरंगी को बीस हजार की सेना के साथ मेवाड़ पर चढ़ाई करने भेजा है और तोपखाने के साथ उसने अजमेर में मुकाम किया। यह समाचार सुनते ही महाराणा ने खारी नदी पार कर के समरू की सेना पर अचानक आक्रमण किया। समरू की पराजय हुई, उसने क्षमा मांगी और वापस लौट गया। (180-188)

कुछ समय के बाद महाराणा अरिसिंह जहाजपुर के पास अपनी सेना सहित मुकाम कर आस पास में शिकार खेल रहा था, तब अजीतसिंह हाड़ा (बूंदी) ने धोखे से महाराणा पर तलवार से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। उस समय मनभावन नामक पासवान भी महाराणा के साथ सती हुई। अरिसिंह की इस प्रकार मृत्यु के बाद वि. सं 1829 चैत्र कृष्णा 3 को हमीरसिंह मेवाड़ की गद्दी पर बैठा। कुछ समय बाद वेतन नहीं मिलने के कारण सिंधि सिपाहियों ने महलों पर धरना दे दिया, चालीस दिन तक यह धरना चला, तब बाइजीराज (स्व. महाराणा अरिसिंह की रानी) ने शाह लखमा को भेजकर कुरावड़ के रावत अर्जुनसिंह को उदयपुर बुलाया। सिंधि सिपाहियों से बात कर जब तक वेतन का चुकारा न हो तब तक किसी को ओल (गारंटी) पर रखना तय हुआ, किंतु ओल पर रहने के लिए कोई तैयार नहीं हुआ, यह देखकर बालक भीमसिंह ओल पर रहने के लिए तैयार हो गया। अर्जुन रावत को साथ देकर भीमसिंह को ओल के रूप में चित्तौड़ भेजा, साथ में दस हजार सिंधि सिपाही भी गये। उस समय माधवराव सिंधिया का प्रतिनिधि बहिर तापगीर दस हजार की मराठी सेना को साथ रखकर चित्तौड़ के आसपास जोर-जबर्दस्ती से कर वसूल कर रहा था, बालक भीम के आदेश पर सिंधि सिपाहियों ने मराठी सेना पर

आक्रमण कर उसे भगा दिया। तब किलेदार रावत भीम बालक भीम को सिंधी सिपाहियों के साथ चित्तौड़गढ़ के किले पर ले गया। वहां पर दो वर्ष तक बालक भीम ओल पर रहा, सिंधी सिपाहियों को पट्टा आदि देकर शान्त किया, दो वर्ष बाद बालक भीम उदयपुर आया, उसे देखकर माता व भाई महाराणा हमीरसिंह बहुत प्रसन्न हुए। (189-206)

वि. सं. 1833 माघ कृष्णा 12 को किसनगढ़ के महाराजा बहादुरसिंह की पुत्री के साथ महाराणा हमीरसिंह का विवाह हुआ। बारात उदयपुर से शाहपुरा होती हुई किशनगढ़ पहुंची। शाहपुरा में राजा भीमसिंह ने हमीरसिंह की बहुत आवभगत की। किशनगढ़ से बहुत से हाथी, घोड़े, द्रव्य आदि देकर बारात को वापस रवाना किया। बारात जब नांदवेल पहुंची तो रावत भीमसिंह ने अन्य सामन्तों सहित महाराणा के पैर छू कर नजराणा किया। महाराणा उदयपुर आकर नाथद्वारा गया, वहां उसे समाचार मिला कि फतूर रतनसिंह का सहयोगी राघवदेव चूण्डावत कुंभलगढ़ की ओर जा रहा है। महाराणा हमीर नाथद्वारा से रीछेड गांव आया, युद्ध हुआ और राघवदेव पराजित होकर भाग गया। वहां से महाराणा गढ़बोर (चारभुजा) आया। चारभुजा के दर्शन किये, स्तुति की, हाथी-घोड़े आदि भेंटकर महाराणा उदयपुर आया। वि. सं. 1834 के मृगसिर मास में महाराणा शिकार हेतु गया, हिरण को देखकर बंदूक चलाई किन्तु बंदूक के फट जाने से हाथ का मांस निकल आया और उससे पोष सुदी अष्टमी को महाराणा का देहान्त हो गया, दाहसंस्कार के समय तीन खवासनें भी सती हुई। (207-237)

वि. सं. 1834 पोष सुदी 9 को सात घटी रात गये शुभ मुहूर्त में भीमसिंह मेवाड़ के राजसिंहासन पर आसीन हुआ। पुरोहित रामराय ने आकर तिलक किया, एकलिंगदास प्रधान ने झुककर प्रणाम किया तथा नजर-न्योछावर की। पन्ना आढ़ा आदि कवियों ने बधाई दी, और भी सामन्तों ने नजर अर्पित की। वि. सं. 1838 के चैत्र कृष्णा 13 को महाराणा देवगढ़ गये, वहां चित्तौड़गढ़ से रावत भीम आकर महाराणा से मिला, अन्य सामन्तों ने भी निजर-न्योछावर की। वहां से महाराणा नांदवेल पहुंचे किन्तु बोदरी माता (चेचक) निकल जाने के कारण महाराणा को तीन माह तक वहां विश्राम करना पड़ा, उसके बाद महाराणा भीमसिंह वापस उदयपुर आ गये। (238-255)

वि. सं. 1840 ज्येष्ठ कृष्णा 11 को महाराणा भीमसिंह का ईडर के राजा शिवसिंह की सुपुत्री के साथ विवाह होना निश्चित हुआ। चारों दिशाओं में निमंत्रण-पत्र भेजे गये। झाला जालिमसिंह ने माहेरा किया, माहेरा में जवाहरात, सिरपेच, मोतियों की माला, ढाल, तलवार, अंतहपुर की पहरावणी, बीस हजार रुपये रोकड़ आदि भेंट किये। महाराणा भीमसिंह विश्वस्त सामन्तों एवं एक हजार सैनिकों को

साथ लेकर ईडर के लिए रवाना हुए। पहला मुकाम तीतरड़ी किया। वहां से महाराणा डूंगरपुर होते हुए ईडर की ओर चले। महाराणा भीमसिंह की बारात बहुत आकर्षक एवं भव्य थी। राजा शिवसिंह ने ईडर से चार कोस दूर आकर महाराणा भीमसिंह की अगवानी की, नजर-न्योछावर की। दुल्हा भीमसिंह एवं दुल्हन का शृंगार किया गया। गीत गाये जाने लगे, वाद्य बजने लगे, दुल्हे ने तोरण मारा, फेरों में पहले तीन फेरों में दुल्हा आगे रहा, फिर चार फेरों में दुल्हन आगे रही। राजा शिवसिंह ने उसके बाद हाथ जोड़कर कन्यादान किया, सालाओं ने हथलेवा छुड़ाया। बड़ा भोज आयोजित हुआ, विविध व्यंजन बने, चारणों ने बधाई दी। दहेज में हाथी, घोड़े और बहुत सा द्रव्य देकर बारात रवाना की, इस तरह ईडर के राजा शिवसिंह राठोड़ ने अपनी कन्या अक्षयकुंवर का महाराणा भीमसिंह के साथ विवाह किया। बारात ईडर से चलकर देवगदाधर (सांमलाजी) आई, भीमसिंह ने देवगदाधर की स्तुति की। वहां से बारात डूंगरपुर आई। डूंगरपुर के रावल शिवसिंह ने भीमसिंह की बहुत आवभगत की। तत्पश्चात् बारात के उदयपुर आने पर उदयपुर में भव्य स्वागत किया गया, बधाइयां दी गई। (256-294)

वि. सं. 1842 में महाराणा भीमसिंह भींडर के लिए रवाना हुए, खेरोदा गांव के पास महाराणा ने शेर का शिकार किया। भीण्डर के मोहकमसिंह ने चार कोस आकर अगवानी की और नजर-न्योछावर किया। इसी समय कोटा का झाला जालमसिंह पांच हजार सैनिक लेकर महाराणा के पास आया। वि. सं. 1843 में भीमसिंह, अर्जुनसिंह, धीरतसिंह, पतो और सादल कृष्णविलास में आकर रहने लगे। राजकार्य सोमचंद गांधी सम्हाल रहा था। उस समय झाला जालमसिंह और भीण्डर के मोहकमसिंह का प्रभाव बढ़ता हुआ देखकर भीमसिंह चूण्डावत नाराज होकर गांव पलाना चला गया तब बाईराज (महाराणा अरिसिंह की रानी) पलाना गई और भीमसिंह चूण्डावत को समझाया। वहां से वे सब एकलिंगजी आये। यहां श्री एकलिंगजी, देवी विंध्यवासिनी और हारीतराशि की स्तुति की। रावत भीमसिंह एवं अर्जुनसिंह ने सलाह की कि सोमचंद गांधी के दिल में अभी भी कपट है अतः वे वहां से चित्तौड़ चले गये। (295-315)

वि. सं. 1844 के मार्गशीर्ष मास में मेहता मालदास को सादड़ी के राज सुल्तानसिंह, देलवाड़ा के राज कल्याणसिंह, रावत जालिमसिंह कानोड़, महाराज दौलतसिंह, राणावत कुशालसिंह तथा सिंधी जमादार सादक और पंजू के साथ और सेना देकर जावद के लिए रवाना किया तथा जावद को अपने अधिकार में कर लिया। मराठों ने जब यह सुना तो वे दस हजार की सेना लेकर चढ़ आये। घोर युद्ध हुआ और मेहता मालदास, कुशालसिंह, सादक एवं पंजू आदि योद्धा वीरगति को प्राप्त हुए। (316-321)

वि सं. 1848 में माधवराव सिंधिया और झाला जालिमसिंह दोनों साथ होकर उदयपुर आये तथा नाहरमगरा मुकाम किया। माधवराव ने जालमसिंह को उदयपुर भेजा।

उसने महाराणा से बात की। महाराणा भीमसिंह ने शिवदास व सतीदास को उदयपुर का भार सौंपा एवं अपने सामन्तों के साथ नाहरमगरा आये। वहां माधवराव ने महाराणा की दो कोस की अगवानी की और महाराणा के साथ अच्छा व्यवहार किया। इधर पठानों ने ड्योढ़ी पर धरना दे दिया। प्रधान शिवदास के प्रयास से पठानों को मार भगाया। नाहरमगरा से महाराणा भीमसिंह, माधवराव सिंधिया व झाला जालमसिंह को साथ लेकर चित्तौड़गढ़ पहुंचे तथा रावत भीमसिंह को चित्तौड़ खाली करने का कहलाया किन्तु उसने बात नहीं सुनी, चित्तौड़ का घेरा डाल दिया एवं दक्षिण की ओर मोर्चा खड़ा किया। रावत भीमसिंह ने बुद्धिमानी से काम लिया, अंबाजी इंगलिया के माध्यम से महाराणा से समझौता कर लिया। झाला जालिमसिंह व माधवराव को सीख देकर महाराणा उदयपुर आ गया। वि. सं. 1849 के वैशाख मास में महाराणा भीमसिंह ने ताणा के राज किशोरसिंह की पुत्री झाली से विवाह किया। (322-333)

माधवराव सिंधिया दक्षिण की ओर गया तब उसने अंबाजी इंगलिया को बीस हजार की सेना के साथ मेवाड़ में ही छोड़ दिया था। महाराणा ने प्रधान शिवदास व अंबाजी से सलाह कर कुंभलगढ़ से फतूर रतनसिंह को निकालने का निर्णय किया और शिवदास को रावत अर्जुनसिंह महता अगरचन्द, किशोरसिंह आदि के साथ सेना देकर कुंभलगढ़ रवाना किया एवं इन्होंने खमणोर में आकर मुकाम किया, वहां से घाणेराव के राठौड़ दुर्जनसिंह को पत्र द्वारा सूचित किया कि तुम घाणेराव की ओर से और हम खमणोर की ओर से बढ़कर कुंभलगढ़ पर आक्रमण करें। योजना के अनुसार मजेरा व केलवाड़ा होते हुए कुंभलगढ़ पर आक्रमण किया। फतूर रतनसिंह व उसके सहायक जोगी किला छोड़कर भाग खड़े हुए। कुंभलगढ़ पर महाराणा भीमसिंह का वि. सं. 1849 में अधिकार हो गया। (334-347)

वि. सं. 1850 में महाराणा भीमसिंह ने ईडर में दो विवाह एक साथ किये। प्रथम विवाह ईडर के राजा शिवसिंह की पुत्री गुलाबकुंवरी से तथा दूसरा भानसिंह की पुत्री उमाकुंवरी से किया। ईडर से महाराणा डूंगरपुर आया, यहां के महारावल से महाराणा ने तीन लाख रुपयों का दंड वसूल किया फिर माही नदी के तट पर आये, बांसवाड़ा के रावल विजयसिंह से भी तीन लाख रुपये लिए। प्रतापगढ़-देवलिया के सांवतराव से भी धरियावद का ठिकाना और तीन लाख रुपये वसूल किये। धरियावद को रघुनाथराव को पट्टे पर दे दिया। वि. सं. 1851 में राठौड़णजी गुलाबकुंवर से महाराणा भीमसिंह के कुंवर अमरसिंह का जन्म हुआ। (348-357)

फतूर रतनसिंह के सहयोगी जोगियों ने कुंभलगढ़ पर पुनः कब्जा करने का प्रयास किया। सात हजार की सेना के साथ आकर कटारगढ़ को घेर लिया। महाराणा ने यह समाचार सुना, उसने प्रधान शिवदास को हुक्म दिया। शिवदास कई

सामंतों को साथ लेकर कुंभलगढ़ गया और जोगियों के साथ युद्ध कर उन्हें भगा दिया। वि.सं. 1852 में गुमानभारती आठ हजार की सेना लेकर फिर कुंभलगढ़ पर आक्रमण करने चला, कोठारी नदी पर मुकाम किया। महाराणा को पता चला तो शिवदास को वापस कुंभलगढ़ भेजा। दोनों के बीच युद्ध हुआ और गुमानभारती मारा गया। इस घटना के बाद प्रधान शिवदास को अहंकार आ गया और स्वेच्छाचारी बर्ताव करने लगा। महाराणा ने शिवदास को कैद कर महता अगरचन्द को वि. सं. 1853 के मृगसिर मास में प्रधान पद पर नियुक्त किया। (358-369)

वि. सं. 1855 के ज्येष्ठ मास में महाराणा भीमसिंह ने ईडर में तीसरा विवाह ईडर के राजा गंभीरसिंह की बहन चंद्रकुंवरि के साथ किया। ईडर से लौटते हुए महाराणा ने डूंगरपुर, बांसवाड़ा से दण्ड लिया और देवलिया ने नजराना दिया। (370-372)

वि.सं. 1855 में ही अंबाजी इंगलिया के विरुद्ध प्रधान अगरचन्द को सेना देकर हम्मीरगढ़ पर आक्रमण हेतु भेजा। युद्ध हुआ, कुछ योद्धा वीरगति को प्राप्त हुए। गणेश-पंत दुर्ग खाली छोड़ करके चल दिया। दूसरा युद्ध मूसमूसी में भी हुआ। अम्बाजी इंगलिया तथा गणेशपंत ने गाडरमाला, गुरलां, हमीरगढ़, बिजोलिया से अपने थाने उठाकर उन्हें खाली कर दिया। जहाजपुर पर भी अगरचन्द ने अधिकार कर लिया और वह लौटकर उदयपुर आ गया। (373-374)

वि. सं. 1856 में बीकानेर के महाराजा सुरतानसिंह की पुत्री पदमकुंवरि के साथ महाराणा भीमसिंह ने एकलिंगजी में विवाह किया। बारात उदयपुर से एकलिंगजी गई। दहेज में महाराजा सुरतानसिंह ने दास, दासी, हाथी, घोड़े, आभूषण, वस्त्र दिये और संग में प्रधान मोतीराम को किया। इसी वर्ष भीमसिंह ने गुजरात के राजा चावड़ा जगपतसिंह की पुत्री चावड़ी से भी विवाह किया। (375-389)

वि.सं. 1857 मृगसिर शुक्ला 3 को गुलाबकुंवरि के गर्भ से मूल नक्षत्र में कुंवर जवानसिंह का जन्म हुआ। इस अवसर पर महाराणा ने हाथी, घोड़े, वस्त्राभूषण, गांव आदि भेंट में दिये। (390-399)

वि. सं. 1858 के माघ मास में जसवन्तराव होल्कर सेना लेकर नाथद्वारा पर चढ़ आया। नाथद्वारा के गुसांई गिरधरजी ने महाराणा को पत्र लिखा। महाराणा ने एकलिंगदास बोल्या के साथ अन्य सुभटों को देकर श्रीनाथजी को उदयपुर लाने के लिए नाथद्वारा भेजा। श्रीनाथजी ने ऊनवास गांव में आकर मुकाम किया। कोठारिया का चौहान विजयसिंह ऊनवास से वापस लौट रहा था, उस समय होल्कर की सेना से उसकी मुठभेड़ हो गई और वह वहीं वीरगति को प्राप्त हुआ। वहां से श्रीनाथजी

घसार गांव आये। महाराणा ने घसार आकर श्रीनाथजी की अगवानी की। घसार से श्रीनाथजी उदयपुर आये और दस मास तक उदयपुर रहकर अन्नकूट उदयपुर का करके श्रीनाथजी घसार जाकर विराजे। महाराणा ने गांव, आभूषण आदि भेंट में दिये। वि. सं. 1964 में श्री नाथजी वापस नाथद्वारा पधारे। वि. सं. 1858 में बालेराव गिरफ्तार हुआ। महाराणा ने बहुतसा धन लेकर जीवदया करके छोड़ दिया। वि.सं. 1960 में जसवन्तराव होल्कर ने नाहरमगरा आकर मुकाम किया किन्तु महाराणा ने यत्नपूर्वक उसे वापस रवाना कर दिया। (400-413)

वि. सं. 1860 के वैशाख मास में मराठा हरनाथ मेवाड़ में आया। बांसी के निकट उसने जासूस भेजकर गुलाबसिंह को कपट से अपनी ओर मिलाना चाहा किन्तु वह सफल नहीं हुआ, उसके बाद हरनाथ ने अपने भाई रतनसिंह को गुलाबसिंह के पास भेजा, दोनों में भयंकर युद्ध हुआ, रतनसिंह मारा गया, फिर हरनाथ व गुलाबसिंह के बीच युद्ध हुआ किन्तु वि.सं. 1860 वैशाख सुद 4 रविवार को गुलाबसिंह मारा गया। (414–424)

वि.सं. 1863 में महाराणा भीमसिंह उदयपुर की सुरक्षा का भार रावत भेरुसिंह और हमीरसिंह के जिम्मे सौंपकर सलूम्बर रावत पदमसिंह को लेने गये। यह अच्छा अवसर देखकर सखाराम और मोहब्बतराव मराठा ने दो हजार की सेना के साथ उदयपुर के लिए प्रस्थान किया तथा मावली में आकर मुकाम किया। भेरुसिंह रावत और कुंवर हमीरसिंह रावत दोनों काका-भतीजा को जब यह समाचार मिला तो हमीरसिंह केवल साठ सैनिक लेकर मराठों से युद्ध करने रवाना हुआ। युद्ध हुआ तथा हमीरसिंह का भाई मोहब्बतसिंह युद्ध में मारा गया। हमीरसिंह की विजय हुई, महाराणा जब उदयपुर आये और मराठों से विजय की सुनी तो प्रसन्न होकर हमीरसिंह को उन्होंने पट्टा दिया। (425–433)

वि. सं. 1864 में दौलतराव टिड्डी दल के समान एक लाख की सेना लेकर आकोला से आक्रमण के लिये उदयपुर की ओर बढ़ा तथा उदयसागर के नाले के किनारे आकर मुकाम किया। इस अवसर पर रावत शार्दूलसिंह ने स्वामीभक्ति का परिचय देते हुए दौलतराव को महाराणा से मिलाया, दौलतराव ने उदयपुर आकर जगनिवास व जगमंदिर देखे। महाराणा ने हाथी, घोड़े, वस्त्राभूषण आदि देकर दौलतराव को वापस रवाना कर दिया। वि. सं. 1866 आषाढ़ शुक्ला 5 को मीरखां (अमीरखां) दल-बल सहित मेवाड़ पर चढ़ आया। महाराणा ने रावत अजीतसिंह को उसके पास भेजा, वह समझा-बुझाकर मीरखां को महाराणा के पास लाया। मीरखां ने अपनी गलती के लिये महाराणा से माफी मांगी, महाराणा ने बहुत से हाथी, घोड़े देकर उसे विदा किया। (434-444)

वि. सं. 1869 में मेवाड़ में घोर दुर्भिक्ष पड़ा। अन्न के विना स्त्री ने पुरुष को और पुरुष ने अपनी स्त्री को छोड़ दिया। लोग अपने शरीर, घर-बार और सगे-सम्बन्धियों को भूल गये। अनाज औषधिवत हो गया तथा चारों ओर हाहाकार मच गया। इतने लोग मरे कि उनके शवों को जलाना या दफनाना तो दूर रहा, घसीटकर लेजाने वाला कोई नहीं था। जमीन पर मानव-मुण्ड इस तरह से विखरे हुए दिखाई देते थे जैसे नदी के अन्दर टोले (बड़े पत्थर) पड़े हुए नजर आते थे। इन्द्र ने अपना धर्म छोड़ दिया किन्तु महाराणा भीम ने इस घोर समय में अपना धर्म नहीं छोड़ा और दयालु होकर लोगों को जीवित रखा। इन्द्र के बारह मेघ रूठ गये, एक बूंद भी जल नहीं वरसा किन्तु महाराणा भीम ने तेरहवां मेघ बनकर जग का पालन कर दिया। (445-450)

वि. सं. 1970 चैत्र वदि 11 को महाराणा भीमसिंह, नवाव जमशेरखां तथा अपने दोनों कुंवर अमरसिंह व जवानसिंह को साथ लेकर मुल्क की व्यवस्था हेतु उदयपुर से रवाना हुए। नाथद्वारा, कांकरोली, राजनगर होते हुए आंविलीय (आमली) गांव में आकर मुकाम किया, यहां से दण्ड वसूल कर महाराणा गाडरमाला आये, यहां गोपालसिंह ने नजराणा किया। वहां से महाराणा हमीरगढ़ आया, साथ में प्रधान सतीदास भी था। यहां वीरम, किसोर व शार्दूलसिंह आकर पाय लगे। यहां से महाराणा बस्सी होते हुए चित्तौड़गढ़ आये। धीरतसिंह महाराणा के पास आया तथा महाराणा को किले पर ले गया, जहां महाराणा ने बहुत भक्तिभाव पूर्वक अन्नपूर्णा, नीलकंठ, कालिकादेवी, तथा कुंभश्याम के दर्शन किये, स्तुति की। महलों में आकर राजकार्य किया, प्रधान से सलाह की। (451-486)

महाराणा ने धीरतसिंह से चित्तौड़ खाली करवा लिया तथा कुंवर अमरसिंह को गढ़ सिपुर्द कर दुर्ग की तलहटी में अपने मुकाम पर आकर सामन्तों से सलाह की। इस पर नवाव जमशेरखां नाराज हो गया एवं अपना हक मांगने लगा। उस समय समस्त सामन्तों ने जमशेरखां के पास ओल पर रहने से इन्कार कर दिया किन्तु कुंवर जवानसिंह हाथ जोड़कर ओल पर रहने के लिए तैयार हो गया। महाराणा ने प्रधान सतीदास व अन्य सैनिकों को जवानसिंह के साथ रखा एवं स्वयं उदयपुर के लिए रवाना हुआ।

महाराणा उदयपुर में शार्दूलसिंह व धीरतसिंह के साथ आनन्द से रह रहा था, राजकार्य जयचन्द चला रहा था, किंतु महाराणा के दुःखों का कोई पारवार नहीं था। वि. सं. 1871 शुरु हुआ। रूस्तमवेग और महमदखां ने महलों की ड्योढ़ी पर धरना दिया लेकिन शार्दूलसिंह ने अपना सिर देकर उस संकट को समाप्त किया। इसी वर्ष वापू (सखाराम), जमशेर, दलेल साहिवजादा तथा हिम्मत वहादुर इन चारों की सेनाओं ने उदयपुर को घेर लिया व आस-पास के गांवों की प्रजा को लूटने लगे किंतु महाराणा भीम दृढ़ रहे तथा इन चारों को सेना सहित भगा दिया। (487-497)

वि. सं. 1872 में महाराणा भीमसिंह तथा उसके दोनों पुत्रों कुंवर अमरसिंह व जवानसिंह का विवाह कोटा में होना निश्चित हुआ। बारात चित्तौड़ होती हुई भैंसरोड़गढ़ पहुंची। यहां रावत रुघपतसिंह बारात को किले में ले गया तथा हाथी, घोड़े, वस्त्राभूषण आदि का नजराणा किया। यहां से बारात गिरधरपुर आई, जहां माधवसिंह ने भी हाथी, घोड़े, वस्त्राभूषण आदि दिये व नारियल प्रदान किया। यहां से बारात जगपुरा आई। जगपुरा से कुंवर जवानसिंह की बारात इंद्रगढ़ के लिए और महाराणा भीमसिंह व कुंवर अमरसिंह की कोटा के लिए रवाना हुई। कोटा के महाराव उम्मेदसिंह ने दो कोस तक आकर अगवानी की, साथ में उसके तीनों पुत्र किसोरसिंह, पृथ्वीसिंह और विष्णुसिंह भी थे। भीमसिंह का विवाह उम्मेदसिंह की पुत्री से, अमरसिंह का विष्णुसिंह की पुत्री से तथा जवानसिंह का उसके समवयस्क राजकुमारी से सम्पन्न हुआ। पन्द्रह दिन तक बारात ठहरी और बहुत मान-मनुहार होती रही। उस समय झाला जालमसिंह ने वहां आकर महाराणा का बहुत आदर सत्कार किया। दहेज में हाथी, घोड़, वस्त्राभूषण आदि दिये गये। बारात ने चम्बल नदी को पार कर जालमसिंह के गांव में आकर मुकाम किया, यहां उसने दावत दी, घोड़ आदि नजर किये। यहां से बिजोलिया होते हुए बारात माण्डलगढ़ आई। यहां कुंवर अमरसिंह ने महाराणा से चित्तौड़गढ़ चलने का निवेदन किया। महाराणा तीन दिन तक चित्तौड़ रहा, फिर कुंवर जवानसिंह के साथ उदयपुर आ गया।(498-515)

एक दिन महाराणा भीमसिंह ने प्रसन्न होकर राजनीति, वर्णाश्रमधर्म तथा षटगुण आदि के बारे में पूछा। इस पर कवि किसना ने बताया कि राजा को साम, दाम, दण्ड एवं भेद नीति से काम लेना चाहिए। राजा की उपमा माली से करते हुए बताया है कि माली जिस तरह बगीचे की रक्षा करता है, उसी तरह राजा को प्रजा की रक्षा करनी चाहिए। राजा के सात अंग होते है-स्वामी, प्रधान, दल, दुर्ग, देश, भंडार एवं मित्र। राजा में सबल शत्रु से संधि करना, विग्रह करना, युद्ध हेतु यात्रा करना, द्वैध कार्य-कहीं दोस्ती, कहीं घात करना, शत्रु के जोर को देखकर युद्ध नहीं करना, प्रबल शत्रु को आश्रय में लाने की क्षमता रखना आदि षट्गुण होने चाहिए। इससे भी बड़ा धर्म राजा द्वारा प्रजा का पालन करना है। राजा बिगड़ता है तो संसार बिगड़ता है और राजा सुधरता है तो संसार सुधरता है। इसके बाद ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र धर्म तथा चारों आश्रम-ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यासाश्रम का वर्णन किया गया है। (516-519)

वि. सं. 1873 में सिंधिया और बापू के धर्म विहीन होने पर रावत अजीतसिंह को अंग्रेजों से सहायता लेने के लिए कोटा से दिल्ली भेजा। दिल्ली से लाटसाह जरनेल(कर्नल टॉड)को सेना के साथ उदयपुर भेजा। इस सेना ने पिण्डारियों व मराठों को भगा दिया, उनके हाथी, घोड़े, तोपें आदि छीन ली। जसवंतराव भाऊ को जावद से भगा दिया। टॉड के साथ एक लाख की सेना थी, उसने हुरड़ा, रायपुर, राजनगर

कुंभलगढ़ आदि पर पुनः महाराणा का कब्जा करा दिया। झाला जालमसिंह से जहाजपुर छीन लिया। शिवलाल को प्रधान बनाया। मेरों का दमन करके भीमसिंह के नाम से भीमदुर्ग तथा टॉड के नाम से टाडगढ़ बसाया। लुटेरे, चोर, ठग सब समाप्त हो गये और बकरी व शेर एक घाट पानी पीने लगे। (520-523)

वि. सं. 1875 में महाराणा ने शिवलाल के स्थान पर रामसिंह को प्रधान बनाया। महाराणा रुग्ण हो गया, इस पर अफीम सेवन शुरु किया। इस समय महाराणा ने यह अनुभव किया कि माया जग ठगनी है, यही अच्छा-बुरा कराती है। उसने दान-पुन्य किया, कवियों को सिरोपाव दिये। महाराणा ने जगदीश मंदिर पर ध्वजादण्ड चढ़ाया। इस अवसर पर हाथी, घोड़े, मोती, दुशाला, कड़ा जोड़ी बीस, सौ पागें आदि भेंट दी। महाराणा ने तन्मय होकर जगन्नाथराय की स्तुति की। (524-544)

वि. सं. 1876 में महाराणा भीमसिंह ने ज्योतिषियों से पूछकर अपनी तीन पुत्रियों के विवाह का निश्चय किया। प्रधान रामसिंह को विवाह की तैयारियों व प्रबंध का आदेश दिया। बीकानेर के नरेश सूरतसिंह के पुत्र रतनसिंह के साथ अजबकंवर का, जैसलमेर के भाटी रावत रतनसिंह के साथ रूपकंवर का तथा किशनगढ़ के राजा कल्याणसिंह के पुत्र मोहकमसिंह के साथ राजकुमार अमरसिंह की पुत्री की बाई का सम्बन्ध किया गया। आसाढ़ वदि अष्टमी के लग्न निश्चित हुए। बीकानेर, जैसलमेर व किशनगढ़ अगवानी तथा बारात लेने के लिए महाराणा ने रावत जवानसिंह, मेहता गणेशनाथ और बारहठ कवि रामदान को भेजा गया। महाराणा ने कवियों को बुलाने के लिए निमंत्रण पत्र भेजे। चारण, भाट, ब्राह्मण, सायर, मोतीसर, रावल, बड़वा, शुक्ल, भोजग, लघा, ढाढी, मंगा, रानीमंगा, नट, भवाई, बहुरूपिया आदि बहुत से कवि व कलाकार उदयपुर आये। सिसोदिया, राठौड़, कछवाहा, चौहान, चावड़ा, तंवर, चालुक्य, बघेल, पंवार, ऊमट, चंदेल, गोहिल, देवड़ा, झाला, डोडिया, भाटी, परिहार, सोढ़ा आदि समस्त क्षत्रिय, मेवाड़ के सोलह उमराव एवं अन्य सामन्तगण विवाह में आकर शरीक हुए। सबसे पहले बीकानेर की बारात आई और उसे कृष्णविलास महल में ठहराई, उसके बाद किशनगढ़ से बारात आई एवं उसे हरसिद्धि के पास ठहराया। सबसे अन्त में जैसलमेर से बारात आई। विधिपूर्वक विवाह सम्पन्न हुआ। अनेक प्रकार के भोजन से युक्त जिमनार की गई। कवियों को दान दिया, तीनों बारातों को अनेक प्रकार का दहेज देकर विदा की। (545-581)

विवाह के इस अवसर पर आये कवियों ने डिंगल भाषा में गीत, कवित, निसांणी आदि छंदों के माध्यम से महाराणा भीमसिंह के यश का विस्तार से गुणगान किया, व्याह की प्रशंसा की तथा महाराणा के त्याग को सराहा। (582-615)

वि. सं 1877 में शिवलाल (गलूंडिया) को प्रधान के पद पर नियुक्त किया। रावत अजीतसिंह ने महाराणा भीमसिंह से अर्ज की कि उसने आजन्म महाराणा की

सेवा की है। अब अन्तिम समय नजदीक आ रहा है, काशीवास करने की इच्छा है। महाराणा ने अजीतसिंह की इच्छा का आदर कर उसे काशीवास की स्वीकृति दी। (616-620)

वि. सं. 1878 वैशाख वदि 13 को महाराजकुमार जवानसिंह का विवाह बांधूगढ़ (रीवां) के राजा जयसिंह बघेला की पुत्री के साथ होना निश्चित हुआ। जयसिंह के मंत्री ने आकर महाराणा को हाथी, घोड़े, वस्त्र, श्रीफल आदि इस अवसर पर भेंट किये। प्रमुख सामंतों को साथ लेकर जवानसिंह की बारात भीण्डर होती हुई चित्तौड़गढ़ पहुंची। यहां पर अन्नपूर्णादेवी, शिव, कालिका, कुंभश्याम आदि के दर्शन किये और स्तुति की। चित्तौड़ से चलकर बारात बांधूगढ़ के लिए रवाना हुई। रीवां दुर्ग के पास बारात पहुंची तो चार कोस आकर श्वसुर जयसिंह ने हाथी से उतर कर अपने जवांई का स्वागत किया। शुभ मुहूर्त पर विवाह सम्पन्न हुआ, भांति-भांति के भोजन हुए, कवियों ने यशगान किया। हाथी, घोड़े, दास, दासी, द्रव्य आदि दहेज में देकर गद्‌गद् कंठ और सजल नयनों से जयसिंह नरेश ने बारात को विदा की। जयसिंह के तीनों पुत्र-विश्वनाथसिंह, लिछमनसिंह, बलिभद्रसिंह बारात को तमसा नदी के तट पर पहुंचाने आये। यहां प्रथम मुकाम किया। वर्षा ऋतु आ गई, नदी में पानी आ गया। जवानसिंह ने नदी की पूजा-अर्चना की तब नदी का पानी कम हुआ। (621-655)

फिर बारात चित्रकूट आई और यहां दस दिन तक जवानसिंह दल-बल सहित ठहरे, गिरराज की यात्रा की, रघुराम के दर्शन किये। मंदाकिनी नदी में स्नान किया। रामलला के दर्शन किये। इसी क्रम में हनुमंतधार, अनसूया, कामतानाथ, कोट्यतीर्थ, रामशिला, फटिकशिला, जगदेवी आदि के दर्शन,-स्नान करते हुए प्रयागराज की ओर कूंच किया। रास्ते में राजपुरघाट पर आठ दिन का मुकाम किया, हनुमंत के दर्शन किये, कालिंदी में स्नान किया और तुलसीदास आश्रम में विश्राम किया। यहां से प्रयागराज आये और छः दिन का मुकाम किया, त्रिवेणी स्नान किया, गंगा-यमुना-सरस्वती की स्तुति की। वेणीमाधव के दर्शन कर द्रव्यादि भेंट चढ़ाया, भारद्वाज ऋषि के दर्शन किये। गंगा स्नान कर एक हाथी गुरुराज को भेंट किया एवं गंगा की स्तुति की। यहां से तीर्थराज काशी आये और विश्वनाथ के दर्शन किये। यहां पर अंग्रेज अधिकारी तथा रावत अजीतसिंह ने पांच कोस आकर कुंवर जवानसिंह की अगवानी की। राणपुरा में मुकाम किया, काशी विश्वनाथ की स्तुति की और एक हाथी भेंट किया। ज्ञान वापी, मनिकर्णिकाघाट, जगन्नाथश्याम के दर्शन करते हुए, रावत अजीतसिंह के साथ तेरह दिन तक रहकर चौदहवें दिन कौड़ियदेव के लिए रवाना हुए, तीन दिन मुकाम किया, विंध्यवासिनी देवी की स्तुति की। (656-682)

जवानसिंह फिर प्रयागराज होते हुए व्रज की यात्रा के लिए आये। यहां हरिराय, बलदेव, गोकल, महावन, तपोवन के दर्शन करते हुए मथुरा में आकर चार दिन तक

विश्राम किया। कालिंदी में स्नान किया, गुरु दयालदास चौबे को एक हाथी दान किया और विश्रामघाट पर विश्राम करके वृन्दावन में आकर दस दिन का मुकाम किया। जगन्नाथ, कालीद्रह, धीर-समीर (यमुना की धारा), बंशीवट, दयानिधि श्री राधा-वल्लभ, गोवर्धन पर्वत,राधाकुण्ड, बरसाना, नंदगांव आदि की यात्रा, दर्शन व परिक्रमा की।

व्रज से पुष्कर आये। स्नान कर ब्रह्मा व वाराहदेव मंदिर में जाकर दर्शन किये; द्रव्य-हाथी आदि भेंट किये। यहां से आसिंद, बदनोर, आमेट होते हुए गढ़बोर आये, दर्शन-स्तुति कर चारभुजाजी को भेंटादि दी, दूसरे दिन रूपनारायणजी के दर्शन किये और हाथी, घोड़े, द्रव्य आदि भेंट दिये। यहां से कुंभलगढ़, राजनगर, द्वारकाधीश कांकरोली, नाथद्वारा होते हुए मकर सक्रांति पर्व पर एकलिंगजी आये; हाथी, घोड़े, द्रव्य आदि भेंट किया और दर्शन-स्तुति की। रात्रि विश्राम कर प्रातः उठकर जवान-सिंह ने दुल्हा के वस्त्र धारण किये एवं दूत को उदयपुर भेजा। पुत्र के आने का सुनकर महाराणा भीम बहुत प्रसन्न हुए, अन्तःपुर में भी हर्ष उत्पन्न हो गया, नगर में भी उल्लास छा गया। महाराणा पुत्र को लेने और पुत्र पिता से मिलने चले। महलों में आकर दुल्हन ने सास, ससुर के पैर छुए, गुरुजन को प्रणाम किया। इस प्रकार कुंवर जवानसिंह वांधूगढ़ से विवाह कर उदयपुर आये, नगर में आनन्द छा गया। इस समय वसंत ऋतु भी आ गई। (683-697)

षट् ऋतुओं का वर्णन करते हुए कवि ने वंसत को ऋतुराज बताया है। वसंत ऋतु के आते ही वृक्ष पुष्पों के भार से झूम रहे है। भ्रमरों का समूह उड़ रहा है। हंस प्रसन्न हैं, हाथी मदमत्त हैं, कामदेव उद्दीप्त है, संयोग व भोग का वातावरण है। गुलाब व कदंब विकसित हो गये हैं, पुष्पों से मकरंद झर रहा है। नर-नारी 'हो-हो-होरी' शब्द का उच्चारण करते हुए फाग खेल रहे हैं, डफ, मृदंग, चंग घर-घर बज रहे हैं। ऋतुराज वसंत का जग पर शासन है। कुंवर जवानसिंह अन्तःपुर में फाग खेल रहे हैं। रानियों ने सोलह शृंगार किया हैं, उसका वर्णन करते हुए मन में संकोच होता है। ऐसा लग रहा है जैसे अप्सराएं धरती पर उतर आई हैं। हजार जिव्हाएं हो तो भी उनके नख-शिख का वर्णन कर पाना संभव नहीं है। एक ओर महा-राणा व कुंवर जवानसिंह दोनों है, उधर हजार नारियां व्रजमण्डल के व्रजराज तथा गोपियों की तरह हैं। अबीर, गुलाल व रंग भरी पिचकारियों से फाग खेली जा रही है। इस तरह रात-दिन सुख का वातावरण है। (698-706)

वसंत के बाद ग्रीष्म ऋतु आ गई। जल, थल, पवन, नभ सब अग्नि के समान बर्ताव कर रहे हैं। तालाबों में पानी सूख गया है। मछलियां, कछुए तड़फ रहे हैं। आकाश में चक्रवात से धुंध व्याप्त हो रही है। चारों ही तत्व तेज प्रकृति के बन गये

हैं। घर से बाहर कोई नहीं निकल रहा है। औरों की तो क्या बात स्वयं सूर्य भी वृक्ष की छाया के सहारे आ गया है। द्रोपदी के चीर की तरह दिन लम्बा हो गया है। ऐसे समय में महाराणा भीमसिंह ने जल विहार का मन किया। बगीचों के मध्य हौज भरने का हुक्म दिया। बगीचे बहुत है किंतु उनसे सहेली का बाग, नोलखा, सर्वऋतु विलास उनमें प्रमुख है। इंद्र का नंदन वन भी इनके सामने कुछ भी नहीं है। महलों के पश्चिम में पिछोला है। यहां अथाह जल है और उसका स्वभाव क्षीर समुद्र जैसा है। पिछोले में मछलियां, कछुए, बतक, हंस, सारस आदि विचर रहे हैं। इंद्र के विमान की तरह सुन्दर नावें है। घाटों पर नारियां पानी भर रही है। उनका शृंगार अत्यन्त सुन्दर है। इसी पिछोले के मध्य में महाराणा जगतसिंह द्वारा बनाया हुआ महल है। एक जगनिवास और दूसरा जगमंदिर है। ऊंचे गवाक्ष हैं, अन्दर फव्वारे हैं, सुन्दर बाग हैं, वे मानसरोवर के मध्य कैलाश पर्वत के सदृश हैं। स्थान-स्थान पर शीतल जल से नहरें व होज भर दिये हैं। महाराणा भीमसिंह उनमें जल विहार कर रहे हैं। वे अत्तर गुलाब का मर्दन कराते हैं, अंगूर के आसव का पान करते हैं। मोतियों की माला धारण कर रखी है, पीले व केसर रंग के वस्त्र धारण करते हैं, सारंग राग का श्रवण करते है। इसी क्रम में प्रतिदिन प्रातः उठकर योग क्रिया करके सूर्य-दर्शन करते हैं, स्नान करते हैं और हाथ जोड़, सिर झुकाकर बाणनाथ की अर्चना करते हैं। इस तरह आनन्द करते हुए वर्षा ऋतु आ जाती है। (707-723)

वर्षा ऋतु आते ही आपाढ़ में बादलों की घटायें आकाश में छा जाती है, गर्जना होती है। कृषि कर्म शुरु हो गया है, मोर नाचने लगते हैं, दसों दिशाओं में बिजली चमकती है। झरोखे में बैठ कर महाराणा भीमसिंह वर्षा ऋतु का आनन्द लेते है। श्रावण मनभावन है। श्रावण भाद्रपद की तीज का उत्सव होता है। महाराणा ब्रह्म ऋतु मुहूर्त में उठकर गाय के दर्शन करते हैं। यों पावस ऋतु समाप्त होती है और शरद आती है। (724-726)

शरद ऋतु सतयुग की तरह आती है। रात्रि में चन्द्रमा वृक्षों पर अमृत वर्षा करता है। कामदेव उद्दीप्त हो रहा है। दम्पतियों में स्नेह बढ़ रहा है। आश्विन मास के प्रथम पक्ष में पितरों का घर पर आगमन होता है। पुत्रादि पिण्डदान करते हैं। द्वितीय पक्ष में नवरात्रि आती है। खड़ग की स्थापना होती है। दुर्गा की अर्चना की जाती है। महाराणा भीमसिंह अपने पुत्र सहित अम्बामाताजी को झुककर प्रणाम करते हैं, स्तुति करते हैं। उदयपुर निवासिनी अम्बामाता की प्रदक्षिणा कर पांच भैंसे व दो बकरों की बलि चढ़ाते हैं। तीसरे तीन हरसिद्धि देवी के दर्शन करते हैं। दो बकरे व पांच भैंसे चढ़ाते हैं। (727-735)

हेमंत ऋतु के आते ही दिन छोटे और रात्रि बड़ी होने लगती है। सूर्य की किरणों का ताप मंद हो जाता है, चन्द्रमा की द्युति बढ़ जाती है। महाराणा महलों

में विश्राम करते हैं। अगर-धूप की सुगंध सुख देती है। आसव, दाख, लवंग, गजक आदि का सेवन करते हैं। इस तरह सुहावनी हेमंत ऋतु के आते ही महाराणा का शिकार पर जाने का मन होता है। महाराणा भीमसिंह और कुंवर जवानसिंह शिकार के लिए रवाना होते हैं। सूरजमल, दुल्लह रावत, मोहब्बतसिंह, गुलाबसिंह, एकलिंग-दास, मोतीराम आदि भी साथ में जाते हैं। विलायत के असली कुत्ते को भी साथ में लेते हैं। वाराह, वाघा आदि शिकार करते हैं। इस तरह महाराणा हेमंत ऋतु व्यतीत करते है। (736-741)

शिशिर ऋतु के आते ही सूर्य मकर से हटना शुरु हो जाता। दिन बड़े व रात्रि छोटी होने लगती है, दंपतियों में स्नेह बढ़ता है। महाराणा भीमसिंह शिशिर ऋतु में इन्द्र के समान सुख भोगते हैं। सर्दी कम हो जाती है। फिर फागुन मास आ जाता है। फाग खेलने की तैयारी होती है, तब तक पुनः बसंत ऋतु भी आ जाती है। इस तरह महाराणा भीमसिंह षट् ऋतुओं का आनन्द लेते हैं। (742-745)

इस तरह महाराणा भीमसिंह राज्य कर रहे हैं। प्रधान महाराणा के हुक्म के पालन में तत्पर रहते हैं। चतुरंगणी सेना शत्रुओं को दण्ड देकर पैरों में सिर झुकाने में समर्थ हैं। प्रजा में सुख व्याप्त है, देश आबाद है, भण्डार भरे हुए हैं। भीमसिंह के पुत्र कुंवर जवानसिंह धर्म के अंकुर व्याप्त है, वह भूमि रक्षा में सहायक है। पिता की आज्ञा का पालन करने में सदा तैयार रहता है। वह छत्तीस शास्त्र की विद्या में प्रवीण है। नौ रस, छः भाषा, अलंकार, पिंगल, प्रबंध, छंद, नायक-नायिका भेद आदि का ज्ञाता है। राजधर्म में निपुण है। भीमसिंह के ऐसे पुत्र जवानसिंह के दो बहने चंद्रकंवर और अनोपकंवर हैं। दोनों गंगाजल के समान पवित्र हैं। भीमसिंह की रानियां रूक्मणी, सीता और सत्यभामा के समान है। माता दया की खान है। राधा के समान पासवाने हैं। भाई लक्ष्मण के सदृश है (446)

महाराणा भीमसिंह ने कुल सत्रह विवाह किये, उन रानियों के नाम, वंश पिता और स्थान के नामों का वर्णन कवि इस प्रकार करता है—

क्र.सं.	रानियों का नाम	पिता का नाम	वंश	स्थान
1.	अक्षयकंवर	शिवसिंह	राठोड़	ईडर
2.	जैत कंवर	रावल जयसिंह	भाटी	जैसलमेर
3.	रतनकंवर	सुरतानसिंह	राठोड़	बीकानेर
4.	रूपकंवर	जसवंतसिंह	झाला	हलवद
5.	लालकंवर	—	भाटी	—

6.	कुसलकंवर	चांदसिंह	वाघेल	गांगरगढ़
7.	सौभाग्यकंवर	सरदारसिंह	झाला	ताणा
8.	गुलाबकंवर	जगतसिंह	चावड़ा	वरसोर, कुंवर जवानसिंह का जन्म
9.	गुलाबकंवर	शिवसिंह	राठौड़	ईडर, कुंवर अमरसिंह का जन्म
10.	उमाकंवर	भवानीसिंह	राठौड़	ईडर
11.	सरदारकंवर	राव वेरिसाल का भाई रतनसिंह	—	शिवपुरी
12.	चांदकंवर	भवानीसिंह	राठौड़	ईडर
13.	पदमकंवर	गजसिंह पुत्र सुरतानसिंह	राठौड़	बीकानेर
14.	व्रजकंवर	अरिसिंह	झाला	लगतर
15.	तखतकंवर	—	पंवार	सिरोही
16.	सूरजकंवर	राजा दानसिंह	भाटी	ईस (गांव) मांडू
17.	किसोरकंवर	महाराव उम्मेदसिंह	हाड़ा	कोटा

भीमसिंह की ये सत्रह रानियां पतिव्रता, शीलव्रता, रूपवती, स्वामी के हुक्म में रहने वाली, उदारचित, कवियों को दान देने वाली, माता के समान पालन-पोषण करने वाली और सावित्री व उमा के समान हैं। इन रानियों के अलावा महाराणा के चार पासवान क्रमशः लाडू, मग्नराय, रंगभीनी और मोती हैं। (747-748)

इसके बाद कवि ने हाथी, घोड़ों, राजमहल, चतुरवर्ण आदि का विस्तार से वर्णन किया है। महाराणा भीमसिंह के यहां जंजीरों से बंधे हुए मदमत्त हाथी हैं, वे इन्द्र के ऐरावत हाथी के सदृश है। रंग से काले हैं, बगुलों की पंक्ति के समान उनके उज्ज्वल-धवल दांत है। घुड़साल में अच्छी गति, लक्षण व जाति के हृष्ट-पुष्ट घोड़े हैं। ये घोड़े चीन, बलख्ख, बुखारा, काबुल, कंधार, कच्छ, मुलतान, बंग, काश्मीर, करनाटक आदि क्षेत्रों के हैं। ये विविध रंगों के हैं। दौड़ने में इतने तेज हैं कि वायु भी इनकी बराबरी नहीं कर सकती है। (749-753)

महाराणा भीमसिंह इसतरह छत्र धारण कर राज कर रहे हैं; हाथी, घोड़ों, रथ आदि का पार नहीं हैं। इसी समय अंग्रेज अफसर गाफसाहृ (कप्तान कॉब) आया। उसके शासन प्रबन्ध सम्हालने से उदयपुर के चारों ओर सुख व्याप्त हो गया।

महाराणा का निवास सात खण्ड का है, श्वेत आरास से पुता हुआ है, ऊंचे गवाक्ष है, कांचमहल की शोभा अनुपम है। गलिचे बीछे हुए हैं, उन पर पांच रंगों के बेलबूंटे हैं। नगर के ऊंचे-ऊंचे आवास हैं, चारों वर्ण नव निधियों से युक्त है। ब्राह्मण वेद पाठ करते हैं; ज्योतिष, कर्मकाण्ड, रामचरित महाभारत, पूजा-पाठ आदि के पठन-

पाठन में तल्लीन रहते हैं। छत्तीस वंशों के क्षत्रिय भी यहां निवास करते हैं। अपने कुलधर्म के अनुसार शस्त्रों का अभ्यास करते हैं। कुश्ती, कवायद, लेजम आदि में संलग्न है। तलवार, तीर, बंदूक चलाना, घुड़सवारी करना सीखते हैं, साथ ही वे विष्णु, शिव, भैरव, चंडी आदि की आराधना भी करते हैं। उदयपुर में लक्षणवान वैश्य भी हैं, उनका वैभव अनन्त हैं। वैश्यों की बाजार में दोनों ओर दुकाने हैं, द्रौपदी का चीर भी उन दुकानों का पार नहीं पा सकता। दुकानों के फर्श पर श्वेत गदेले लगे हैं, उन पर वे बैठकर व्यापार करते हैं। जवाहिरात की दुकाने हैं, सर्राफ व बजाज की दुकाने हैं। रंगरेज, चित्रकार, स्वर्णकार, लौहार, सिकलीघर, हलवाई, मालिन, अत्तर विक्रेता, तम्बोली आदि अपने-अपने काम में व्यस्त हैं। जैन धर्मानुभाई भी हैं। वे अपने धर्म में दृढ़ हैं, मंदिरों में जाकर दर्शन करते हैं, जतियों की वंदना करते हैं। नवकार मंत्र का और भक्ताभर का पाठ करते हैं। गुरुओं के मुख से व्याख्यान व कल्पसुत्र सुनते हैं। वे दयाधर्म में रत है। इसीतरह तीनों वर्णों की सेवा में चतुर्थ वर्ण शूद्र भी उदयपुर में निवास करते हैं।

नगर में कहीं हाथी घूम रहे हैं, कहीं घोड़ों को चाबुक मारते ही वे हरिन के समान दौड़ पड़ते हैं। कहीं पर नटों का खेल हो रहा हैं और आबाल-वृद्ध सभी देख रहे हैं। कहीं कवायद हो रहीं हैं तो कहीं पर मस्जिदों में नमाज पढ़ी जा रही है। कहीं पर स्त्रियां मधुर कंठ से इसतरह से गीत गा रही है मानो आम बृक्ष पर बैठी कोयल कुहुक रही हो। आकाश में अप्सराएं रास्ता भटक गई हो उसतरह नारियां पानी के मटके लेकर आ-जा रही हैं। कहीं पर वाटिकाओं में वृक्षों की डालियां फलों के भार से भूमि को छू रही है। मालती व चम्पा के गुच्छे दिखाई दे रहे हैं। कहीं पर डार पकी अनार दड़क गई है। दाख-अंगूर की बेल हैं। नारियल, बदाम, छुहारा, इलायची, लवंग, अंजीर, सेव, अखरोट, नाशपाती, सुपारी, केला, चारोली, आम्र, जामुन, अशोक, रायण, शहतूत, निवू, चिलगोजा, नारंगी, बिजोरा, चंदन, मोगरा, गुलाब, केतकी, केवड़ा आदि के वृक्ष व लताएं सुशोभित हैं, वातावरण को सुगंधित बना रही है। कुएं व बावड़ी पर रहट चल रहे हैं, नहरों में पानी बह रहा है। उदयपुर के चारों ओर के बागों की ऐसी छटा निराली है जो इन्द्र के नंदन वन के समकक्ष है। (754-757)

द्वारिका में गिरधारी (कृष्ण) और अयोध्या में राघव (राम) के समान उदयपुर में दीवान भीमसिंह राज्य कर रहे हैं। घर-घर में चारों वर्ण सुखपूर्वक एवं सूचितापूर्ण निवास कर रहे हैं। उनके यहां नवों निधियां और आठों सिद्धियों का अपार वैभव है। दशानन का नाश करने वाले उसी रघुवर के तख्त पर रावल बापा, समरसिंह, हमीरसिंह, क्षेत्रसिंह, मोकल, कुंभा, प्रतापसिंह, अमरसिंह, जगतसिंह आदि सुशोभित हुए और उसी तख्त पर अब हिंदूकुल सूर्य महाराणा भीमसिंह आरूढ़ होकर राज्य कर रहे हैं। (758-760)

वि. सं. 1879 में कप्तान कॉव मेवाड़ में आया, महाराणा से मिला, जवास ठिकाने के भीलों ने उपद्रव कर दिया, सेना भेजकर कप्तान कॉव ने जवास में पुनः शांति स्थापित की, भीलों को अपने अधीन किया, दण्ड वसूल किया और थाना स्थापित किया। मेहता रामसिंह को प्रधान के पद पर नियुक्त किया गया, सब ओर शासन प्रवन्ध व्यवस्थित कर एकलिंग का मेला आयोजित हुआ। साम, दाम, दण्ड और भेद से राजकाज चलाने लगा, मुल्क आवाद हुआ, देव मंदिरों में पूजा होने लगी, राहगिरों को रास्ते का भय समाप्त हो गया। तस्कर दण्ड पाने लगे। वावड़ी, कुएं तालाव वांधे गये। (761-766)

महाराणा भीमसिंह इसतरह राज्य कर रहे हैं। पत्थर भी पानी के मध्य तैर रहा है। तैंतीस करोड़ देवता प्रसन्न हैं। छत्तीस वंश सेवा कर रहे हैं। नामी लोगों ने भी सिर झुका दिये हैं। भीमसिंह छत्र धारण कर सिंहासन पर आरूढ़ हैं। कुंवर जवानसिंह भी पिता के दर्शन कर प्रसन्न होते हैं। दायें-वायें सोलह-वत्तीस उमराव शोभा पाते हैं। दूसरे मंत्री-योद्धा भी अपने-अपने स्थानों पर विराजमान हैं। कायस्थ, पासवान भी आकर अपने स्थान ग्रहण करते हैं। कविगण आकर आसीस देते हैं और महाराणा के वंश के विरुद गाते हैं। अरिसिंह जगतसिंघोत का पुत्र राणा भीमसिंह हिन्द का वादशाह है। कवि अनेक पूर्वजों की उपमा देते हुए कहता है कि भीमसिंह के समान और दूसरा कोई राजा नहीं है। अनेकों रंक को राव बना दिया है, जिनके भी सिर पर हाथ रखा है, उसके सिर को ऊंचा किया है। ऐसे भीमसिंह का यश शेपनाग भी नहीं गा सकता, फिर कवि की तो एक ही जिव्हा है, वह उसका वर्णन कैसे कर सकता है। ऐसे महाराणा भीमसिंह लाख करोड़ वर्ष तक अमर होकर राज करते रहें।

महाराणा भीमसिंह हमीर, भोज और कर्ण के समान दानी है। वे तलवार से म्लेच्छों को खंड-खंड करने वाले हैं। दातार सूर और उदारचित्त हैं। संसार भर में जिनका यश व्याप्त है। ऐसे महाराणा भीमसिंह के समान न तो कोई हुआ और न ही कोई होगा। वे दीर्घायु हों, पुत्र-पोते का सुख देखें, अपनी भूमि की रक्षा करते रहें। वहुत यश गाथाएं सुनाई दे, बहुत से कवि यश वर्णन करें, आय वढ़े, सुख वढ़े और महाराणा भीम वहुत वर्षों तक राज करें। (767-769)

वि. सं. 1879 की बसंत ऋतु और चैत्र शुक्ला द्वितीया को महाराणा भीम ने कृपा करके अपने श्रीमुख से हुक्म फरमाया तथा (आढ़ा) दूल्हा के पुत्र कवि किसना ने यह ग्रंथ वनाया। अरिसिंह के पुत्र महाराणा भीम ने ग्रन्थ सुनकर, प्रसन्न होकर पहले से अधिक कुरव-कृपा प्रदान करते हुए प्रसन्नचित्त से इस ग्रंथ का नाम 'भीमविलास' प्रकाशित किया।

इसके वाद 'भीम विलास' की महिमा का वर्णन करते हुए तथा विभिन्न प्राचीन ग्रंथों व ग्रंथकारों का उल्लेख करते हुए कवि कहता है कि इस

भीम विलास को पढ़ने से उन सब को ज्ञान इस एक ग्रंथ को पढ़ने से ही प्राप्त हो जाता है। कुकवि भी यदि इसे एक वर्ष तक पढ़े तो वह सुकवि बन जाता है। मूर्ख, कायर और कंजूसों का हृदय भी इसको पढ़ने से हर्षित हो जाता है। पति-पत्नी, पिता-पुत्र, राजा-प्रधान, ठाकर-चाकर, भ्राता-मित्र, पुरोहित-पासवान, कवि-ब्राह्मण, क्षत्रिय-वैश्य-शूद्र आदि जो भी इस ग्रंथ को पढ़ेगा, उसे अपने-अपने धर्म का इसमें आभास मिलेगा। धरती, आकाश, सूर्य, चन्द्रमा जब तक सुदृढ़ होकर रहेंगे, राम नाम जब तक इस संसार में रहेगा, तब तक भीमसिंह और जवांनसिंह दोनों इस पृथ्वी पर अमर रहेंगे। (770-775)

वस्तु-वर्णन

'भीम विलास' का उपयुक्त कथासार वर्णनात्मक है। ऐसा होना स्वाभाविक भी है क्योंकि 'भीम विलास' एक ऐतिहासिक और चरित प्रधान काव्य है। कवि का मूल उद्देश्य अपने चरित नायक महाराणा भीमसिंह का चरित्र वर्णन करना है। इस वर्णन में उसे तत्कालीन घटनाओं पर ही आश्रित रहना पड़ता है, वह कल्पनाओं का सहारा नहीं ले सकता। कल्पना के मिश्रण से काव्य-गत सौन्दर्य तो बढ़ता है, लेकिन उससे चरितनायक का व्यक्तित्व काव्यमय ज्यादा हो जाता है और तथ्यात्मक कम, इससे नायक के व्यक्तित्व की मौलिकता समाप्त हो जाती है। इसलिए किशना आढ़ा ने कथावस्तु में वस्तु-वर्णन को ज्यादा प्रधानता दी है, ऐसा करने से कवि कथावस्तु में परिवर्तन करने में स्वतंत्र नहीं रहा है, वह परिवर्तन करना चाहता भी नहीं है, क्योंकि घटनाएं और प्रसंग तो जो हैं, वही रहेंगे, फिर ऐतिहासिक काव्य इतिहास प्रधान होता है। इतिहास तो इतिहास ही है उसमें रमणीयता का कोई स्थान नहीं है, फिर ऐसा नहीं है कि 'भीम विलास' विशुद्ध ऐतिहासिक ही है, अवसर मिलने पर कवि ने रमणीयता व कल्पना का सहारा भी लिया है, ऐसा उसने नख-सिख सौन्दर्य, षड् ऋतु वर्णन आदि प्रसगों में किया है। यहां भी वर्णनात्मकता हावी है। किन्तु इस तरह की रमणीयता का वर्णन करके भी कवि ने ऐतिहासिकता में आंच नहीं आने दी है, उसने ऐतिहासिक वर्णन के दौरान पाठकों में नीरसता पैदा न हो, इस कारण रमणीयता का यथा अवसर सहारा लिया है। इस प्रकार 'भीम विलास' की कथावस्तु वर्णन प्रधान अधिक है। इस वस्तु-वर्णन को निम्न शीर्षकों के अन्दर विभाजित किया जा सकता है—

1- जन्म एवं कुण्डली वर्णन 2- बाललीला वर्णन 3- बारात वर्णन 4- विवाह वर्णन 5- भोजन-व्यजन वर्णन 6- यात्रा वर्णन 7- बधाई वर्णन 8- युद्ध तैयारी वर्णन 9- सैन्य प्रयाण वर्णन 10- युद्ध वर्णन 11-श्रीनाथजी वर्णन 12-धरना वर्णन 13- ओल (बधक) वर्णन 14- सामंत वीर वर्णन 15- रानी नाम वर्णन 16- स्तुती (ईश महिमा) वणन 17- यश वर्णन 18- दान-पुण्य वर्णन 19- राज्य शासन वर्णन 20-नृप नीति, गुण वर्णन 21- धर्म नीति वर्णन 22-चतुर्वर्ण वर्णन 23- बिमारी वर्णन 24-नृत्य वर्णन

25-अकाल वर्णन 26-शृंगार वर्णन-रूप वर्णन 27-हय वर्णन 28-गज वर्णन 29-नगर वर्णन 30-व्यापार वर्णन 31-बाग वनस्पति वर्णन 32-षड् ऋतु वर्णन 33-नृप महल वर्णन 34-विविध वर्णन ।

ऐतिहासिकता

भीम विलास का कर्ता मूलत: कवि है, वह इतिहासज्ञ नहीं है । किन्तु वह महाराणा भीमसिंह का समकालीन है, उसने तत्कालीन राजनीतिक उथल-पुथल को अपनी आंखों से देखा है, इसतरह वह उस काल की घटनाओं का चश्मदीद गवाह भी है। उसके पितामह पनजी आढ़ा और पिता दुलहजी आढ़ा महाराणा अरिसिंह और महाराणा हमीरसिंह (द्वितीय) के समकालीन व आश्रित थे, युद्धों में भाग भी लिया तथा उन्होंने जो कुछ देखा, वह भी किसना को अपनी विरासत में मिला, इस प्रकार किसना आढ़ा ने 'भीम विलास' काव्य ग्रन्थ में मेवाड़ के इतिहास विषयक जो सामग्री प्रस्तुत की है, वह स्वत: ही प्रामाणिक और इतिहास की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो गई है एवं उसके द्वारा वर्णित घटनायें, सामन्तों व वीरों के नाम, संवत्-तिथि आदि के बारे में शंका करने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता है । कर्नल जेम्स टॉड किसना आढ़ा का समकालीन था, उसने भी 'एनल्स एण्ड एन्टिक्विटिज ऑव राजस्थान' पुस्तक लगभग उसी समय लिखी, उसने भी तत्कालीन मेवाड़ का जो विवरण अपनी उक्त पुस्तक में दिया है । 'भीम विलास' का वर्णन भी उससे मेल खाता है । 'वीर विनोद' के कर्ता कविराजा श्यामलदास तथा महामहोपाध्याय गौ. ही. ओझा और बाबू रामनारायण दूगड़ प्रभृति परवर्ती इतिहासकारों ने अपने-अपने ग्रंथों में महाराणा अरिसिंह, हमीरसिंह, (द्वि.) और भीमसिंह सम्बन्धी जो विवरण दिया है, वह भी 'भीम विलास' की सामग्री से प्राय: मेल खाता है, ऐसा लगता है, इन इतिहासकारों ने 'भीम विलास' का पर्याप्त उपयोग किया है । इस प्रकार 'भीम विलास' काव्य ग्रंथ होते हुए भी यह एक ऐतिहासिक काव्य ग्रंथ अधिक है तथा तत्कालीन इतिहास लेखन की दृष्टि से इसका महत्वपूर्ण स्थान है ।

मेवाड़ के इतिहास विषयक अन्य संस्कृत व राजस्थानी के ग्रंथों व प्रशस्तियों की तरह किसना आढ़ा ने भीम विलास के प्रारम्भ में मेवाड़ के राजवंश की पौराणिक नामावली दी है, उक्त नामावली और उपर्युक्त ग्रंथों व प्रशस्तियों की नामावली में एकरूपता होते हुए भी नामों के क्रम में भिन्नता है, कुछ नाम कवि ने छोड़ भी दिये है । यही स्थिति बापा रावल के पूर्व और बाद के शासकों के सन्दर्भ में भी हैं । 'भीम विलास' में मूलत: तीन महाराणाओं यथा-महाराणा अरिसिंह, हमीरसिंह (द्वि.) और भीमसिंह का वर्णन विस्तार से मिलता है । किन्तु इन तीनों में भी ग्रंथ नायक महाराणा भीमसिंह का वर्णन अपेक्षाकृत अधिक विस्तार से है, यह स्वाभाविक भी है क्योंकि कवि का ध्येय भी कृति के शीर्षक के अनुरूप महाराणा भीमसिंह का वर्णन करना ही है । ऐतिहासिक दृष्टि से यह वर्णन मुख्यत: दो प्रकार का है :—

प्रथम प्रकार का वर्णन वह है जो 'भीम विलास' में विस्तार के साथ मिलता है किन्तु अन्य इतिहास ग्रंथों में इतने विस्तार से नहीं मिलता है, ऐसा वर्णन निम्न प्रसंगों में आया हैं—

फतूर रतनसिंह सम्बन्धी प्रसंग, उज्जैन का युद्ध, माधवराव सिंधिया का उदयपुर घेरा, कुंवर भीम को ओल पर रखना, सिंधी सिपाहियों का उपद्रव, कुंभलगढ़ विजय, श्रीनाथजी का उदयपुर और घसियार विराजना, विभिन्न प्रसंगों पर उद्धृत सामन्तों एवं वीरों की नामावली आदि।

द्वितीय प्रकार का वर्णन वह है जो केवल 'भीम विलास' में ही उपलब्ध होता है और अन्यत्र वह नहीं मिलता है, ऐसा वर्णन निम्न प्रसंगों में उपलब्ध होता हैं—

ग्रंथ नायक भीमसिंह की जन्म कुण्डली, ग्रह दशाएं, बाललीला, महाराणा हमीरसिंह (द्वि.) का विवाह वर्णन, महाराणा भीमसिंह का ईडर का प्रथम विवाह एवं प्रजा द्वारा बधाई वर्णन, सलूम्बर रावत के यहां विवाह में महाराणा भीमसिंह का शरीक होना, वि. सं. 1860 में मराठा हरनाथ और गुलाबसिंह का बांसी युद्ध, माहोली का युद्ध, वि. सं. 1866 में अमीर खां का मेवाड़ में आना और अपनी गलती के लिये महाराणा से माफी मांगना, वि. सं. 1869 का अकाल, वि. सं. 1872 में महाराणा भीमसिंह तथा उसके दो पुत्रों-अमरसिंह और जवानसिंह का कोटा विवाह, वि. सं. 1875 में महाराणा की बिमारी और दान-पुण्य, वि. सं. 1876 में महाराणा द्वारा तीन पुत्रियों का विवाह, वि. सं. 1877 में रावत अर्जुनसिंह का काशीवास, कुंवर जवानसिंह का बांधूगढ़ रीवां नरेश के यहां पर विवाह और बाद की यात्रा का विस्तृत वर्णन, महाराणा भीमसिंह द्वारा किये गये 17 विवाहों की नामावली, तत्कालीन राज व्यस्वथा, समाज, संस्कृति और धर्म सम्बन्धी जानकारी आदि।

ऐतिहासिक दृष्टि से उपर्युक्त दोनों प्रकार के वर्णन अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इनके अलावा भी कुछ छोटी-छोटी घटनाए और भी हैं। यह समग्र वर्णन नवीन एवं मौलिक जानकारी प्रस्तुत करता है, उपयोगी भी है और महत्वपूर्ण भी। किन्तु तत्कालीन घटनाओं को 'भीम विलास' में प्रस्तुत करने में कवि किसना ने पक्षपात भी किया है। कुछ महत्वपूर्ण घटना-प्रसंगों को कवि ने छुआ तक नहीं है और 'भीम विलास' में उनका संकेत तक नहीं किया है। ऐसा संभवत: उसने इसलिए किया है क्योंकि वह महाराणा का कृपापात्र और दरबारी कवि है, अपने आश्रयदाता की अयोग्यता व कमजोरी साबित न हो तथा मेवाड़ के गौरव पर आंच नहीं आये इस दृष्टि से उसने 'भीम विलास' में ऐसे प्रसंगों का स्थान देना उचित नहीं समझा है, ऐसे प्रसंग निम्न हैं—

चूण्डावतों और शक्तावतों के पारस्परिक संघर्ष के विविध प्रसंग, महाराणा अरिसिंह व माधवराव की संधि, अमरचन्द बड़वा की मृत्यु, कृष्णाकुमारी का वध, वि. सं.

1874 (1818 ई.) की मेवाड़-अंग्रेज संधि की शर्तें, अहिल्यावाई का मेवाड़ लेना, गोड़वाड़ का मेवाड़ से अलग होना, सेठ जोरावर वाफना का उदयपुर आना, सोमचन्द व सतीदास गांधी का मारा जाना, कुंवर अमरसिंह की मृत्यु, महाराणा द्वारा किये गये निर्माण आदि ।

इसी तरह कवि ने महाराणा भीमसिंह की सत्रह रानियों व पासवानों के नाम तो दिये हैं, लेकिन कुंवर अमरसिंह और जवानसिंह तथा दो पुत्रियों के अतिरिक्त अन्य पुत्रों, पुत्रियों के नाम, विवाह आदि के बारे में कुछ भी नहीं लिखा है। ग्रंथ का नायक महाराणा भीमसिंह हैं, भीमसिंह की मृत्यु वि. सं. 1885 चैत्र सुदी 1 (16 मार्च, 1828) को हुई और 'भीम विलास' की रचना 1879 में हुई, रचनाकाल के बाद लगभग छः वर्षो तक महाराणा भीमसिंह जीवित रहे, किन्तु कवि ने इन छः वर्ष की घटनाओं को भी इस ग्रंथ में शरीक नहीं किया है, क्योंकि ग्रंथ की रचना पहले ही हो चुकी है अतः कवि ने उसे आगे बढ़ाना आवश्यक नहीं समझा होगा, फिर भी 'भीम-विलास' एक काव्य ग्रंथ होते हुए भी तत्कालीन इतिहास की अनेक लुप्त कड़ियों को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करता है, अतः इतिहास लेखन की दृष्टि से इसकी उपयोगिता असंदिग्ध है।

समाज एवं संस्कृति

समाज एवं संस्कृति दोनों एक दूसरे के पूरक हैं और दोनों की स्थिति अन्योन्याश्रित व सापेक्षिक है। दोनों का विशद चित्रण 'भीम विलास' में उपलब्ध होता है, उस दृष्टि से यह तत्कालीन समाज एवं संस्कृति का एक प्रतिनिधि काव्य बन गया है, यद्यपि यह चित्रण राजकुल किंवा राजपूत जाति का ही अधिक प्रतिनिधित्व करता है, फिर भी इस चित्रण के आधार पर उस काल की प्रामाणिक जानकारी प्रस्तुत की जा सकती है। अठारहवीं-उन्नीसवीं शताब्दी के मेवाड़ के सांस्कृतिक इतिहास लेखन की दृष्टि से 'भीम विलास' आधारभूत स्रोत है। चूंकि किसना आढ़ा चारण जाति से सम्बन्धित है, इस कारण उसका संस्कृति प्रेम स्वाभाविक है, उसे जहां कहीं भी अवसर मिला है, वहां उसने समाज के रीति-रिवाजों, परम्पराओं, मान्यताओं आदि के बारे में अत्यन्त खुलकर कलम चलाई है तथा सूक्ष्म से सूक्ष्म बात को भी उसने छुआ है तथा प्रकाश डालने की चेष्टा की है। यहां पर स्थानाभाव के कारण समाज व संस्कृति से सम्बन्धित सामग्री को सूत्रात्मक रूप से ही प्रस्तुत किया जा रहा है—

1-तत्कालीन समाज चतुर्वर्ण प्रधान था। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र सब अपने-अपने दायित्वों का योग्यता-पूर्वक निर्वाह करते थे, वे सुखी व सम्पन्न थे।

2-गृहस्थ जीवन चार आश्रमों से युक्त था-ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास।

3-धर्म के प्रति लोगों में विशेष आस्था थी, कवि ने ग्रंथारम्भ भी ईश वन्दना से किया है। महाराणा अरिसिंह जब संकटग्रस्त थे, तब उन्होंने शिव का ध्यान किया था, विभिन्न विवाहों, यात्राओं, युद्ध के पूर्व, पुत्र जन्म के अवसर पर, विजयोपलब्धि के बाद ईश वन्दना की जाती थी। भीम विलास में ऐसी ईश वन्दनायें अनेकों बार की गई है। ईश वन्दना में पंथ विशेष की कट्टरता नहीं थी। एकलिंगजी, चारभुजाजी, सामलाजी, कुंभश्याम, विंध्यवासिनी देवी, श्रीनाथजी, राम, कृष्ण, शिव, विश्वनाथ, गंगा-यमुना-सरस्वती आदि की स्तुति की जाती थी। महाराणा प्रातः उठकर ईश्वर का ध्यान करते थे, ब्राह्मण लोग रामायण, गीता आदि पढ़ते, पूजा-पाठ करते, क्षत्रिय अपने-अपने आराध्य का स्मरण करते, जैन लोग मंदिर में पूजा करते, जतियों की वन्दना करते, व्याख्यान सुनते थे। बीमारी के समय भी ईश्वराधना करते थे, महाराणा भीमसिंह अस्वस्थ हुए उस समय, उन्होंने जगदीश मंदिर में ध्वजादण्ड चढ़ाया था। रावत अजीतसिंह को वैराग्य होने पर काशीवास किया था।

4-दान-पुण्य करना उस समय अच्छा माना जाता था। विवाह के अवसर पर, बीमारी के अवसर पर एवं अन्य अवसरों पर दान-पुण्य किया जाता था। दान-पुण्य में हाथी, घोड़े, वस्त्रादि दिये जाते थे, गांव भी भेंट किये जाते थे। चारणों को भी दान दिया जाता था, भाढ़ा पन्ना को करणवास गांव दिया था।

5-दान-पुण्य के अलावा महाराणा को सामन्तों व विशिष्ट जनों द्वारा नजराणा भी दिया जाता था। महाराणा अपने यहां आने वाले अन्य शासकों को भेंट में बहुत सी सामग्री देकर बिदा करते थे। माधवराव को व अमीरखां को महाराणा ने हाथी, घोड़े आभूषण आदि भेंट किये थे।

6-उस समय दण्ड लेने की प्रथा भी थी। महाराणा भीमसिंह ईडर से विवाह करके लौटे तो डूंगरपुर, बांसवाड़ा आदि से दण्ड वसूल किया था।

7-राजकुमारों के शिक्षा की विशेष व्यवस्था थी, भीमसिंह को और जवानसिंह को तद्नुसार शिक्षा दी गई थी।

8-विवाह पारम्परिक ढंग से होते थे, बारात जाती थी, तोरण मारा जाता, फेरे होते, हथलेवा छुड़ाया जाता, दहेज दिया जाता, बड़े-बड़े भोज होते, गोठे होती, बारात को विदा करते समय दासियां व नौकर भी साथ में दिये जाते। हमीरसिंह, भीमसिंह, अमरसिंह और जवानसिंह के विवाहों के अवसर पर ऐसी परम्पराओं का विस्तार से वर्णन मिलता हैं।

9-विवाह के बाद देव यात्राओं की प्रथा प्रचलित थी। जवानसिंह के विवाह के बाद जवानसिंह ने प्रयाग, बनारस, मथुरा, पुष्कर आदि की यात्रायें की थी।

10-उस समय बहु विवाह की प्रथा थी, अनेक पत्नियां रखी जाती थी, महाराणा भीमसिंह ने कुल सत्रह विवाह किये। बाप-बेटे साथ-साथ विबाह करते थे। भीमसिंह ने अपने दो पुत्रों के साथ कोटा-इन्द्रगढ़ विवाह किया था। एक ही परिवार में एकाधिक बार विवाह करने की प्रथा थी, भीमसिंह ने ईडर में तीन बार विवाह किया था।

11-बहुविवाह, बहु-पत्नियों के अलावा उस काल में पासवानें भी रखी जाती थी, महाराणा अरिसिंह के छः पासवानें थी, हमीरसिंह (द्वि.) के तीन तथा भीमसिंह के चार पासवानें थी।

12-उस समय सती प्रथा प्रचलित थी। महाराणा के निधन के बाद रानियां व पासवानें दोनों सती होती थी। अरिसिंह के निधन के बाद भटियानी रानी अपने पीहर में ही सती हो गई थी तथा छः पासवाने सती हुई थी। हमीरसिंह (द्वि.) के निधन के बाद तीन पासवाने सती हुई थी। सती होने वाली स्त्री गंगाजल से स्नान करती, शृंगार करती और दान-पुण्य करती थी।

13-राजा का सबसे बड़ा पुत्र पाटवी माना जाता था, वही गद्दी पर बैठता था, यदि राजा निसंतान मरता तो गोद लेने से पूर्व रानी के गर्भ है या नहीं का पता लगाया जाता, यदि राजा आयु में छोटा होता था तो उसके काका-भतीजा सेवा में रहते थे।

14-राजकुमार के राजगद्दी पर आरूढ़ होने के बाद सामंत, प्रधान, अन्य नौकर आदि उसे नजराना प्रस्तुत करते, चारण यश-गान गाते थे।

15-प्रधान, महाराणा का प्रथम सहायक होता था। प्रधान किसे बनाना है, यह महाराणा की इच्छा पर निर्भर था, प्रधान को बार-बार बदला भी जाता था। भीमसिंह के काल में एकाधिक बार प्रधान बदले गये थे।

16-सामन्त अपने स्वामी महाराणा के लिए अपने प्राणों का न्योछावर कर देते थे और इसे अपना अहोभाग्य मानते थे। उज्जैन, उदयपुर, कुंभलगढ़, टोपल मगरी, बांसी, माहोली, गंगरार आदि युद्धों में अनेक वीर सामंत मारे गये थे। सामंतों का महाराणा से मतभेद होने पर वे महाराणा से बराबर टक्कर भी लेते थे। महाराणा अरिसिंह के समय में उसके बहुत से सामंत उसके विरोधी हो गये थे।

17-उस समय ओल (बन्धक) रखने की प्रथा थी, भीमसिंह को बाल्यावस्था में दो वर्ष तक चित्तौड़ दुर्ग पर महाराणा हमीरसिंह ने सिंधी सिपाहियों के पास ओल पर रखा था।

18-राजा यदि अल्पायु होता तो राजमाताएं राज्य प्रवन्ध में हाथ बंटाती और महलों से वाहर आकर सामंतों आदि से मिलती थी। महाराणा हमीरसिंह (द्वि.) एवं भीमसिंह जब अल्पायु शासक बने तो उनकी माता ने राज-काज में हाथ बंटाया।

19-शिकार खेलना उस समय अच्छा माना जाता था, हेमंत ऋतु इसके लिए अच्छी मानी जाती थी। महाराणा अरिसिंह की मृत्यु शिकार के दौरान ही हुई। हमीरसिंह (द्वि.) का हाथ शिकार करते समय ही फट गया था, वाद में इसी से उसकी भी मृत्यु हुई।

चढि सादक चंदर सिंधि दुवं । जुध भार तिनं भुज पाय धुवं ॥
अन सथ्थ चढे हय सज्ज थियं । महारांन वरात पयांन कीयं ॥
दर कूंच न कूंच कटक्क खरं । जव आय ढिगं गढ साहिपुरं ॥२१०॥

कवित्त छप्पै

सुनी खवर महाराज भीम, ऊदौत नंद जव ।
ढीकोरा[1] गढ समुख आय, पय लग्गि हमीर तव ॥
साहपुरै पधराय महल, अंदर महारांनह ।
सुमन हेम तारक उछारि, पग मंड मंडानह ॥
किय गौठ निजर हय गय वसन, रख्खि रांन आनंद दिल ।
सज्जिय वरात पायांन जव, भीमसींघ न्रप साथ चल ॥२११॥

केहर नगर नजीक, जांन पहुंची सुनि खव्वर ।
चतुर कौस सनमुख पधारि, मिलि भूप बहाद्दर ॥
कीय नोछावर निजर, भये डेरा केहरगढ़ ।
व्याह काज हमीर रांन, वंधिय मौर हथ्थि चढ़ ॥
तोरन सु वंदि गज उतरीय, नेग समप्पिय बारहट ।
आरति उतार वधाय त्रिय, रचि चौंरी गठजोर जुट ॥२१२॥

रांनी रहि वांमंग, रांन रचि आसन दच्छिन ।
जगि अगनि पढि वेद मंत्र, आहुति दिय विप्रन ॥
चव भांवरि फिरिन अग्र, भांवरि त्रि पुरष अग[2] ।
दिय न्रप कन्यादांन, सींचि हथलेव व्याह जग ॥
सुभ गीत गांन मंगल धवल, समधीपन गव गारि तव ।
रघुवंस रीत सुभ व्याह करि, परनि रांन हम्मीर जव ॥२१३॥

---

१. ढीकोला
२. कोई केछ फेरा चार फरे जन्रे स्त्री आगे रहे पछे फेरा तीन पुरुष आगे रहे ने फिरै

दुहा

आय कुंवर बिरदेस जब, मंगिय नेग कटार।
साल कटारी नेग तब, दिय हमीर छत्र धार ॥२१४॥

कवित्त छप्पै

जनवासै पधरांय, दुलह दुलहनि तिहि अवसर।
निस बित्तीय सुख मंझ, प्रात जग्गिय सु छत्रधर॥
आय कमंध प्रधांन, अरज करि गौठ तयारिय।
चढि हयराज हमीर, तांम ससुरार पधारिय॥
चोसर सु पंत न्रप तखत रचि, वांम दच्छि भट समुख तव।
हमीर भीम बाहादर न्रपत,[1] समिल बेठि जिम्मीय सु जव ॥२१५॥

छंद पद्धरी

भोजन करंत जब छत्रधार। चोकिय सु कनक मय अग्रचार॥
हिम मय सुथाल न्रप अग्र मंडि। पनवार सुभट थट अग्र छंडि॥
अत वेग फिरत जन परूसकार। अन त्रिविधि त्रिविधि पल रचि प्रकार॥
तरकार कींन विध पंच साक। रस षट सुजुक्त अ्रत मधुर पाक॥
अठ्ठार भंत भोजन अनंत। परूसार कींन अग पंत पंत॥
रोटी सु पूरिय सित भात पूंज। आचार दधि मिष्टांन गूंज॥
अरु खीर दुग्ध सीरक सुभंत। सूरे पुलाव पल नहिन अंत॥
रच्चिय अनंत भोजन प्रकार। पावहि गिनंत कवि कौन पार॥
किय जिनस बहादुर भूप सार। मांनहुं कुमेर खुट्टिय भंडार॥
अरु गारि गाय तिहि बार दास। समिधीन तर्क रस प्रगटि हास॥
महारांन रीझि सुनि गार गांन। दिय दासि नेग द्रब मोद मांन॥
न्रप सुभट कीन भोजन अघाय। मंगिय सु पछावर सुचित चाय॥
करि चलुव पांन कर्पूर लीन्ह। डेरन पधार सुख सयन कीन्ह॥
यह भंत गोठि दिन प्रत अछेह। हुव न्रपत वधत सगपन सनेह ॥२१६॥

---

१. विरद

दुहा

अेक समय बैठे सभा, वहादुर रांन हमीर।
वेठि अनुज अग्रज समुख, भीमसिंघ रिनधीर ॥२१७॥

करी वहादुर भूप तहां[1], पारख भीम अभंग।
ले लच्छिन सीसोद कुल, सुभत भीम अंग अंग ॥२१८॥

मठठ वंस सीसोद की, सव छत्रिन तें न्यार।
वहें मठठ यह भीम तन, सव देखहुं निरधार ॥२१९॥

यह भीम कोउ दिनन पच्छ, सवें सुनहुं हम कथ्थ।
सांगा जगा हमीर के, धरि हैं बिरद समथ्थ ॥२२०॥

भीमसिंघ की परख यह, करी वहादुर भूप।
सुभर अप्प पर दुहुं तरफ, देखि रहे मुख रूप ॥२२१॥

हय गय द्रव दायज दयो, यह विध भयो विवाह।
रांन हमीर विदा भये, चले उदयपुर राह ॥२२२॥

कंवर बिरद सथ्थह दये, द्वै हजार संग सेंन।
चढि पहुचावन रांन कौं, हय खुर रज छिद गेंन ॥२२३॥

अरिल

जांन कूंच दर कूंच चलाइय। नांदवेल सांनिध तव आइय।
रावत भीम खवर तव संभरि। आय समुख लगि पाय निजर करि ॥२२४॥

रावत जे उमराव मनाइय। तिनकहुं पाय हमीर लगाइय।
पाय लगे न्रप आदर अप्पिय। जिनके नांम सुकवि मुख जप्पिय ॥२२५॥

कवित्त छप्पै

लग्गि पाय सुरतांन[2] राज, अरु राव सु पातल[3]।
पय लग्गि रावत मेघ,[4] नम्मि जगपत रावत[5] भल ॥

1. तव 2. सादड़ी 3. वेदला 4. वेगूं 5. कानोड़

पतो चूंड[1] पय लग्गि, भीम बाबो[2] पय लग्गिय।
पय लगि न्रपत हमीर[3], सुरत बाबो[4] खग नग्गिय॥
पय लगि धीर[5] निजवंस नमि, साह नंदलालह[6] सुकहि।
मोजियरांम[7] एकौ[8] विजौ[9], इतै पाय लगि कुरब लहि॥२२६॥

दुहा

नाहरगिर तिहि निस रहिय. प्रात कूंच किय रांन[10]।
नगर प्रवेस अनंद हुव, दूधमेह वरखांन॥२२७॥

खुलि कंकन कुलदेव पय, लग्गिय रांन हमीर।
लग्गि चरन निज मात कै, रवि कुल रीत सुधीर॥२२८॥

कवित्त छप्पै

फिर हंमीर महारांन, चढिव गिर नाहर आइय।
नाथदवारह आय, तेग न्रप भीम बंधाइय॥
आय खवर तिहि समय, जात राघव गढ़ कुंभल।
चढि हमीर माहारांन, आय रींछेर जुट्टि दल॥
बग्गिय सुतेग गजबोह तब, छुटि राघव पय पिठ्ठ फरि।
हम्मीर पय जय आय फिर, दल मुकाम गढबोर करि॥२२९॥

दुहा

प्रात जगि हंमीर न्रप, करि सनांन सुचि अंग।
चुत्रवाह दरसन करिय, कर जुटि नमि उतमंग॥२३०॥

जय जुगाद रख्खन सुप्रभ, भारथ पारथ मांन।
च्यार भुजा धरि ध्यांन उर, अस्तुति करिय दिवांन॥२३१॥

---

१. आंवेट २. बागोर ३. वनैड़ा ४. महुवै
५. हमीरगढ़ राणावत ६. देवपुरा
७. बोल्या ८. बोल्या ९. साह वजैस्यंघजी नैणावटी
१०. बिरद सीख दिय रांन

श्री चतुर्भुज स्तुति

छंद भुजंगी

ॐ ऊंकार रूपं नमौ आदि ईसं । नमौ कारनं विस्वधातारमीसं ॥
निराकार निर्लेपयं तो नमस्तं । सु आकार क्रेता नमौ कंज हस्तं ॥
नमौ आदिवाराहयं चारवाहं । सनंकादिकं जग्य वेदं सराहं ॥
कपिल्लं नमौ दत्तत्रेयं सकामं । नमस्ते रिषभं ध्रुवं व्रंदनामं ॥
नमस्ते नरं नारयेनं प्रथूनं । नमौ मछ्छं कछ्छं कृतं रूप दूनं ॥
हयंग्रीव रूपं नमौ नारसिंघं । नमौ वामनं हंस वौधं प्रसंगं ॥
नमस्ते हरिसींधु तारवांनं । नमौ रूप मन्वंतरं इंद्र मांनं ॥
नमौ वैद धानंतरं रोग नासं । नमौ वेदव्यासं पुरानं प्रकासं ॥
दुजं घोर रूपं नमौ फर्सरांमं । नमौ रांमचंद्रं न्रपं नीत धांमं ॥
नमौ कृष्णराधा वरं वासुदेवं । नमौ बुद्ध रूपं दया जांन भेवं ॥
नमौ तूं कलंकं हरि हौनहारं । नमौ रूप चौवीस चौवाह धारं ॥
नकारं अकारं अपारं नपारं । नधारं अधारं विचारं प्रचारं ॥
न रंगं न अंगं न संगं न ढंगं । नवंगं न लंगं न भगं प्रसंगं ॥
न मुख्खं न चक्खं न भक्खं न भुख्खं । पुरख्खं न पख्खं न सुख्खं न दुख्खं ॥
न गेहं न देहं न रेहं न नेहं । प्रमेहं न लेहं अछेहं न छेहं ॥
सचूप न चूपं अभूपं न भूपं । सरूपं कुरूपं न रूपं अरूपं ॥
अधीरं न धीरं न नीरं समीरं । अमीरं फकीरं न भीरं अभीरं ॥
न घात न जात न मातं न तातं । चतुर्बाह सौ तूं सुयंभू स्वगातं ॥
भयौ रांम तूं रावनं लंक भानं । तूं ही नारसिंघं अगं कंस हानं ॥
भयौ तूं वराहं रदं भू उधारी । तूं ही मछ्छ कछ्छं समुद्रं विहारी ॥
भयौ वामन तूं वलं वंधि जंगं । दुजं रांम यो तूं कीन छत्री अभंगं ॥
हन्यौ कंस कृष्ण ह्वै च्यार वाहं । तूं ही बुद्धं रूपं दया ध्रंम चाहं ॥
किलकी तूं ही ईस भू हौनहारं । तूं ही आदि अंतं जगतं अधारं ॥
भुजा च्यार रूपं नमौ स्यांमरंगं । गदा पद्मयं संख चक्रं धरंगं ॥
सिरं सुंदरं पघ्घ सौहैं किलग्गी । जगा जोत छत्रं नगं सोभ जग्गी ॥
उठौ सुंदरं पीत फैंटौ विमौहैं । हजारं सुरंगं दुवं पाय सौहैं ॥
करं हस्त सोभं उरं मुक्तिहारं । मनो मेर जाह्नवी सोभधारं ॥

लसैं खग्ग बामंग दछ्छं कटारं । स फूलं भुजं सफ्फरं रंग चारं ।।
सुभै चिबुकं हीर की तेज अैसौ । गिरं अस्त मानूं उदैं सुक्र जैसौ ।।
छरी हस्त अग्रं धरी सौभ पायं । खलं दंड दंड़ सुदासं सिहायं ।।
करैं सेव पायं रमा गंग चेरी । महाराज रख्खौ जगं लाज मेरी ।।
बिनै की हमीरं सुमत्तं प्रकासौ । यहैं रूप मेरै ह्रदै कंज वासौ ।।२३२।।

दुहा

करि सतूति परदछ्छ फिरि, हय गय भेंट करांन ।
बिदा भये चत्रबाह तें, चलै उदयपुर रांन ।।२३३।।

कवित्त छप्पै

आय उदयपुर रांन, सीख दिन्हिय उमरावन ।
करत राज हंमीर, विलसि सुख समय सुभावन ।।
ठारह सौ चौंतीस, वरस मगसर कहि मासह ।
आखेटक हम्मीर. चढिय करि चित्त हुलासह ।।
सारंग देख हय तें उतरि, पीठ चल्लि लिय तुपक करि ।
उडि रजक बंदूक फुट्टिट, हथ्थ लग्गि माछह विखरि ।।२३४।।

दुहा

हौनहार नांहिन मिटत, कीनैं कौटि उपाय ।
हौनहार वलवांन बस, हरि विधहु म्रत पाय ।।२३५।।

कवित्त छप्पै

साठि सहंस सुत सगर, कपिल क्रौधानल दग्गिय ।
परिय कन्ह अघ उदर, संग लिछमन उर लग्गिय ।।
अभिमन पारथ जियत, पाय म्रत भारथ इंदर ।
न्रपत परीछत श्राप, सहंस भग भये[1] पुरंदर ।।
भीषंम सिखंडि कर पाय म्रत, कालकूट संकर घुटत ।
कीजै अनेक प्राकार तऊ, हौनहार नांहिन मिटत ।।२३६।।

---

१. देह

आय सवें भट निकट, रांन हम्मीर उठाइय ।
वैठि तांम सुखपाल, महल इंदर पधराइय ।।
वोलि तांम जरराह, घाय पाटा वंधांनह ।
कितक दिवस अंतरह, घाय फटि लेख प्रमांनह ।।
म्रत पाय रांन हम्मीर तव, पोस सुदि अठम दिनह ।
खवास तीन सत कीन सथ्थ; दाग दीन सांमिल तिनह[1] ।।२३७।।

भीम का महाराणा बनना

दुहा

चौंतीसा नम पोस सुद, सात घटी गय रत्त ।
सुभ मुहरत दिन्हिय गनिक, रज्जिय भीम तखत ।।२३८।।

छंद पद्धरी

सुभ घरीय अख्ख दुजराज जांम । वैठे सु तखत पर भीम तांम ।।
रज हेम दंड धरि सीस छत्र । ढुरि चमर सीस दौ पष विचित्र ।।
प्रोहित पधारि तव रांमराय । किय तिलक सीस मन मौद पाय ।।
इकलिंगदास परधांन जांम । सिर नम्मि आयकिय निजर तांम ।।
सजमाल राज करतल अभंग । रावत अजन जितवांन जंग ।।
वावो सुवाघ अर्जुन सधीर । वावो अनौप समरंग वीर ।।
वावो सु जेतसिंभू सुजाव । अभमाल नंद सादल गिनाव ।।
चहुवांन छतौ[2] संभरि नरिंद । अन सुभट वैठि निज थल मसंद ।।
धावर कविंद दुज पासवांन । पनराज[3] सुकवि तिह वेर आंन ।।
विरदात भीम कहि कवित्त तांम[4] । सभ मांझ सुभि सव ठांम ठांम ।।
खवास वंटि कर्पूर पांन । वाहुरिय सुभट दिय भीम मांन ।।
अंतहपुर अंदर न्रप पधार । पय मात नम्मि आसिष उचार ।।
फिर आय महल अंदर नरेस । विहरत सु इच्छ दस वर्ष वेस।।२३९।।

---

१. मात पित कुल धन तिनह
२. छत्रसिंह चौहान
३. आढा पनजी हाजर था सो केहणा
४. ये तुवां अठै नै ही सो नरसिंघदास मेल

दुहा

भीम ज दिन रज्जिय तखत, गज्जिय तदिन चित्तौर।
सांग हमूं जगतेस के, यह ब्रद ओप चहौर ॥२४०॥

अड़तीसा अरु चेत विद, तेरस सुतिथ प्रमांन।
राघव रावत लैंन कैं, चलै देवगढ़ रांन ॥२४१॥

त दिन दुरग चित्तौर तैं, आये रावत भींम।
पाय लगे निज़ सथ्थ लैं, अैते सुभट कदींम ॥२४२॥

कवित्त छप्पै

आय राज सुरतांन, राव परताप अगज्जिय।
रावत विजमल आय, भीम रावत ब्रद सज्जिय ॥
आये केसव राव, तदिन तरवार वंधाइय।
पातलपति आंमेट, जगो रावत व्रिरदाइय ॥
रावत खुमांन सुत लाल कहि, वाघ अजो अरु भीम त्रय।
हम्मीर भीम न्रपराज दुव, अजन लग्गि महारांन पय ॥२४३॥

चूंडावत सरदार, रूप कीकौ धाभाइय।
अरु परताप प्रधांन, अवर भट सजि बिरदाइय[1] ॥
अग्र जाय अरजुन्न, मिलिव राघव समझाइ।
चढि राघव हयराज, समुख चव कौसह आइय ॥
पय लगि भीम किन्हिय निजर, पधराये गढ़ मांझ तव।
उछारि कसुम पयमंड रचि, भीम महल मझ आय जव ॥२४४॥

करि नौछावर निजर, मज्झ रावर पधराइय।
राजलोक करि निजर, सवैं मन मौद बढाइय ॥
जैवन गौठ तय्यार भई, तव महल पधारिय।
भइ पंत सव सुभर बैठि, रूचि अन्न अहारिय ॥
हय गय सुबसन भूषन निजर, करि राघव सथ कूंच किय।
दर कूंच कूंच हलि कटक जब, नांदवेल मुकांम किय ॥२४५॥

---

१. आढा पनजी दुलजी लार हा

दुहा

भीमसींघ सब सुभट जुत, नांदवेल बसि ग्रांम।
निकसी माता बोदरी, रहि त्रय मास मुकांम ॥२४६॥

आय उदयपुर कुसल जुत, मात पाय लगि रांन।
रागगरं मंगल धवल, घर घर हरख सु भांन ॥२४७॥

कवित्त छप्पै

तदिन सलुंबर ब्याह, भीम रावत पुत्रीय रचि।
नूंत भीम दीवांन, काज पायांन तंबु खचि ॥
चढि तुरंग करि कूंच, सहर तैं निकट पधारिय।
रावत कौस चियार, रांन सनमुख पवधारिय ॥
पगमंड मंडि पधराय न्रप, निजर पुहप हिम उच्छरिय।
जांनहू तड़ाग पीछोर तिहि, बाग मांझ डेरा करिय ॥२४८॥

नित भोजन करि रांन, गौठ मुकांम पहूंचत।
सबन नूंध करि जतन, कितहू उंनत नहि दीसत ॥
आय बरात चियार, कुंवर राजर सु बीकपुर।
ईडर कंवर भवांन, कंवर परवत रतनागर ॥
कहि कलो कंवर चोथौ दुलह, वंदि तौरन चव जांन चढ़ि।
गठजोर दुलह त्रिय चौंरि थित, परनि वेद दुज मंत्र पढ़ि ॥२४९॥

लिय कन्यावल भीम, सींचि हथलेव दुलह उठि।
निज निज डेरन आय, बंधि मन जोर गंठ पुटि ॥
भइय गोठ महमांनि, गारि समधीन गवावत।
दासि हास रस भेद, तरक रचि सगन रिझावत ॥
पटव्रंन अपार चहुं चक्क जुरि, देस देस तैं सुकवि हलि।
कीय भीम हुकंम तिन दैंन रिध, मनहुं कुमेर भंडार खुलि ॥२५०॥

सोलह मुद्रा रूप, बंधि नांमौ तिहि बारह।
नदी सलुंबर तरफ, च्यार चलि रुपा धारह ॥

घट मिंडुक भरि भट्ट, त्याग मंगिय दिय ताकह ।
अेह वत्त अखियात, रही ससि सूरज साखह ।।
चारन अनेक कवि पाय द्रव, सुजस पढ़त घर मग्ग लग ।
इम ज्याग भीम रावत करिय, त्याग वंटि षटमास लग ।।२५१।।

दुहा

हय गय भूषन वसन धन, भीम निजर कीय भींम ।
भये बिदा माहारांन तव, आये तखत कदींम ।।२५२।।

दे दायज जांनै वहुरि, लै वर दुलहनि सथ्थ ।
सुधरि व्याह ध्रंम स्वांम तैं, रावत भीम समथ्थ ।।२५३।।

जिहि मंगे ताकौ दये, हय गय दरब अपार ।
भीम गह्यौ पन व्याह इक, नांहि दयो नाकार ।।२५४।।

रांन भीम उदयानयर, करत निकंटक राज ।
आव पीत ठाहर सु इक, सींह रु अज्य सकाज ।।२५५।।

ईडर का प्रथम विवाह

अथ गाथा

ठारहसै चालीसा,[1] ग्यारस थपि लगन जेठ पख असितं ।
ईडर न्रप सिवसिंघ, तिंहि तनया सगपन भीमं ।।२५६।।

छंद साटक

स्वस्त श्री उदयापुरं सुभ सुथांनेकोपमा ओपित् ।
भीमं हिंदु दिनेस जोग्यं सुहितं पत्रं सुभं ईडरात् ।।
कमधज्जं सिवसिंघ केन लिखतं जोग्यं जथा वंचनं ।
त्वां मां दीन धीया जमात थपितं सीग्रं पयं धार्यं ।।२५७।।

दुहा

करि सगाई तिहिं दिवस, अरु झल्ले नालेर ।
प्रोहित कढिय तिलक सिर, भीम तखत तिहिं वेर ।।२५८।।

---

१. गुनचाला (ईडर व्याह संमत १८३९)

लगन जेठ वदि ग्यारसह, थप्पि उठ्यो दुजराज।
नूतपत्र दिस दिसह लीय, रांन विवाह सकाज ॥२५९॥

नूतपत्र जालम पढिय, कीय माहेरा त्यार।
सथ महाराजा नाथ अरु, राज भवांन पधार ॥२६०॥

च्यार अस्व सिरपाव वहु, पन्ना[1] पांच सिरपेच।
मुत्तिय माला येक अरु, सुजरि[2] ढाल खग त्रेच ॥२६१॥

अंतहपुर पहरावनी, रुपिया वीस हजार।
उदयापुर जालंम पठीय, नतै नेह मोसार ॥२६२॥

कवित्त छप्पै

मोर वंधि माहारांन, भीम ईडरगढ़ चल्लिय।
भीम अजन राघव प्रताप, चूंडा सथ हल्लिय॥
वाबो अजन अभंग, अवर भट सथ्थ चढांनह।
वंब वजि गज पिठ्ठ, लाल झंडा फहरांनह॥
चली नाथ भांन हज्जार भट, अवर जांन निज घर रंजय।
माहारांन उतरि हयराज तें, तीतरली[3] मुकांम भय ॥२६३॥

रावत वौलि अजन्न, भीम वगसीस कीन जहं।
दिय वैठक अरु कुरव, पालसौली उपर तहं॥
सोलह सुभटन मज्ज, थप्पि उमराव दीन पद।
निज कर दीनें मथ्थ, अखिव मुख स्वांमि ध्रंम हद॥
रखि तदन भीम उदयापुरह, अजन संग संजुत जसह।
महारांन भीम उषा समय, जांन कूंच ईडर दिसह ॥२६४॥

---

१. हीरा
२. कटारी का नाम विशेष
३. तीतरडी

दुहा

किय वड़गांम मुकांम तत्र, रांन भीम की जांन ।
आय समुख तहां पय लगे, सुत सिवसिंघ भवांन ।।२६५।।

भयौ कूंच गिरपुर हुतैं, समुख आय सिवसाह ।
लगि भीम पय संग चलै, सथ्थ द्वै सहंस सिपाह ।।२६६।।

ईडरगढ मग जांन चलि, वंबि घोर घहरांन ।
सेस थरथ्थर अरि हहर, फहर फील नीसांन ।।२६७।।

छंद अर्द्धनराज

चढै तुरंग रानयं । मनौ उचास भांनयं ।।
नगार घोर वज्जयं । मनौ कि मेघ गज्जयं ।।
गिरं प्रसाद फुट्टयं । समां सिंभु खुट्टयं ।।
चढे भरं तुरंगयं । सनाह सज्जि अंगयं ।।
भुजं अजांन सिंभयं । डिगंत आभ थंभयं ।।
उडे तुरं सपख्खरं । कि लग्गि पंख भख्खरं ।।
भरंत पाय डांनयं । तुजी ग्रहै अगानयं ।।
करंत आव जावयं । सनीर मछ्छ भावयं ।।
फिरत काव कथ्थयं । अलात वाल हथ्थयं ।।
दिखाव धाव अक्करी । कि छेल हथ्थ चक्करी ।।
दिपै तनं उडंड के । मनौ करी विसुंड के ।।
सुसाज सोभ अछ्छयं । मनौ कि रंभ कछ्छयं ।।
सुहेम साज धारयं । सुहागिनं सिंगारयं ।।
लगाय गज्ज गाहयं । सुमेर गंग चाहयं ।।
वजंत पाय घुघ्घरं । कि रंभ नृत्यि नूपरं ।।
लगान राग तुछ्छयं । उडंत द्वै वरछ्छयं ।।
अगं पयं चपेटयं । उडैं सफील फेटयं ।।
सुजात गात तोलयं । तिलख्ख लख्ख मोलयं ।।
चले गयंद अग्गयं । गिरं कि चल्लि पग्गयं ।।
बरन स्यांम सुंदरं । सनीर भद्द बद्दरं ।।
रंगे भसुंड रंगयं । स इंद्र चाप ढंगयं ।।

उरद्ध पौगरं कतं । कि नाग लेत मारुतं ॥
जरीन भूल धारकं । निसा कि स्यांम तारकं ॥
सिरी रजत्त सीसयं । कि विंध भांन दीसयं ॥
भरें कपौल दांनयं । कि वारदं अखांनयं ॥
ठनंकि घंट घुघ्घरं । अखा कि सद्द दद्दुरं ॥
दु ओर ह्वै त रायलं । चलैं तवै खिजायलं ॥
करंत खू न मग्गयं । अरंत पग्गं पग्गयं ॥
सरोस ह्वै महावतं । कुलंत ते धता धतं ॥
चरखि कू त धारयं । खिजात साट मारयं ॥
तुरंग अग्र दिठ्ठयं । चलंत तांम निठ्ठयं ॥
गुसेल राह रूत्तयं । मनौ कि विंध पूतयं ॥
लगंत पाय लंगरं । अतांन वंधि संगरं ॥
सुने विरद कांनयं । तवै मंगल गांनयं ॥
कतार हल्लि सुत्तरं । अनेक भार उप्परं ॥
पहार अंग जोपयं । सलित्त पिठ्ठ ओपयं ॥
वजंत मुख नेसयं । चरस्स लाव भेसयं ॥
मदी अकास मौनयं । हटै न पंथ गौनयं ॥
सजोर मद्द लागयं । भरंत मुख भागयं ॥
वजंत कोह गाजयं । कि सुथ्थरी अवाजयं ॥
अनेक ऊंट चल्लयं । मनौ पहार हल्लयं ॥
हजार वैल हल्लयं । रसत्त पीठ घल्लयं ॥
हली मगं वहीरयं । मनौ कि नद्द नीरयं ॥
अमग्ग मग्ग क्रंमयं । नगेस सीस नंमयं ॥
उडी खुरं गिरद्दयं । दिनेस तेज मुद्दयं ॥
कहैं वहीर सावति । कविंद वुद्ध नाइति ॥
दिवांन भीम दुल्लहं । विवाह काज उल्लहं ॥
रुकंमिनी विवाहनं । चले मनौ कि मोहनं ॥
चले विवाह जांनकी । मनौ कि रांम धांनकी ॥
मगं जिनं निहारयं । ति प्रांन देह वारयं ॥
अहैं वरं रही अखी । वरस कोटि हे सखी ॥

कलस ग्रांम ग्रांमयं । ग्रवंत निध तांमयं ।।
मुखं वलाय लेतयं । प्रजं ग्रसीस देतयं ।।
सुजांन यौं नरेस्वरं । समीप ग्राय ईडरं ।।२६८।।

कवित्त छप्पै

ग्राय न्रपत सिवसिंघ, समुख चवकौस दिवांनह ।
मिलीय भीम सिवसिंघ, सिवौ मिल सुभट सवांनह ।।
करि नौछावर निजर, चढै हय उभय भूप जव ।
गये सदन सिवसिंघ, ग्राय मुक्कांम भीम तव ।।
सव सुभट ग्रप्प डेरन क्रमिय, गय लंगर हयवाल परि ।
कोठार खुट्टि पुग्गिय जिनस,[1] सार कमंध सिवसिंघ करि ।।२६९।।

दुहा

लगन समय ग्राइय जवह, सभ्भिय भीम श्रंगार ।
मनुं ग्रनंग रति व्याह कजि, धरिय अंग ग्रवतार ।।२७०।।

छंद पद्धरी

पवसाक सज्जि दुल्लह ग्रभंग । मनुं वीर रूप तन धरि ग्रनंग ।।
सज्जीय सुरंग तन वसन सोह । मनुं जगत चखन रचि वूंह मोह ।।
सिरपेच पाघ दुति धरि सुभंत । परिषद कि सूर ग्रठ ग्रह रजंत ।।
लर मुक्त पेच तर इम सुभाय । विच्च कंज भौम रिखपंत भाय ।।
सिर मौर वंधि न्रपवर ग्रतूल । रज गुन कि पिठ्ठ रिखपंत फूल ।।
खुल पच्छ रूप तुररेन तार । मनुं भौम उर्ध रवि कर प्रचार ।।
श्रुति सूक्ति नंद दु तरफ सुढार । चव सुक्र भौम जुग श्रवन द्वार ।।
रजि मुक्तमाल उर पर सुभाय[2] । मनुं मेर श्रंग सुरसरि सुभाय ।।
प्रतमाल दच्छि किरमाल वांम । मनुं समिल वीर श्रंगार कांम ।।
प्रथु पिठ्ठ सफर सिलहट सुभंत । मनुं वीरखंभ सींहक रजंत ।।
कर कमल पौंच पौंचन[3] ग्रनौप । मनुं कमल पिठ्ठ रवि विठ्ठ ग्रौप ।।

---

१. रसत २. वनाय ३. हीरन

टोडर पयांन हिममय अचंभ । लंगर कि लाज मनु जेत खंभ ।।
पवसाक सज्झि गज चढि दिवांन । अयराय मनहुं सुरराज मांन ।।
सत्र सुभट सज्जि सौरह वत्तीस । मनु देव वृंद त्रय कोटि तीस ।।
चढि चल्लि संग धावर प्रधांन । प्रोहित सुभट कवि पासवांन ।।
निसि ठांम ठांम जग्गिय हलाल । संजीव जरीय हिम गिर सुढाल ।।
छवि दुलह दिखन चख रूंम रूंम । मनु प्रगटि भ्रंम्ह दीपास्त्र भूंम ।।
छुटि मग्ग मग्ग आतस चरित्र । महताव कोठि तरूवांन तत्र ।।
गजराज वाज सिंदन पयाद । चलि सरित भद्द मनु अप्रमाद ।।
वाजार मग्ग जव आय जांन । छिव लिखत वाल चढि चढि अटांन ।।
रंध्रन लखात चख चपल तींन । मनु ऊछटि मच्छ जल गहर कींन ।।
जारीन वांम मुख दरस देत । मनु अेक नेक ससि लिखन हेत ।।
करतल समुख्ख धरि निरखि वांम । मनु कमल सेज हिमकर सुभांम ।।
लखि दुलह नगर[1] चख लाभ लैहि । जुग कोटि अमर आसीस दैहि ।।
त्रीय कलस वंदिग्रह ग्रहन द्वार । तिन देत द्रव्य न्रप वर अपार ।।
वरपंत भीम हिम रूप मेह । इम आय द्वार कमध्वज अछेह ।।
न्रप द्वार आय तोरन सु वंदि । वारहट्ठ नेग अप्पिय गयंद ।।
प्रोहित सु कीन आरति नरेस । फिर सासु कीन आरति सुदेस ।।
अंतहपुर प्रवेसिय अरसि नंद । फिर कलस वंदि ग्रहराज हिंद ।।
मंडप सुछाय तहां आद्र वंस । हिमतार कुंभ चंवरी प्रसंस ।।
अरनी अगन सुभ जिग्न काज । अरु अगर समिध आनीय सकाज ।।
घनसार घिरत आहूति देन । दुज वेद पाठि हाजर सवेन ।।
चख लग्न समय दुजराज चींन । आंनहु कुंवरि न्रप हुकम दींन ।।
सो सुनत श्रवन दासिय अपार । दोरी सु लैन दुलहनि सिंगार ।।२७१।।

दुहा

पुत्र मात वर्णन करत, लजित सुचित परकास ।
नारि अंग उपम इती, वर्नि दिखावत तास ।।२७२।।

---

१. प्रयोजनवती उपादांन लछना नगर के नैत्र नहीं संभवै नगरवासी देखते है अैसें अन्यार्थ संक्रमित लछना मूल ध्वनि

छंद अर्द्धनराज

करयो कुमार मंजनं । सुरेह नैंन अंजनं ।।
तिलक्क भाल सोहयं । कि चंद भौम मोहयं ।।
सुरंग पट आवरी । गिरा कि मेर ऊतरी ।।
गुंथे सुवेनि कुंतलं । कि नाग चंद संमिलं ।।
छुटी अलक्क रागिनी । कि पूजि सिभ नागिनी ।।
तटंक सौभ कांन द्वै । कि चंद्र घेरि भांन द्वै ।।
धनंष कांम भौंहयं । सु नैंन बांन सौंहयं ।।
सुभंत नाक दीपकं । सपत्त चित्त जीपकं ।।
प्रवाल विंव छद्दनं । सुबज्र लच्छि रद्दनं ।।
सुकंबु कंठ राजई । सु स्यांम पोत छाजयी ।।
कुचं सु कंच्युवं तनं । सभ्रूे कि सिभ जूसनं ।।
सुमुत्तिमाल औ दिखं । सुमेर पारसं रिखं ।।
उरं समुद्र साजयं । सिवाल रोम राजयं ।।
सुनाभि तुच्छ लंकयं । कि सिंघ आथ रंकयं ।।
सुभंत जंग पिंडयं । कि रंम्भ फील सूंडयं ।।
सु पांन पाय कंजनं । सु पीव भांन रंजनं ।।
नखं रतं सुढारकं । रजंत चंद तारकं ।।
सुमुख बेनयं बुलं । सुनंत लजि कौकिलं ।।
लीये सुलाज चित्तायं । जिहाज पात व्रत्तायं ।।
कि लच्छि कोवतारयं । गिरा कि देह धारयं ।।
इति उपम्म नार की । कवि तुच्छं उचार की ।।
सुगत पाय सज्जयं । गयंद हंस लज्जयं ।।
सवै तनं उचारयं । गिरा न पाय पारयं ।।
पदंम गंध डम्मरं । भ्रमंत सीस भम्मरं ।।
धरंत मंद पै अपं । पधारि वीच मंडपं ।।
सुजोर गंठ रंगयं । थिरप्पि बांम अंगयं ।।
उचार वेद साखयं । सुगोत्र चार भाखयं ।।
अहूति हौम जग्गयं । कपूर घ्रत लग्गयं ।।२७३।।

छंद भुजंगी

अनेकं सुनारी करैं गीत गांन । अनेकं सु त्रंगं[1] अनंद घुरांन ॥
भये उच्छवं मंगलं ठांम ठांम । गवै गार गीतां त्रियं धांम धांम ॥
पताका बंधे तोरनं द्वार द्वारं । लगो भीम इंद्रं झरं रूप धारं ॥
समं भीम दीवांन कामं सदेहं । न आयौ इसौ बींद कामंध ग्रेहं ॥
कीये दोय नैनं विघं सीस रीसै । तनं प्रांन वारै धनं दै असीसै ॥
पहलै त्रयं भांवरी बींद अग्गं । चवं भांवरी दुलहि अग मग्गं[2] ॥
सिवंसिघ आये न्रपं जोरि हथ्थं । कीयं कन्यका अर्पनं भीम हथ्थं ॥
सवै आय साला हथलेव वारी । दई नेग श्रीरांन साला कटारी ॥
तजी चोरियं हथलेगं छुडांन । नरं नार दोनं जनीवास आंन ॥
रती कांम जैसें रमे रंगरातं । महूरतं भ्रम्हं उठे सु प्रभातं ॥२७४॥

कवित्त छप्पै

उठ्ठि प्रात माहारांन भीम, सिव पूजन किन्हिय ।
कथा श्रवन किय रांमचंद्र, गो विप्रन दिन्हिय ॥
आये कंवर भवांन, बहन निज ग्रह पधराइय ।
जेंवन गोठ दिवांन, कमंध सिवसिंघ बुलाइय ॥
श्रंगार अंग दुल्लह सजिय, बाजराज मंगिय चढन[3] ॥
भृत सचिव सुकवि पसवांन सथ, कमंध ग्रेह आइय तदिन ॥२७५॥

गादिय भीम विराज, न्रपत सिवसाह बयठ्ठिय ।
ढिग रावर सिवसिंघ, अवर भृत पंगत थट्टिय ॥
कायथ सुकवि बयठ्ठि, वैठि धावर पसवांनह ।
भिन्न पंति परधांन विप्र, वैठीय जुत मांनह ॥
बाजोठ थाल न्रप अग्र धरि, बाज अग्र रज्जिय सवन ।
षटरस तयार बहु भंत जे, हुकंम कीन परूसार तिन ॥२७६॥

---

१. बंजं
२. प्रथम तो अगाड़ी बींद पाछैं बींदणी रहे अर तीन फेरा फिरै पछै च्यार फेरा फिरै जद बींदणी तो आगै रहै नै बींद पाछै रहै ऊं सात फेरा फिरै
३. जदिन

दुहा

रोटी प्रथम परूसि पुन, भात स्वेत मन रंज।
खाजा मोदक फिर धरे, जिनस अनेकत गंज ॥२७७॥

छंद साटक

अन्नं त्रेपलं त्रे घृतेक सुधठं साकं कथं पंचकं।
मिष्टं अम्लं कसाय तिक्त कटुकं लोनं छअेसं रसं॥
भख्खं भोज्यं सुलेह्य चोष्य सुभयं भुक्त प्रकारं चवं।
भोजनं भंत अठ्ठार कीन रुचिरं सार्दूल सिंभं न्रपं ॥२७८॥

छंद त्रौटक

विधनेक करे भख चातुरयं। परूसार जनं फिर आतुरयं॥
बहु भंत पुलाव रु सोहितयं। बहु मूलि मुसाल घ्रतं जुतयं॥
पल भंत अनेक सवाद किय। सकि सूल सिरं घ्रत भार दियं॥
करि मोकल छूटक मंस जहां। रंग जोस पलं चख ताल तहां॥
उडि मंस मुसालन डंबरयं। महमाय सुगंध न्रपत भयं॥
वहु मंस सुगंध सु फेलि घरं। छुटि जेन ध्रमं तिन धीर उरं॥
मिसटांन अनेक प्रकार बनं। घलि सक्कर ता बिच च्यार गुनं॥
रचि साक अनेक सु कंद जमी। भट जोम्हि सराहत स्वाद अमी॥
पय औढिय गौ महिषी रुचिरं। मनु देवन अम्रत आय घरं॥
दध अेक अनेक प्रकार करे। मिल जीरक लौंन सुघट्टि वरे॥
अनपार अचार परूस जहां। चरकास खटास अभूत तहां॥
गवि दासीय गार सगार थयं। रसहास भयं समिधी सथयं॥
अनखट जिनस्स पुरूस थटं। सुभ नौ जिखराज कपाट खुटं॥
भट भोजन कीन्ह त्रपत थयं। तव स्वच्छ सवाद सु छछ्छ लयं॥
लीय रांन तव कर आचवनं। कर ध्रौ दिय पांन कपूर जनं॥
भट सीख मुकाम सु आय सवै। महारांन प्रवेस महल्ल जवै॥
चव जांम विलस्सि अनंद करं। मनु रांम सिया मिथलेस घरं॥
घरियार वजै न्रप कै गजरं। जगि भीम दिवांन वडे फजरं॥
हयराज चढै ग्रहराज दुतं। कीय आय मुकांमसु नित्त क्रतं॥२७९॥

कवित्त छप्पै

मिल चारन भट थट्ट, तिनै द्रव त्याग समप्पिय।
जै कवि रुपग पढे, तिन्है गज बाज सु अप्पिय ।।
दे दे सबद उचार, कबहु मुख नाट न भख्खिय।
जस हाक जग भये, सूर ससिहर तिहि सख्खिय ।।
द्रव लख्ख बाज गज करभ दै, सुजस सब्द दिन प्रत लहिय।
चित धीर भीम दत हुलस लखि, यह हम्मीर आलंम कहिय ।।२८०।।

करि सिवसाह प्रसन्न, सीख मंगिय माहारांनह।
दै दायज हय गय सु द्रबि, पहराय सबांनह ।।
हाथ जोरि कमधज्ज, कही हम चाल बिलम्मिय।
तुम कुल हिंदु दिनेस, लज्ज रखन सब भुम्मिय ।।
तुम सम न कोय वल्लभ हमह, नित चित रखहुं अधिक हित।
वंदगी कुछ न हमतैं बनी, खिमा करहुं चित्तौर पति ।।२८१।।

दुहा

अरु दीन्ही अख कुंवरि हम, चरन वंदगी कज्ज।
वेटी दै वेटो लयो, ताकी तुम कहुं लज्ज ।।२८२।।

कही भीम कर जोरि तब, आदि सगे तुम भूप।
हम विलस्यो भुल्लें न कहूं, सुख तुम ग्रह अनुरूप ।।२८३।।

ईडरगढ़ तैं प्रसन ह्वै, कीनौ जांन पयांन।
किय मुकांम लगि भीम पय, देवगदाधर आंन ।।२८४।।

करग जोरि डंडोत करि, फिरि परदच्छ महीस।
किय अस्तुति मन वच करम, भीम नम्मि निज सीस ।।२८५।।

देवगदाधर स्तुति

छंद नराज

लघु गुरु प्रमांन पाय जांनि सोर अच्छरं।
नराज छंद नाग अख्खि पंखिराज अगरं ।।

नमो गदाधरं अनादि रख्खि लज्ज भीषमं।
नमो अराधि मौरधज्ज सज्जि नैम संजमं ।।
नमो नृसिंघ रूप नूप भंजि हेम कसिपं।
नमो धराऊ धार कज्जि सज्जि सूकरं बपं ।।
नमो वलं छलं विराट दो हथट्ट वावनं।
नखं प्रहार भ्रम्हइंड आंन गंग पावनं ।।
नमो नरेस रांमचंद दंद भंजि रावनं।
नमो द्विजेस कीन छत्रि अेक बीस आवनं ।।
नमो प्रसंस बोध हंस हंस तेज अंगयं।
नमो त्रिभंग कै विधंस जेन कंस जंगयं ।।
व्रजं सिंधार सूंड धार वारइंद्र आवनं।
नखं अधार अद्रि तार ग्वार गो वचावनं ।।
नमो गुपाल गौप ग्वाल रख्खि आगझाल तैं।
कर्‌यो अदोष नीर कढ्ढि नथ्थि नाग काल तैं ।।
नमो अघं वकं सकट्ट पूतना प्रहारकं।
हयं खरं व्रषभ व्योम भोम दैंत मारकं ।।
नमो दिखाय मात तैं त्रिलोक मुख मज्झयं।
नमो बंधाय ऊखलं उधार जख्ख कज्जयं ।।
नमो विलास रासकं प्रकास नंद नंदयं।
नमो सुप्रेम राधिका मुखं चकोर चंदयं ।।
नमो पयज्ज भीम पाल साल मांन गंजनं।
रूकमिनी प्रतंग रख्खि चैंदिसेन भंजनं ।।
नमो द्रुजोध खंडनं अखंड जोध भारथं।
नमो सिहाय पंड कीन्ह सज्झि पथ्थ स्वारथं ।।
नमो सुदाम अथ्थ देन मागधं विनासनं।
सहश्र वीस आठ से वंधे न्रपं निकासनं ।।
नमो दया विथार भूमि रूप धार वुद्धयं।
नमो कलंक हौन ईस आवतार सुद्धयं ।।
नमो अरूप रूप लछ्छि भूप रूप त्रैगुनं।
नमो अरेह लेह ग्रेह प्रेह देहयं बिनं ।।

नमौ मराल रूप रुद्र मानसं बिहारनं ।
नमौ गदा पदंम संख चक्र पांन धारनं ।।
नमौ अजात मात तात भ्रात गात हीनयं ।
नमौ अपख्ख मुख्ख चख्ख दिख्खनं नवीनयं ।।
नमौ उप्राज पाल भंजि तीन रूप रज्जय ।
नमौ रगत स्यांम सेत आतमान सज्जयं ।।
नमौ रटंत देव दैंत सिख्ख जख्ख रख्खयं ।
नमौ निगंम ते अगंम नेत नत भख्खयं ।।
दिवांन भीम पाय नम्मि यौं सतूति उच्चरं ।
नमौ लज्जा रहावनं सु देव तौं गदाधरं ।।२८६।।

कवित्त छप्पै

चतुर पांन नीरद समांन, तन सोभ प्रकासत ।
गदा पदंम अरु संख चक्र, आयुध अभ्यासत ।।
मुकट सीस सुभ सोभ दिस, कटि तट पीतंवर ।
उर विसाल भृगु लत सुढाल, मुख प्रफुल्लि कंजवर ।।
कटि सिंघ गंग पय खलहलत, देवगदाधर सुख करन ।
जामन मरंन अरि भंज भय, जय जय जय असरन सरन ।।२८७।।

आय दिवांन मुकाम, जीमि भोजन सुख किन्हिय ।
प्रात कुंच हय चढिय, सीख रावर कहुं दिन्हिय ।।
गिरपुर रावर जाय, समुख चवकोस सु आइय ।
करि नौछावर निजर, रांन गिरपुर पधराइय ।।
मुकाम तांम डुंगरपुरह, पधराये दीवांन जव ।
पग मंड परठि उछरि सुमन, कीय नौछावर निजर तव ।।२८८।।

गिरपुर भीम दिवांन, महल विच तखत विराजिय ।
रावर सिवो प्रसंन, रागरंग ऊछव साजिय ।।
फिर अंतहपुर वीच, रांन रावर पधराये ।
निजर लीन तहां करि जुहार, फिर बाहर आये ।।

सुभ भंत गोठ रावर करिय, सव उमराव बुलाय तहं।
जिम्हीय सुगोठ रुचि रुचि सबन, लीन्ह पांन कर्पूर जहं ।।२८९।।

भाव भगत सिवसाह कींन, दीय रांन मांन घन।
कीय रावर तव निजर, हथ्थि हय बसन रु भूषन ।।
भई बिदा हय चढि दिवांन, मुकांम सिधारिय।
साथ आय सिवसींघ, कोस चव आनंद धारिय ।।
दीय भीमसिंघ रावर जवह, हय गय भुषन बसंन सह।
सिवसिंघ गये गिरपुर सुग्रह, आय भीम उदयापुरह ।।२९०।।

वधाई वर्णन

दुहा

जांन आय सुनि दूत मुख, मात वधाई दीन।
उडि सोव्रंन ग्रहराज मनुं, नगर हरख सव[1] कीन ।।२९१।।

सगन जगन द्वै चरन में, जानि छंद ऊधौर।
द्वादस मत्ता अंत लवु, कहति सुकवि सिरमौर ।।२९२।।

छंद उद्धौर

सुनि सहर चर मुख वात । जव निकट आय बरात ।।
वहुमुलि वसन निकार । सिंगारि हाट वाजार ।।
घर घर सुऊछव जांन । सुभ गीत मंगल गांन ।।
सुभ[2] कलस तोरन थंडि । चित्रांम ग्रह ग्रह मंडि ।।
मुख दुलह देखहि प्रात । उर हर्ष नहिन समात ।।
निस निकरि उग्गीय भांन । आनंद वज्जि निसांन ।।
प्रावेस समय दुजेस । किय अरज अग्र नरेस ।।
तव हुकम कीय महारांन । हय गयन करहु पलांन ।।
तिहि बेर धारक आय । दै बौल गज विरदाय ।।
सामाध रिष जिम दिठ्ठ । तव पलक खोलीय निठ्ठ ।।

---

१. इम २. अरु

रज पीठ आव्रत ताय । मनुं अद्रि खंखल छाय ॥
तल डांन झरत अपार । मनुं झरन भूधर वार ॥
भिभरूत्त भूत समांन । मनुं दूत जम भयवांन ॥
कै अस्त विंध गिरंद । सनि राह मनुं कुहु नंद ॥
जोगिंद्र राज सुभेस । कै स्यांम रूप गनेस ॥
तन कुंभ मानहुं बीर । कै जलद भद्द सनीर ॥
आमूल व्रच्छ उडाय । रठठंत लंगर पाय ॥
अरि गढन भंज किवार । दल रूप नीर पगार ॥
वैठाय छल करि निठ्ठ । तिन चढिय धारक पिठ्ठ ॥
द्रढ वंधि कंठ किलाव । गिर अस्त गंग प्रभाव ॥
कर थप्पि कुंभ सुढाल । रज झारि पिठ्ठ रूमाल ॥
अन्हवाय उजल आव । तन तेल करि गरकाब ॥
आंवलन बोह चढाय । गिर स्यांम मनुं घन छाय ॥
जंगाल सिंदुर रेखि । वनि सुमुख सीस विसेखि ॥
रित मनहुं पावस रंग । खचि इंद्र चाप निहंग ॥
सिकलात मुखमल साज । जरदोज झूल समाज ॥
हिमतार हवद सु मंड । कसि पीठ कै चव डंड ॥
सिर किहुं न झंड प्रकास । मनुं व्यंध फूलि पलास ॥
किहुं पीठ नोबत सोभ । गिर सीस गजि घन लोभ ॥
सजि हेम नगमय साज । गनराज रूप विराज ॥
दारोग पायग जांम । हय सज्जि अखिय तांम ॥
मुख रांम हुकम सुनंत । पंडून हय करि तंत ॥
अेलांन दीन तुखार । थपि कंध झूल उतार ॥
अन्हवाय उज्जल नीर । गुंथि व्याल ओप सरीर ॥
फवि चहर व्याल सलंव । मनुं नाग छौंन विलंव ॥
रंग रंग आरिय सोह । जर पाट सूत विमोह ॥
किय सद्रिढ पेटिय जांम । सिर धर अवाइय तांम ॥
धरि पिठ्ठ जीन सुरंग । दुहुं ओर खंचि दुतंग ॥
गज गाह लुंव परठ्ठि । मनुं गंग भारथि दिठ्ठि ॥
हिम जोट दुमचिय सज्जि । खचि जेरवंध विरज्जि ॥

हालर किलायद लग्गि । हिम रूप अति छवि जग्गि ॥
किलंगी रु तुररा धार । मनु धूम्र सिर तप धार ॥
वज पाय झंझर हेम । मनु नृत्य अच्छरि जेम ॥
कुलभांन द्वार हुलास । मनु आय कुल सपतास ॥
करि उछ्ट चपल तुखार । मनु मच्छ नीर मंझार ॥
घट कच्छ अरब खंधार । जल पथ्थ बलख बुखार ॥
तुरकी रु रेबिय केक । चिनाह रोम अनेक ॥
थलभी मराठ धरास । द्रावर तिलंग हु वास ॥
हालार कठ्ठ पंचाल । हय अंग बंग सुढाल ॥
सु भखे तसं भव तेह । वहु मौल मौलिय जेह ॥
अरु ब्रह्म छत्रिय जात । अग पाय गिजवर गात ॥
तिन पसम मुखमल फाव । आरीस सम तन आब ॥
सम ओप बावन गौंन । जिहि पाय मद्धि त्रिभौंन ॥
नीले कुमेत सुरंग । नुकरे संजाव सुढंग ॥
अरु स्याह जांन समंद । जे कुलह अवलख ज्यंद[1] ॥
कहि सुरख लख्खिय केक । वुरदे हंस विसेक ॥
फुलवार महुवे बाज । सिंदली कनूहे साज ॥
अठ मंगल पंच कलांन । कै स्यांमकर्न सुजांन ॥
पट सूत केहरि पेखि । गुलदार जरदे लेखि ॥
नहि यार रंग तुरंग । सुभ लच्छि चाट सुचंग ॥
जे वांन सम सुभ धाप । अग ग्रीव घल्लत चाप ॥
कनवत केतक पंख । अखि पुत्र गिलका अंख ॥
नलि जंत्र कढ्ढि सजोर । नखबज ऊलटि कटोर ॥
प्रथु भाल कंध सुचाप । तुछ पिट्ठ मुझत माप ॥
रजि चाक पुठ्ठहु पिंड । सुर पुंछ तुछ्छिय डंड ॥
उर ठहत फील सफील । विन सुंड गय मनु डील ॥
पय फिरत आतुर आछ । मनु कीन कुलट कटाछ ॥
उडि राग धारक चंप । मनु डार सारंग झंप ॥

---

१. जिद

नहि करत हौड समीर । सुध घाप मांनहुं तीर ॥
उडि चुटक हाथ वगांन । मनुं गुटक सिघ समांन ॥
यौ अंग तेज दिखात । मनुं गंठ वंधिय वात ॥
थरकंत थारिय मज्झ । मनुं न्रत्य अच्छरि सज्झ ॥
फिर गोलकुंड सुभात । मनुं भ्रांमि चक्र अलात ॥
चलि राग वाग अचांन । मनुं सोर आग लगांन ॥
मुख साच वगु तुलि जंद । मनुं खंचि कार समंद ॥
पवसाक सज्जि दिवांन । हयराज पीठ चढांन ॥
यह उपम सुकवि प्रकास । मनुं सूर चढि सपतास ॥
ऊंचास[1] मनुं सुरयंद । मनुं गरूर रोहि गुविंद ॥
वजि वंव नाद प्रमोद । सहनाय वंधि सुरोद ॥
सव सुभट सज्जि पवसाक । जुत हरख चढि अयराक ॥
सुभ सगुन कीन पयांन । पुर उदय प्रविसत जांन ॥
आनंद नगर अपार । अरु हर्ष राजदवार ॥
वंदि कलस पग पग भूप । तिन देत द्रव्य अनूप ॥
जव समय महुरत आय । प्रावेस महल सुभाय ॥
हय उतरि भीम दिवांन । नमि मात चर्न सुजांन ॥
कुलदेव पायन लग्गि । उदमाद सव तन जग्गि ॥
फिर महल आय नरेस । सुख सयन कीन विसेस ॥२९३॥

दुहा

रात विलसि आनंद मय, प्रात जग्गि महारांन ।
नित क्रत किय सिंभू अरचि, जथा इच्छ विहरांन ॥२९४॥

रावत भीम को मनाना

कवित्त छप्पै

ठारह सौ संमत, वरस चालीस वि आगर ।
लेंन काज माहाराज, भीम चलै मग भींडर ॥

1. उच्चैःश्रवा

आय कटक दर कूंच, गांम खैरौदे संनिध।
तहां सिघ उधांन वीच, उठ्ठिय असंख क्रुध ।।
सुन रांन सिघ हक्किय तुरंग, आय सबैं भट तिहिं जगन।
परवेख रहे कर तरफ चव, मनहुं सिंघ बरवा अगिन ।।२९५।।

भीम अग्र तिहिं समय, नांम भगवंत अभंगम[1]।
मुंछ भ्रुहाटी मिलित, धारिय भाटी संमुख क्रम ।।
तेग उछटि भुज दंड, सिंघ परचंड हकारिय।
लथबथ्थ भय उभय, सीस हरि असि वरडारिय ।।
अहि जांनु बदन हो फरि दुछर, भीम तांम हक्किय सुभर।
जमदढ्ढ सेल किरवांन झट, केहरि मारि पछारि धर ।।२९६।।

दुहा

समुख आय दीवांन कै, मौहकंम कौस चियार।
करि नौछावर लग्गि पय, करि श्रीरांन जुहार ।।२९७।।

छंद पद्धरी

पधराय रांन भींडर मझार । हिम सुमन वर्ष पय मंझधार ।।
महारांन आय तव महल मंझ । गादी वयट्ठ रवि तेज पुंज ।।
ह्वै नौछावर तहां नजर होय । आनंद धवल मंगल सजोय ।।
पय लगि कुंवर फतमाल जोर । पय लगि सांग नाहर अरोर ।।
अंतहपुर फिर श्रीरांन आय । ह्वै निजर निछावर हर्ष पाय ।।
फिर गोठ जेव बाहर पधारि । अनेक भंत सुभ जिनस सारि ।।
कर धौय पांन कर्पूर दीन । मुकांम आय सुख सयन कीन[2] ।।
तिहिं समय आय जालंम अभंग । हज्जार पंच तिहिं लोक संग ।।
लगि पाय रांन पाधर नरेस । दीय कुरब भींम सुध मन विसेस ।।
मौहकम मनाय आगमच भीम । श्रीय रांन तखत आये कदीम ।।
प्रावेस महल करि हिंदुनाथ । दीय सीख राज जालम समाथ ।।
क्रत भीम उदयपुर तखत राज । आनंद ऊछह सव पुर विराज ।।२९८।।

---

१. भगोन सिंघ भाटी, पलाना
२. हय गय सुवसन हिम निजर कीन

दुहा

ठारह सौ चालीस त्रय, जांनहु वरष सुभाय।
भीम अजुन धीरत पतो, सादल अजो सु आय ॥२९९॥

किसन बिलास मुकाम करि, लगे पाय दीवांन।
राज काज कछु चित दुमन, गांधी सोम करांन ॥३००॥

कोटा तें आये इतें, चलि मौहकंम माहाराज।
पंच सहंस संग सैंन तिन, सात सुभट सामाज ॥३०१॥

कवित्त छप्पै

झाला राज भवांन, आय सूरजमल अम्मर।
हिरदावत माहाराज नाथ, जेसाह महाभर॥
सगरावत सोवन धरीर, माहाराज रांन कुल।
दयानाथ वगसी सुमंत, भट सत्त महावल॥
करि राज क्रिया जालंम पठय, छल करि सोम वुलाय तिन।
श्रीरांन पाय लगि मांन दिय, सुनिय भीम अर्जुन तदिन ॥३०२॥

रावत भीम रूसाय, कींन मुकांम पुलांनह।
सुनि श्री वाईराज, करिय सिर कोप दिवांनह॥
तू सिसु मति नादांन, स्वांम धरमी भट कढ्ढत।
जिन रखि तुव पितुराज, कपट ता ऊपर पढ्ढत॥
कर जोरि भीम सिर नम्मि कहि, मात हुकम सिर ऊपरह।
तुम चित होय सौ कीजियैं, छल न करूं जटधर सिरह ॥३०३॥

तद श्री वाईराज, भीम मंनावन चल्लिय[1]।
महाज्यांन मंगवाय, अवर भट संगह हल्लिय॥
आय पुलांनै ग्रांम, भीम अरजुन वुलाइय।
दै आदर अरु वचन, पाय माहारांन लगाइय॥
करि कूंच लीन रावत सथह, अेकलिंग मुकांम कीय।
करि वंदवस्त दरसन कजह, रांन मात सिव सिर नमीय ॥३०४॥

---

१. रावतजी ने मनावा पुलांणे श्री वाईजीराज पधारा श्री दुरवार साथै नहीं।

श्री एकलिंग स्तुति

छंद विराज

नमौ अेकरिंगं । ध्रतं मथ्थ गंगं ॥
नमौ पंच माथं । नमौ सूल हाथं ॥
नमौ नागहारी । नमौ ब्रम्हचारी ॥
नमौ गौरि ईसं । नमौ गंग सीसं ॥
चखं अगि ज्वालं । नमौ चंद्र भालं ॥
नमौ मुंडमाली । नमौ वज्रताली ॥
नमौ धूर जट्टी । अघं औघ कट्टी ॥
नमौ देव वांमं । नमौ दाह कांमं ॥
नमौ नील पीतं । नमौ स्यांम सीतं ॥
नमौ लोहितेनं । नमौ मिश्रयेनं ॥
नमौ सिभवायं । नमस्ते सिवायं ॥
नमौ भीम नाथं । नमस्ते प्रमाथं ॥
भयं भंजि दुख्खं । नमौ च्यारि मुख्खं ॥
वरं दास दैनं । नमौ तीन नैनं ॥
नमौ रूप घोरं । नमस्ते अघोरं ॥
विरागं समुद्रं । नमौ रूप रूद्रं ॥
नदं सिंगि साजं । नमौ सिद्धराजं ॥
नमस्ते अनादं । नमौ अंत आदं ॥
दिखं ज्याग ध्वंसी । नमौ भू प्रसंसी ॥
गर्जं त्रैपुरायं । नमौ अंध धायं ॥
भसंमा कहंतं । नमौ गौरि कंतं ॥
अमोहं समोहं । नमौ नंदि रोहं ॥
जनं सत्रु नस्तं । नमस्तं नमस्तं ॥२०५॥

छंद साटक

(अपभ्रंस भाषा)

शीर्षं गंग भुजंगहार सुधृतं रूंडाल माला उरं ।
चंदं भाल मदाल खाल बसनं कापाल सूलं करं ॥

फर्सं मृग्वर भीतिहस्तदधतं हेमाद्रिअंगं निभं।
श्री गिरजानन कंज मध्व मधुपं जै जै सिवं संकरं।।३०६।।

अंघ्रि पद्मदसास्य अर्चनतया तत्प्राप्य लंकापुरं।
यत्सेव्यं पदव्यिधने समगमत कौवेरयं जक्षिराटं।।
वाणं वाहुवलं प्रसिद्धं प्रवलं माहेस्वरं अर्चनातं।
सोयं सिभ समे प्रसन्न वरदा भूयात् सिग्रविभुं।।३०७।।

छंद सालिनी

भवति जगविभूती भूतयं अंगरागात्[1]।
अखिल अवनिसिधि प्राप्यते सिद्धिराजात्।।
मन सरव मनोर्थ पूज्यते कांमदाहात्।
विलयतु जग वाधा संकरा संकर स्यात्।।३०८।।

छंद त्रिभंगी

प्रथम दहमत्ता अठ्ठ सुमत्ता फिर अठ्ठमत्ता षटमत्ता।
द्वात्रिसत मत्ता पय प्रति भत्ता अंत सुभत्ता गुरु जुत्ता।।
खगराज अगानं नाग वखानं लच्छन जानं छंदानं।
तिरभंगी छंदं अखिख कविंदं सेखर चंदं गुन गानं।।
जय जय इकलिंगं दाह अनंगं धरि उत्तमंगं जल गंगं।
पटखाल मतंगं आवृत अंगं गिरजा रंगं भखि भ्रंगं।।
उर उरग सुढारं सोभित हारं नंदि सवारं जटधारं।
कर वांन प्रहारं कोपि अपारं कीन्ह सिंघारं त्रिपुरारं।।
म्रत्युंजय नांमं दाहक कांमं गिरजा भांमं गुन ग्रांमं।
निज आतम रांमं जोग जगामं धरि उर ठांमं घनस्यामं।।
जय सिव अवधूतं तन अद्भूतं परिगह भूतं आहिसुतं[2]।
सारद जीमूतं छवि तन पूतं दिखि डर हूतं जमदूतं।।
जय आदि जटेसं दिग पट भेसं तात गनेसं गिरजेसं।

---

१. सोलमो तत्तो वोले सो बिजन छै, परो काढ्यां छंद तुटै घटै नहीं
२. नाग उपवीत

दुतिया नखतेसं भाल रजेसं उर अगेसं भुजंगेसं ।।
जय जय चऊ मुख्खं सानंद रुख्खं विजया भख्खं रत अख्खं ।
लोचन हुत भख्खं परम पुरख्खं विगत विपख्खं सुख दुख्खं ।।
सिर धारन आकं पांन किनाकं डमरू डाकं बर वाकं ।
वजि वीरन हाकं अरि पर धाकं दिख जिगसाकं सुनि नाकं ।।
रावल वप्पानं अचि पयानं छत्र धरानं वरदानं ।
सीसौद कुलानं थिर थरपानं चित्रगढानं सम पानं ।।
कर डमर सुवाजं सूल समाजं जोग जिहाजं तप भ्राजं ।
यह भीम सकाजं थिर करि राजं श्रीसिधराज रख्खि लाजं ।।३०९।।

दुहा

अेकलिंग दरसन करै, लै आसिका सु आय ।
लगे वाईराज तव, व्यंधवासिनी[1] पाय ।।३१०।।

श्री देवी व्यंध्यवासनी स्तुति

छंद भुजंगी

ऊवंकार रूपी नमौ मात अंवे । नमौ वासिनी व्यंध्य वाहं प्रलंवे ।।
नमौ तूं सवित्री नमौ विष्णु माया । नमौ बांम अंगा सिवं जौग माया[2] ।।
नमौ तूं कुमारी नमस्ते नवौढ़ा । नमौ मध्यवेसं नमौ रूप प्रौढ़ा ।।
नमौ स्वकीया प्रकीया वार नारी । त्रिया रूप सर्वं नमौ मूल धारी ।।
नमौ ब्रांम्हनी खित्रीया वेस बांमा । नमौ सूद्रनी यावनी रूप रांमा ।।
नमौ रोहिनी तूं रना रूप रज्जं । नमौ नारसिंघी कुमारी सकज्जं ।।
नमौ माधवी भैरवी रिद्धि सिद्धि । नमौ जख्खिनो वारुनी निन्द्य बुद्धि ।।
नमौ नैरती वायवी यांमिनीयं । नमौ तूं स्वहायं सिवं भामिनीयं ।।
नमौ भ्रंम्ह माया अधं नागिनीयं । नमौ रूप भूपं ग्रहं रागिनीयं ।।
नमौ किन्नरी पंछ्छिनी रछ्छिनीयं । नमौ संभवी भख्खनी रख्खिनीयं ।।
नमौ सारस्वती रसन्ना निवासं । नमौ लज्ज रूपी जगं नैंन वासं ।।

---

१. विंधवासिनी २. धाया

नमो गंध्रवी विध्यरी राग रंगी । नमो घट्ट वट्ट निजी दास संगी ।।
नमो पूरवं मां कुमक्ष्या स्वरूपी[1] । नमो कंगुरावासिनी ज्वाल रूपी ।।
नमो पच्छिमं कोयला हींगुलाजं । नमो दच्छिनं भू तुलज्जा सकाजं ।।
नमो मध्ययं वास आरास अंवा । नमो अर्बुदं अर्बुदा दास भंबा ।।
नमो नागिनेची रवेची करंनी । नमो पूरना अंन दुख्ख हरंनी ।।
नमो कालका टाल आकाल कालं । नमो धरन्नी अर्ध राकेस भालं ।।
नमो खग्गनी सूलिनी संखिनीयं । नमो वज्रनी चापिनी यंखिनीयं ।।
नमो परिघायं भुसंडी द्धानं । नमो जंमदढ्ढा फरीसेल बानं ।।
नमस्ते ऋतं सत्रु प्राहार रन्नी । नमस्ते जनं वंधनी धार अन्नी ।।
तुंही भृंम रूपी स्रजैं श्रष्टि सारैं । तुंही विष्णु रूपी दया धार पारैं ।।
तुंही रुद्र रूपी करै अंतनासं । तुंही भांन रूपी करैं भू प्रकासं ।।
प्रथी आप तेजं तुंही भू समीरं । तुंही पंच तत्वं प्रपंचं सरीरं ।।
तुंही बुद्ध रूपी हिरदै प्रकासैं । तुंही वाग वांनी रसन्ना निवासैं ।।
तुंही देह तूं नेह तूं ग्रेह चंडी । तुंही सत्त तूं जत्त तूं मत्त मंडी ।।
तुंही कांम तूं भांम तूं धांम छाया । तुंही जीव तूं सीव तूं मोह माया ।।
तुंही रूप सीता हरैं रांम वाधा । व्रजं कंन्ह मौहैं तुं ही रूप राधा ।।
अलछ्छी न लछ्छी मनुछ्छी न रछ्छी । विपछ्छी न पछ्छी न जछ्छी अपछ्छी ।।
अनंगी न अंगी कुरंगी न रंगी । पनंगी न नंगी न भ्रंगी मतंगी ।।
अदोषा न दोषा सरोषा विदोषा । अघोषा न घोषा सो तोषा न तोषा ।।
मुनि दान चंदा दुरि दान इंदा । फुनिंदा न सिंघा गिरिंदा गुत्रिंदा ।।
अतोली न तोली अवोली न वोली । अमोली न मोली अनोली न नोली ।।
अधीरा न धीरा समीरा न वीरा । अभीरा न भीरा वजीरा न मीरा ।।
तुंही निर्गुनं सर्गुनं तें प्रकास्यौ । निराकार आकार में तैं विलास्यौ ।।
मधु कीट माहिष्प तैं ही विडार्यौ । चखं धूम्र तैं चंड मुंडं सिघार्यौ ।
तुंही रत्त वीजं हृत्यौ सोखि रत्तं । हते सुंभ निस्संभ तैं ही सगत्तं ।।
निराकार मज्झै पहल्लै समांनी । भही अच्छिरा रूप दूजै भवांनी ।।
स्वरं चोरसं विजनं तीस तीनं । अनुस्वारं विसर्ग प्लुतं प्रवीनं ।।
गजं कुंभ रूपं जिव्हा मूल मंडी । भई वावनं मात्रका रूप चंडी ।।
करे च्यार खांनां नरं नार दूनं । असी च्यार लख्खं कीयं जीव जूनं ।।

---

१. मगुरूपी

विचैं सक्ति रूपी विराजी सुठाहं । गई तूं तहं[1] सव्य ते आगिदाहं ॥
तुंही भू प्रकासै सवै जंत्र मंत्रं । क्रीया रूप मूली तुंही देवि तंत्रं ॥
तुंही रोग तूं वेद तूं सिभरांनी । तुंही औसधं रूप राजै भवांनी ॥
अनंतंरमालजं कामं स्वहायं । रितं अच्छिरं तो[2] मनुं वेद गायं ॥
नमौ वासिनी व्यिध श्रीमात अंवै । पयं सेव्य मांनं अहं रख्ख उवै ॥
करी मात[3] अस्तुत पै लग्गि जामं । दियं आसिकं देवि आनंद तामं ॥३११॥

दुहा

विंधवासनी तैं निकट, सुंदर आश्रम जांन ।
रिष हरीत कै पाय तव, लग्गी मात दिवांन ॥३१२॥

हारीत रिष स्तुति

छंद पद्धरी

जय रिप हरीत अघहर्नहार । जय ब्रंह्म रूप ब्रंह्मावतार ॥
जय जटाजूट सिरधर रखेस । जय ध्यांन मग्न भूतेस भेस ॥
जय अेकलिंग आराध्यवांन । जय दांत सांत्त रस साध्यवांन ॥
जय सत्त रूप रज तम विहींन । जय मौह क्रोध लोभह अलींन ॥
जय भस्मराग दिग वसन अंग । सुक रूप जयति जेता अनंग ॥
जय जोगराज वर्जित उपाध । जय जोग भेद अष्टांग साध ॥
जम नियम रु आसन प्रनायांम । प्रत्या अहार ध्यांनह सुस्यांम ॥
धारना सप्त अष्टम समाध । जय जोग सिंधु पेरक अगाध ॥
जय धारवांन जग्यौपवित्र । जय अवुधि तिमिर नासक सुमित्र ॥
तप सिंधु जयति भस्मंगराग । जय जगत वोध सुभ धर्म माग ॥
वर देन जयति वापा नरेस । सीसौद वंस गुरु जय रिखेस ॥
हारोत नांम जय जय मुनिंद । अस्तुति कीन जननी नरिंद ॥
अ तिक सु लींन मुक्काम आय । आनंद कींह अहनिस सुभाय ॥३१३॥

---

१. तनं २. रितं रंग तोयं
३. वाईजीराज

दुहा

उठि मुकांम कयलासपुर, आय सहेलिन बाग।
सहित भीम अर्जुन सबन, बाइराज बड भाग ।।३१४।।

कवित्त छप्पै

करि सलाह जिह ठोर, भूमि कारज जग जांनिय।
रांन बहुत समझाय, भीम अरजुन नहीं मांनिय ।।
सोम कपट दिल रख्खि, भीम अरजुन चढ चल्लिय।
गये दुरग चीत्तौर,[1] रांन निज महलन हल्लिय ।।
अरि तिमिर उलूक निस नसविलत, अगह गहत ना मत अनम ।
दीवांन भीम राजस करत, जेठ भांन मध्यांन सम ।।३१५।।

मेहता मालदास का मारा जाना

अरिल

ठारह सै चालीस चियारं। वरस मास मृगसह सु विचारं।।
मालदास महतौ तिंहि वेरं। विदा कीयो दिस जावद नेरं।।३१६।।

इतने विदा कीये उमरावं। मांन पांन दै दै सरपावं।।
पति सादरी राव सुरतानं। सजा सुतन कहि राजकलानं।।३१७।।

जालम रावत[2] सूर सधीरं। महाराज दौलत वरवीरं।
रानावत कुसीयाल अभंग। सादक अरु पंज दिय संग।।३१८।।

कवित्त छप्पै

मालदास हकि कटक, कूंच दर कूंच अपारह।
जावद आय अभंग, अमल कीनौ तिंहि वारह ।।
अरु उतकूं परगना, लीन जे अमल करानह।

---

१. सोमजी गांधी ने चुकवां पछे रावतजी चित्तौड़ गिया।
२. कानोड़

जंगी जैत वजाय, फेरि निज ख्वाइंद आंनह ॥
निज धर जमाय अरि सरद करि, पर धर ऊपर दाव दिय।
यह धुंध भयो मालव धरा, सुनत प्रजालि मरहट्ठ जिय ॥३१९॥

प्रवल सैंन दस सहंस, सजि उत मरहठ्ठ धाइय।
मालदास सुन इतें, समुख निज सैंन चलाइय ॥
मिटीय वीच अरि हर, नगीच झंडा फहरांनह।
सुनत तोप आवाज, सुनत जंगी नदकांनह ॥
करि स्नांन दान रवि उगमन, सझि सिलह अरु अनिय वट।
वस क्रोध रात कढ्ढियसु निठ्ठ, प्रात तेग वज्जिय झपट ॥३२०॥

छंद पद्धरी

दुव दलन मज्झ वजि तोप रीठ। जगी कि सिंभ मनु प्रलय दीठ ॥
दुव तरफ परत गोले सुमार। मनु वूठि मेह अंगार धार ॥
हयराज हक्कि तव मालदास। निज हथ्थ उनग्गिय चंद्रहास ॥
अरि सीस खग्ग हथ्थवाह होय। यक घाव हौत तन टूक दोय ॥
निज स्वांमि काज तन भंजिसूर। गो मालदास वयकूंट सूर ॥
सुरतांन राज भुज झल्लि सार। अरि भंजि तेग समहर अपार ॥
भिद कूंत तीर तन रूंम रूंम। तव पर्‌यौ खेत घट घाय घुंम ॥
कढि तेग राज समहर कलांन। मनु लग्गि विपंन ज्वाला क्रसांन ॥
इम करत घाव सजमाल नंद। मनु भिरत पथ्थ दुरजोध व्रंद ॥
लगि लोह सुतन लिलाट भार। मनु जटित समुख रजवट जुहार ॥
जगतेस नंद जालम अभंग। जुट्टीय अभंग अरि सेन जंग ॥
घन भंगि सत्रु तन लग्गि घाय। परि खेत लीन अरिहर ऊंचाय ॥
दोलतसिंघ अरि तेग खंड। भुज डंड विरद निज वंस मंड[1] ॥
कुसियालसिंघ निज रांन वंस। लिय तेग व्यौम रवि करि प्रसंस ॥
रिन उदध वीचकिय वुंद वाज। तन खंड खंड करि लौंन काज ॥
अरि टूक टूक करि ईस जोत। गो अमर लोक सिर चमर होत ॥
सादक अरु पंजू जुट्टि सार। सिंधी सिपाह रजवाट धार ॥
सादक नि लोह पंजू सुघाय। अरि हस्त भंज जिहि भिस्त पाय ॥

१. कटि सिलह घाव भुज विरद मंड

जावद सु छंडि लरि दीपचंद । लै तोप गयौ निज ग्रह उकंद ॥
यह भांत वित्ति भारथ भरांन । देवत गत सब जग सिरांन ॥
तिहिं लंघवांन सामर्थ कौंन । तिहिं इच्छ होय सौ अवस्य हौंन ॥३२१॥

माधव-जालम का उदियापुर आना

कवित्त छप्पै

ठारह सौ चालीस आठ, जांनहु संमछ्छर ।
पावस सांवन मास, घटा घहरात निरभ्भर ॥
माधव जालंम समिल, पंथ उदीयापुर झम्मीय ॥
माधव नाहर गिर मुकांम, दल कीध[1] अनम्मीय ॥
जालंम पठाय उदीयापुरह, तिह चौगांन मुकांम किय ।
लगि रांन पाय अरदास करि, वारि गाह बाहर खचिय ॥३२२॥

दुहा

सोरह मत्ता चरन प्रति, गुरु लघु नियमन नांहि ।
पिंगल ग्याता कवि कहत, छंद वियख्खरि जांहि ॥३२३॥

छंद वैअख्खरी

जालंम राज अरज सुन कांनं । नाहर गिरि किय भीम पयांनं ।
हुकंम साह सिवदासह अख्खिय । उदयापुर सतिदासह थप्पिय ॥
साथ लिये जयचंद अभंगह । रखन रेह स्वांम ध्रंम रंगह ॥
वज्जिय प्रात नगार निनादं । नभ धर धुज्जि गिरं परसादं ॥
भीम चढे हयराज अनम्मिय । रवि रज ढंकि सेस सिर नम्मिय ॥
सथ्थ चढे भट सज्जि सकांमं । अख्खत तास पात मुख नांमं ॥
पति सादरी राज सुरतांनं । रावत वीजो संभरी रांनं ॥
रूपवंस मोहकम माहाराजं । काको बखत सज्झि पित काजं ॥
सगतावत रावत सगरांमं । बावो कहिं सालम वरियांमं ॥
रावत जोरो सझि रिन रावत । सुत गोपाल विसन सांगावत ॥
दै करतल भुज भार दिवांनं । उदियापुर रख्खे कलियांनं ॥
काको भैरव सजि अगजीयं । बाघ सुजाव स्वांम ध्रंम रजीयं ॥

---

1 कीन्ह

सजि काको भगवंत अभंगह । रावत अेकलिंग पथ जंगह ।।
वावो दौलतसिंघ महाब्भर । ऊदल दलौ संभरी अड्डर ।।
राणावत वखतेस अरेहं । अख मौहकम सगतावत अेहं ।।
विसन अदोत छता सुत बीरह । भीम भ्रात गोपाल सधीरह ।।
सज्जि दास मनहर भगवानं । सजीय देव रु चैंन जवानं ।।
मूंहनदास तखत सजि अंगं । सज्झिय साह दास इकलिंगं ।।
महतौ अगर संग चढ़ चल्लिय । साह किसौर रोह हय हल्लिय ।।
धाभाइ चढीया पित ढालं । ऊदल फतो अवर हठुमालं ।।
चुत्रभुज पंचौली चूंडावत । रांम मसांनी स्वांम रिझावत ।।
नाथ सुरुप पंचौली नाहर । सिवदत्त व्यास गुलाब सराहर ।।[1] ।।
केसवराय नगो पटवारी । लाल गजन्न उभै जलधारी ।।
पांडे विसन जोर गहलोतं । लालौ नींक किसन विरदैतं ।।
सादक सिंधी दार जमातं । कौ भट अन्य गिनैं चढि प्रातं ।।
अन सिर वंधिय लोक अमांनं । पहु जाहर द्वै सहस पठांनं ।।
यो रजि भीम अरोहि हुबासं । मांनहु सूर चढे सपतासं ।।
चांमर होत दुओर झपट्टह । मनुं गंगा गिर मेर उपट्ट ।।
फोज जसोल भये इतमांमं । मांनहु मोर घटा घनस्यांमं ।।
केत उडी गज पीठ सुरग्गिय । मनुं गिर स्यांम निसा दव लग्गिय ।।
यौं चढि भीम दिवांन पधारिय । सिंघ गिरंद समीप सवारिय ।।
माधहि आगम भीम सु मन्निय । दूतन जाय जवैं सुध दिन्निय ।।३२४।।

दुहा

मुरधरपति विजपाल न्रप, सुत तिंहिं जालमस्यंघ ।
भागिनेय मातुल ढिगह, सुभट पंच सत संग ।।३२५ ।।

---

१. क-इसके वाद मूल ग्रन्थ में निम्न पंक्ति लिखकर वाद में काटी गई है—

'वारट भोप जसौ सिवदांनं । सुकवि तीन संग चल्लि सुजांनं' ।।

ख-पर हांशिये में निम्नलिखित नाम लिखे गये हैं

'सहीवाला नाथजी खवास नंदरांमजी केहणो'

कवित्त छप्पै

जालंम राज दिवांन भीम, नाहर गिर ल्याईय।
सुनि माधव [1] आगंम दिवांन, चढि संमुह आईय[2] ॥
दोय कोस सनमुख पधारि, माधव पय लग्गिय।
किय नौछावर कह्यौ, आज हम प्रावत भग्गिय॥
हिंदू-दिनेस चित्तौर पति, सिव सरूप जग उच्चरीय।
कहि माध करूं माहारांन कौ, हुंकम होय सौ नौकरीय ॥३२६॥

पठानों का घरना

कवित्त छप्पै

नाहर गिर महलन मुकांम, कीन्हें छत्रधारिय।
तव प्रधांन सिवदास, करे सव सज तय्यारिय॥
कितक दिवस रहि सिघकूट, चढि चल्लन अख्खिय।
द्वै दिन प्रथंम पठांन, [3] आय धरना डोढीकिय॥
दिन त्रतीय कूंच रुकि वक्कि मुख, गैर जुवां खग नग करि।
करि हल्ला समिट डोढी दिसह, अली अली मुख तें उचरि ॥३२७॥

कवित्त

जिंहि पुल अेते जोध, हुते माहारांन हजूरं।
वावो जालम वखत, साह किसौर सनूरं॥
भाटी अजब अभंग, सद्रिढ मौहकम सगतावत।
सिवदत व्यास सधीर, द्रोन समहर दरसावत॥
नरस्यिंघदास माहाराज निज, ताखौ चुंडावत तखत।
खग नगी भीम ढिग भट यते, वगी हाक जुध जिंहि वखत ॥३२८॥

सुनि निरत महारांन भीम, उर क्रोध प्रगट्टिय।
छुट्टिय संकर सिघ, रुद्रताली मनु खुट्टिय॥
कै ग्रीषम वन मांझ, मनहुं दावानल लग्गिय।
कै सिंचत घ्रत कुंभ, मनहुं जिग आग सु जग्गिय॥

---

१. पटैल २. चढि आतुर धाईय ३. पठाणां मोलक दोय सेर जंग खां, कफूर खां

दिखि अँन खुटि चित्रक कुलफ, पुंछ चंपि अहि फुंकारिय।
परि तत्त तेल जल बुंद मनुं, सोर गंज पावक परिय ॥३२९॥

छंद विराज

भयं[1] रांन कोपं । मुखं बीर ओपं ॥
फरक्के भुजांनं । चखं रत्त वांनं ॥
उरं जग्गि कोहं । मिली मूंछ भौहं ॥
कढी पांन खग्गं । मनौ आगि जग्गं ॥
चितं जंग चायं । दियं अग्ग वायं ॥
भटं हक्कि तारं । मुखं मार मारं ॥
चली तेग अैसैं । घनं वीज जैसैं ॥
इतं ऊत सथ्थं । भये लथ्थ बथ्थं ॥
बखत्तेस जुट्टं । मनौ सिंघ छुट्टं ॥
तखत्तेस सूरं । रजं मुख्ख नूरं ॥
अरि सैंन डोहं । करं लग्गि लोहं ॥
घटं घुम्मि घायं । वयंकूंट पायं ॥
ऊदेराम भाई । तहां बढ्ढि ताई ॥
जुध पै अडग्गं । करं घाव लग्गं ॥
सुतं वाघ भेरं । मनौ छुट सेरं ॥
मन्हौरं अभंगं । जुटे दूठ जंगं ॥
दलं चैंन दासं । खगं भंजि खासं ॥
अभै पै जवांनं । ईर[2] जूथ भांनं ॥
भगवांन देवं । गुपालं जुटेवं ॥
दुहू धा कराली । बजी तेग ताली ॥
समाधं सकाजं । खुटी सिधराजं ॥
उडै तेग मुंडं । मनौ चक्क पिंडं ॥
चलैं रत्त खालं । पतंग प्रनालं ॥
इकं घाय अंगं । उडै द्वै वरंगं ॥
बहैं श्रौन घट्टं । मनौ रंग मट्टं ॥
तुटैं तेग सीसं । फुले कंज दीसं ॥
जुतं वीर साथं । नचै भूतनाथं ॥३३०॥

---

१. तन २. अरि

छंद पद्धरी

माहारांन भीम सुभटन हकार । वगि तेग भाट मुख मार मार ।।
सुनि जुद्ध हाक सव हक्कि सैंन । कपि उलटि मनहुं गढ लंक लैंन ।।
पैंतीस कट्टि तेगन पठांन । फिर निठ्ठ पिठ्ठ तव घाव मांन ।।
अरि माहारांन अग्र भग्गि अेम । मनु सिंघ अग्ग म्रग डार तेम ।।
जुध रोस अरिन चढि पिठ्ठ तेह । वरजीय सु भीम निज सुभट जेह ।।
अरि मार तेग भैरव अभंग । जर कीन वाघ सुत अडर जंग ।।
भट करि सलांम कम्मीय मुकांम । जर्राह वुल्लि वंधि घाव तांम ।।
फिर दुतिय दिवस माधव सु आय । निज सेन रांन हाजरि दिखाय ।।
करि कूंच त्रतीय दिन उभय सैंन । उडि गिरद पाय रवि मुंदि गैंन ।।
दर कूंच कूंच चित्तौर आय । मुकांम ग्रांम हथ्थी सुभाय ।।
फिर दुतीय दिवस चित करि विचार । कहि भीम भीम कहुं समंचार ।।
श्रीरांन हुकम फुरमाय अेह । खाली दुरंग करियै अछेह ।।
कछु वातचीत नहि धरीय तव । फिर कटक सज गढ घेरि जव ।।
दक्खिन दिसांन मौरचा मंडि । रचि जुध दिवस निसप्रति अखंडि ।।
रावत विचारि चित लाज लोग । नहिं कवहु स्वांम संग्राम जोग ।।
अंवाहि ज्वाव कहवाय भीम । हम रांन चरन सेवक कदीम ।।
जालंम करहि रुखसत्त जांम । हम रांन पाय लगहि सु तांम ।।
जालंम ही सीख तव दीय दिवांन । लगि रांन चरन तव भीम आंन ।।
कुछ मामलत्त ठहराय जांम । दीय माध हथ्थ माहारांन तांम ।।
माधवहिं सीख वगसीय दिवांन । गज वाज सन भूषन सुमांन ।।
करि निजर भीम फिर माधराव । हय गय वसंन भूषन सुभाय ।।
करि माध कूंच दक्खिन दिसांन । माहारांन आय पुर उदय थांन ।।
सुभ दिवस प्रविस महलन मझार । पय मात नम्मि आसिख ऊचार ।।३३१।।

दुहा

गुनचासा जांनहु वरस, रित वसंत वैसाख ।
लगन थप्पि तांनै त दिन, भीम व्याह अभिलाख ।।३३२।।

कवित्त छप्पै

सुभ मोहरत चढि रांन, जांन तांनैपुर हल्लिय ।
वंब बज्जि नीसांन, धजा गज पिट्ठ सुखुल्लिय ।।
सनमुख राज किसोर, आय करि नजर लग्गि पय ।
करि मुकांम फिर चढीय रांन, वंधि मौर पिठ्ठ गय ।।
तौरन सुवंदि चंवरी प्रविस, वेद मंत्र भांवरि फिरीय ।
झाली विवाहि माहारांन इम, ऊदयापुर दिस संचरीय ।।३३३।।

कुंभलगढ़ फतह करना

कवित्त छप्पै

गये माध दच्छिनह, रख्खि आंवौ मेवारह ।
मिलि प्रधांन सिवदास, मुलक करि अमल जि वारह ।।
संग दल बीस सहंस; रांन सिर ऊपर रख्खत ।
करत मुलकतह सील, फिरत धर रच्छि काज नित ।।
श्री रांन भीम सिवदास अरु, मिल आंबौ सलाह किय ।
फतूर करन निरमूल तब, कुंभमेर पर दाव दिय ।।३३४।।

अरिल

रावत अर्जुनसिंघ महा भर । महतौ अगर किसौर सचिव फिर ।।
अे त्रय सुभट भीम माहारांनह । दीये संग सिवदास समांनह ।।३३५।।

उडि धज फील वंब नद वज्जिय । बंधि सिलह करि कूंच फवज्जिय ।।
आय मुकाम करे खमनौरह । परि आतंक सत्र चव औरह ।।३३६।।

दिय कागद घांनोरा जांमह । दुरजन कमंध वीर सुत तांमह ।।
स्वांमि धरम सिर ऊपर धारहु । तो यह कारज स्वांमि सुधारहु ।।३३७।।

उततैं तुंम इततैं हम आवंहि । तेगन मारि दुरंग छुडावहि ।।
यह निज खांमिंद काज करैतैं । रहि हैं वात सूर सिस जैतैं ।।३३८।।

दुहा

समाचार पीछे लिखहु, जो कुछ चाहैं चीत।
ना करवौ तुम जोग नहि, हां करवौ कुल रीत ॥३३९॥

हम जुध करि हैं अवस ही, तेग सत्र दल तोर।
भीमसींघ परताव तें, लैहैं गढ़ भुज जोर ॥३४०॥

सुनि कग्गर दुरजन कमंध, लिखीय पत्र मजवूत।
तुम पहलैं हम लैंहि गढ़, तो जांनहु रजपूत ॥३४१॥

भीम भाग्य तैं लैंहि गढ़, तेग सत्र दल भांन।
हम तयार आवन सु तुम, न करहु ढील प्रधांन ॥३४२॥

सुनि हरखे सिवदास चित, दिय दूतन वगसीस।
कुंभलगढ़ दिसि चढि कटक, आसमांन लगि सीस ॥३४३॥

छंद पद्धरी

सूकर ढाबीयां वीये संग्राम ॥२॥

ज्या पग अडग भांण सीस जैते,
मांने कांण जगत अणमाप।
न्रप अहनांण हुवा जैं नसचै,
पांण झालीयां दूवै प्रताप ॥३॥

सुण तै गाथ कमंध कछ सूणीयां,
नहचे वेणीयां पात नरेस।
महमा हाथ 'भीम' महरांणां,
जग अखीयात दुवा जगतेस ॥४॥

गीत

यश वर्णन

बैठो अड़ाकां रावतां हेट हेटो जंग जेतवार,
मेटो रोर पातां थेटो पलेटो समोद।
हेक अणी न नामे दलीस अंवखास हेटो,
साचो 'भींम' थारो छेटो लपेटो सीसोद ॥१॥

दमी सत्रां अदंमां अखंमीआर जगा दूजा,
पाडिसां विखंमी वागां न भीमीस सपीठ।
जमी नवा खंड़ां भालो ऊगंमी रसमी जैते,
केलपुरा वालो एतो अनंमी किरीठ ॥२॥

झड़ी डंकां वाहरां नकाई ताय वाघ झूठे,
अड़ीघां साहरां की वजाई खाग आप।
खुमाण साहरां गोखां नमाई न रहे खड़ो,
पाधरो जाहरां धड़ो विजाई प्रताप ॥३॥

अभेटे कुराण भेटे पुराण सांभलो ईस,
खेटे लाग असुराणां चोवलो खपांण।
गण हेटे डंड झोल दे न नामा व (गो) लो,
हिंदु थांरो लपेटो ऊजलो हिंदुवांण ॥४॥

□

(१) नवा गाम का ताम्रपत्र, वि. सं. १८६३ आसाढ़ सुद ४ बुधवार

॥ श्री रामो जयति ॥

श्री गणेस प्रसादातु — श्री एकलिंग प्रसादातु

भाले का निशान

सही

१- महाराजाधिराज महाराणा श्री भीम
२- सिघजी आदेशातु आड़ा कीसना दुलाव
३- त कस्य गाम नवो गाम प्रगणे चावड रे त
४- ने आघाट करे दीदो लागत वीलगत गा
५- म टको दाण सुदी सो चोलण कणी वात री
६- व्हेगा न्ही स्वदत्तां परदत्तां वाजे हरंती वसु
७- धरां षसी व्रष सहस्राणी वीसटायं जायेते
८- क्रमी दुवे श्री मुष लीषता पंचोली वलभ दा
९- स गीरधरलालोत संवत १८६३ वर्षे असा
१०- ढ सुद ४ बुध[1]

(२) सारणों का खेड़ा का ताम्रपत्र, वि. सं. १८६७ मृगसिर विद १२ शुक्रवार

॥ श्री रामो जयति ॥

श्री गणेस प्रसादातु — श्री एकलिंग प्रसादातु

भाले का निशान

सही

१- महाराजाधिराज महाराणा श्री भीमसिंघ जी
२- आदेशातु आडा कीसना दुला रा कस्य गाम सा
३- रणां रो षेडो प्रगणे पुर रे तोहे आघाट करे ता
४- वापत्र करे दीदो लागत वीलगत षड लाषड
५- गाम टको सरव सुदी सो कणी वात री चोल

---

१. ताम्रपत्र का आकार–१९.५ × २९.५ से. मी.

६- ग्रा वहेगा नही स्वदत्तां परदत्तां वाजे हरं
७- ती वसुध्रां पस्टी व्रष सहस्राणी वीसटायं
८- जायेते क्रमी दुवे श्री मुष लीषता पंचोली व
९- लभ दास गीरधरलालोत संवत १८६७
१०- रा मगसर वीद १२ सुक्रे [1]

(३) वलदरखा का ताम्रपत्र, वि. सं. १८७३ पोष सुद ३ रविवार

॥ श्री रामो जयति ॥

श्री गणेस प्रसादातु श्री एकलिंग प्रसादातु

भाले का निशान

सही

१- म्हाराजाधिराज म्हाराजकुवार श्री अमरसीघजी आदेशातु
२- आढा कसना दुलावत कस्य म्हे चीत्रकोट ऊप्रे थांहे नीवा ज
३- स कर हाथी १ घोड़ो १ रूपा री सागत सु गाम १ वलदर
४- षो प्रगणे चीत्रकोट रे तावापत्र ऊदक आगाट करे दीवा
५- णी नीम सीम लोग भोग लागत वीलगत डंड वीराड ष
६- ड लापड गाम टका सुदी मया कीदो सो कणी वात री चोल
७- ण व्हेगा न्ही थे हे थाहारो पावा जावोगा सवदत्तां परद
८- तां वाये हरंती वसुध्रा षस्टी व्रष सहस्राणी वीसटायं
९- जायेते क्रमी प्रत दुवे पंचोली वीसवनाथ भट सुष
१०- रांम लीपता पंचोली सुरतसीघ नाथुराम रा संवत
११- १८७३ वर्षे पोस सुद ३ र वे ऊ [2]

---

१. ताम्रपत्र का आकार-३० X २० से. मी.
२. ताम्रपत्र का आकार-२४.५ X ३१.८ से. मी.

(४) वड़ा सीसोदा का ताम्रपत्र, वि. सं. १८७५ चैत्र विद ५ मंगलवार

॥ श्री रामो जयति ॥

श्री गणेस प्रसादातु | श्री एकलिंग प्रसादातु

म्हार वंरो उठावेगो श्री जी

पुगेगा जीने तलाक छे

भाले का निशान

सही

१- महाराजधिराज महाराणा श्री भीमसिघजी आदेशातु आडा कस
२- ना दुलावत कस्या थाहे म्हे नीवाजस कर अजाची कीदा जणी
३- रा बगसीस महे गाम वडो सीसोदो प्ररगणा पाहालाव ला
४- रे थाहे नीम सीम भागल ऊणी री लारे वे ज्या चाम चाम जमी
५- लोग भोग डड वीराड षड लाषड गाम टको लागत वीलग
६- त रूष वरष कुडा नीवाण सरब सुदी आघाट सासण कर म्हे
७- कसी व हे बगसीस कीदो हे सो थारा वेटा पोता सपुत कपुत पी
८- डी दर पीडी तारी गडवाडो करे दीवाणो हे सो थे घणी जमा
९- षातर सु षावा पाया जावोगा अणी गाम्ह सु सली १ जतरी षेच
१०- ल वेगा नही म्हारा वन्स रा वेगा सो तो अणी गाम री परतपा
११- ल राषेगा सीसोद रा वन्स रा असल वेगा सो तो थारी
१२- अर अणी गाम री मरमरजाद प्रतपाल राषेगा हुकम
१३- श्री मुष मारफत रावत जवानसीघ जालमसीघोत सव द
१४- त्तां परदत्तां वाजे हरंती वसुधरा ससटी व्रस सह
१५- सराणी वीसटायं जायेती करमी प्रत दुवे पंचो
१६- ली कसननाथ लीषता पंचोली सुरतसीघ नाथुराम
१७- रा संवत १८७५ वर्षे चेत व्दी ५ भोमे [1]

---

१. ताम्रपत्र का आकार-३९ × २४.५ से. मी.

(५) गोवला का ताम्रपत्र, वि. सं. १८८२ आश्विन विद ७

॥ श्री रामो जयति ॥

श्री गणेस प्रसादातु

श्री एकलिंग प्रसादातु

म्हारो वचन छे सो उथापेगा नही

भाले का निशान

सही

१- महाराजाधिराज महाराणा श्री भीमसिंघजी
२- आदेशातु आहडा कीसना वेटा मेसा दुला
३- वत कस्य गाम गोवला प्रगणे वेगम रे था
४- हे रावत सवाई माहासीध दीदो सो म्हे थाहे
५- राजी वे ने तावापत्र आघाट सासण करे
६- दीदो नीम सीम माल मगरा लोग भोग ला
७- गत वीलगत डंड वीराड षड लाषड माल गा
८- म टको था ओर ही ऊणी प्रगणे लागत लाग
९- ज्या था हे वगसी हे सो थे लीजो श्री द्रवार सु कड़ी
१०- वात री षेचल वेगा न्ही ने वेगम री आडी सु प
११- ण कोई पेचल करेगा न्ही थारा वेटा पोता पाया
१२- पाया जायगा म्हे राजी वे ने वगस्यो हे सो आवादा
१३- न करजे म्हारो वचन हे स्वदत्ता प्रदत्ता वाजे
१४- हरंती वसुध्रा पस्टी व्रष सहसाणी बीसटाय
१५- जायेते क्रमी दुवे श्री मुष लीषता पंचोली
१६- सुरतसीध नाथुरामोत संवत १८८२ रा
१७- आसोज वदी ७ [1]

---

१. ताम्रपत्र का आकार-३२ × १९ से. मी.

ऐतिहासिक व्यक्ति सन्दर्भ

१. अक्षयकुंवर (७९/२८२)[1]

यह महाराणा भीमसिंह की रानी तथा ईडर के राजा शिवसिंह की पुत्री थी। इसका विवाह वि. सं. १८३९ ज्येष्ठ वदि ११ को हुआ था।

२. अगरचन्द (२०/७२, ४५/१५६, १०९/३६९)

मेहता पृथ्वीराज का सबसे बड़ा पुत्र। महाराणा अरिसिंह ने इसे सामरिक महत्व के किले मांडलगढ़ का किलेदार एवं उस जिले का हाकिम बनाया। माधवराव सिंधिया के साथ उज्जैन की लड़ाई में मेवाड़ की सेना की ओर से लड़ा और घायल हुआ। टोपल मगरी व गंगरार की लड़ाइयों में भी भाग लिया। महाराणा हमीरसिंह (द्वि.) के काल में यह अमरचन्द बड़वा का सहयोगी रहा। महाराणा भीमसिंह ने इसे प्रधान बनाया।

३. अजबकुंवर (१५१/५४७)

महाराणा भीमसिंह की पुत्री। महारानी बाघेली जी इसकी माता थी। इसका विवाह बीकानेर के राजा सूरतसिंह के पुत्र रतनसिंह के साथ हुआ था।

४. अजीतसिंह, कानोड़ (१२७/४४१)

यह ठिकाना कानोड़ के रावत जालिमसिंह सारंगदेवोत का पुत्र था। महाराणा भीमसिंह के समय में वि. स. १८५९ में चेजा घाटी की लड़ाई में घायल हुआ था।

५. अजीतसिंह, बूंदी (५६/१८६)

यह बूंदी के महाराव राजा उम्मेदसिंह का पुत्र था। वि. सं. १८२७ वैशाख वदि १२ को अपने पिता की आज्ञा से बूंदी की गद्दी पर बैठा। मेवाड़

---

१. पृष्ठ एवं छंद संख्या अर्थात् पृष्ठ ७९/छंद संख्या २८२

के महाराणा और अजीतसिंह के बीच विलहठा गांव में किला बनाने के प्रश्न पर विवाद हुआ। अरिसिंह जब अमरगढ़ गया हुआ था तब अजीतसिंह महाराणा अरिसिंह को शिकार के बहाने ले गया और धोखे से वि. सं. १८२९ में हत्या कर दी। अजीतसिंह का केवल २१ वर्ष की आयु में वि. सं १८३० वैशाख सुदि १५ को चेचक की विमारी से निधन हो गया।

६. अनोपकुंवर (१६१/५८१)

यह महाराणा अरिसिंह की पुत्री थी। इसकी माता का नाम अमृत कुंवर (देवड़ोजी) था।

७ अब्दुल रहीम बेग (२८/९२, ३०/९२)

यह महाराणा अरिसिंह (द्वि.) की सिंधी सेना का अफसर था। ग्रंथ में इसके लिए 'सेरवेग' नाम आया है।

८. अमरसिंह (१०६/३५५, १४१/५०७)

यह महाराणा भीमसिंह का ज्येष्ठ पुत्र था। इसका जन्म वि.सं. १८५१ में हुआ। इसकी माता का नाम गुलाबकुंवर (राठौड़णीजी) था। वि. सं. १८७२ में बिशनसिंह (कोटा) की पुत्री से विवाह हुआ। कुंवरपदे में ही इसका देहान्त हो गया।

९. अमरसिंह (प्र.) (८/४४, २३५/७६०)

मेवाड़ का महाराणा। यह महाराणा प्रताप का पुत्र था। वि. सं. १६५३ में राजगद्दी पर बैठा। इसने बादशाह जहांगीर के साथ संधि की। भीम विलास में इसे अम्मर, अमरसिंघ के नाम से सम्बोधित किया गया है।

१०. अमरसिंह (द्वि.) (८/४५)

मेवाड़ का महाराणा। वि. सं. १७५५ आश्विन सुदि ४ को गद्दी-नशीनी हुई। मेवाड़ में अनेक शासन सुधार किये। सरदारों की 'सोलह-बत्तीस' की श्रेणी निश्चित की। अमरशाही पगड़ी इसी के नाम से प्रचलित हुई।

११. अमीरखां पिण्डारी (१२७/४३९)

यह पिण्डारी नेता था। इसका जन्म फर्रुखाबाद में १७६८ ई. में एक रोहिल्ला कबीले में हुआ था। यह मोहम्मद हयात खां का पुत्र था। २० वर्ष की आयु में इसने गृह त्याग दिया। खेतड़ी के राजा बाघसिंह, जोधपुर के महाराजा विजयसिंह, इस्माइल बेग खां तथा बालाराव आदि की सेवा की जिसके बदले में इसने काफी धन अर्जित किया। जसवन्तराव होल्कर के साथ इसकी गहरी मित्रता थी। यह मात्र लुटेरी प्रवृत्ति का ही नहीं अपितु एक राजनीतिक महत्त्वाकांक्षी भी था। भीम विलास तथा ख्यातों में इसके लिए 'मीरखांन' नाम आया है।

१२. अर्जुनसिंह (३३/९८, ५४/१८१)

यह कुराबड़ ठिकाने का संस्थापक तथा सलूम्बर के रावत केसरीसिंह का तीसरा पुत्र था। रावत इसकी उपाधि थी। महाराणा जगतसिंह(द्वि.)के समय में अर्जुनसिंह को कुराबड़ की जागीर मिली। वि. सं. १८२६ में माधव राव सिंधिया के उदयपुर घेरा डालने के समय नगर की रक्षा करने में तत्पर रहा।

१३. अर्जुनसिंह, महाराज (२६/८२, ३३/९८, ५३/१७५)

यह महाराणा संग्रामसिंह (द्वि.) का चौथा कुंवर तथा शिवरती का स्वामी था। महाराज इसकी उपाधि थी। महाराणा अरिसिंह (द्वि.) के समय मेवाड़ पर माधवराव सिंधिया ने चढ़ाई की उस समय उसकी सेना से युद्ध किया। गगरार में महापुरुषों के साथ लड़ाई हुई उसमें यह महाराणा के साथ हरावल में रहकर बहादुरी के साथ लड़ा तथा घायल हुआ। महाराणा हम्मीरसिंह (द्वि.) की नाबालिगी के समय मुसाहिबों की सलाह से महाराज बाघसिंह के साथ इसने राज्य की रक्षा का भार सभाला था।

१४. अरिसिंह (द्वि.) (८/४६, ८/४७, २०/७२)

मेवाड़ का महाराणा। महाराणा जगतसिंह (द्वि.) का छोटा पुत्र था। महाराणा राजसिंह (द्वि.) के निःसन्तान देहावसान होने पर वि. सं. १८१७ चैत्र वदि १३ को राजगद्दी पर बैठा। वि. सं. १८२९ चैत्र वदि १

को बूंदी के राव अजीतसिंह द्वारा इसकी धोखे से हत्या कर दी गई। भीम विलास का चरित नायक महाराणा भीमसिंह इसी का पुत्र था। ग्रंथ में इसके लिए अड़सी, अरस, अरसिंघ, अरिसिंघ, आरसींघ आदि नाम आये हैं।

१५. आंबाजी इंगलिया (१००/३३४)

यह महादजी सिंधिया का सूबेदार था। सन् १७९१ ई. में महादजी ने इसे मेवाड़ के समस्त दीवानी एवं फौजदारी अधिकार सौंपे जिससे यह कुछ समय तक मराठों की ओर से मेवाड़ का सर्वेसर्वा रहा। मेवाड़ में यह ८ वर्ष तक रहा। महादजी की विधवाओं और दौलतराव में जो संघर्ष हुआ उस समय इसने दौलतराव का समर्थन किया, इससे दौलतराव ने इसे उत्तरी भारत का अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया। मेवाड़ से इसने करीब २ करोड़ रुपये वसूल किये। इसकी मृत्यु ८० वर्ष की उम्र में ५ मई १८०९ ई. को हुई। ग्रंथ में इसके लए 'आंबौ' नाम आया है।

१६. उदयसिंह (७/४१)

मेवाड़ का महाराणा। वि. सं. १५९२ में राजसिंहासन पर बैठा। बादशाह अकबर के चित्तौड़ आक्रमण के बाद वि. सं. १६१६ में उदयपुर बसाकर इसे मेवाड़ की राजधानी बनाई। ग्रन्थ में इसके लिए 'उदल' सम्बोधन हुआ है।

१७. उमाकुंवर (१०३/३४९)

यह ईडर के भवानीसिंह की पुत्री थी। इसका विवाह महाराणा भीमसिंह से गुलाबकुंवर के साथ ही हुआ, जो इसकी भुआ थी।

१८. उम्मेदसिंह (१४०/५०४)

कोटा के महाराव गुमानसिंह का पुत्र था। इसका शासनकाल वि.सं. १८२७-७६ है। इसकी लड़की किशोरकुंवर से मेवाड़ के महाराणा भीमसिंह ने विवाह किया।

१९. उम्मेदसिंह, राजाधिराज (२०/७२)

शाहपुरा के राजाधिराज भारतसिंह का पुत्र था। महाराणा अरिसिंह (द्वि.) के विरुद्ध फितूरी रतनसिंह के बखेड़े के समय इसने महाराणा का साथ दिया था। ग्रन्थ में इसके लिये उम्मेद, उमेदसी नामों का प्रयोग हुआ है।

२०. एकलिंगदास बोलिया (३१/९६, ६७/२३९, ११७/४०२)

महाराणा अरिसिंह के समय से भीमसिंह के राज्यारोहण के समय तक यह मेवाड़ का प्रधान रहा। ग्रन्थ में इसके लिये एकौ, एकलिंग आदि नामों से सम्बोधन हुआ है।

२१. औरंगजेब (८/४५)

मुगलवंश का एक प्रसिद्ध बादशाह। शाहजहां के बाद यह दिल्ली के तख्त पर बैठा।

२२. कर्णसिंह (८/४४)

मेवाड़ का महाराणा और अमरसिंह का पुत्र। वि. सं. १६७६ माघ वदि २ को राजगद्दी पर बैठा। मेवाड़ में अनेक सुधार तथा निर्माण कार्य कराये। यह महाराणा वीर प्रकृति का था। भीम विलास में इसके लिये करन, करनसिंघ नाम आये है।

२३. किसना आढ़ा (१/०, २/६, ३/८, १४३/५१७, २३९/७७०)

'भीम विलास' ग्रन्थ का रचयिता। इतिहास प्रसिद्ध दुरसा आढ़ा के वंश में उत्पन्न हुआ। इसके पिता का नाम दुलहजी आढ़ा था। इसके द्वारा रचे हुए दो ग्रन्थ 'रघुवरजसप्रकास' तथा 'भीम विलास' प्रसिद्ध हैं। त्यौहार वर्णन तथा अनेक फुटकर गीतों की रचना भी इसने की थी। यह महाराणा भीमसिंह का समकालीन था। विशेष जानकारी के लिये भीम विलास ग्रन्थ की भूमिका दृष्टव्य है। ग्रन्थ में इसके लिये कसंन कसन, किसन, किष्ण आदि नाम आये हैं।

२४. कीकीबाई (१५१/५४९)

महाराणा भीमसिंह की पौत्री तथा कुंवर अमरसिंह की पुत्री। इसका विवाह किशनगढ़ के राजा कल्याणसिंह के पुत्र मोहकमसिंह के साथ हुआ।

२५. कुंभा (७/४१, २३५/७६०)

मेवाड़ का महाराणा। यह महाराणा मोकल का पुत्र था। वि. सं. १४९० में मेवाड़ के राज सिंहासन पर बैठा। इसका शासनकाल ३५ वर्ष तक रहा। कुंभलगढ़ तथा विजयस्तम्भ का निर्माण कराया। अनेक युद्धों में विजय प्राप्त कर मेवाड़ का गौरव बढ़ाया। अपने समय का महान् विद्वान्, शिल्प-शास्त्री, कला व संगीत प्रेमी और वीर था। ग्रंथ में इसके लिये 'कुंभो' सम्बोधन हुआ है।

२६. कुबेर (४९/१६५, ५३/१७७)

यह फतूर रतनसिंह का प्रधान था। वि. सं. १८२७ के वैशाख मास में इसने रतनसिंह की तरफ से महाराणा अरिसिंह की सेना से गगरार में युद्ध किया था। पकड़े जाने पर पेट में खंजर मारकर आत्महत्या कर ली। ग्रंथ में इसके लिये 'साह कुबेर' नाम से संबोधन हुआ है।

२७. केसर भण्डारी (१६०/५७५)

महाराणा भीमसिंह का कृपा पात्र। पहले अन्तःपुर का अधिकारी फिर राज्य का कर अधिकारी और अन्त में न्यायाधीश के रूप में नाम कमाया। महाराणा ने इसे चार गांवों की जागीर दी। ग्रंथ में 'केहर' नाम आया है।

२८. गजसिंह (१५१/५४८)

इसका पूरा नाम रावल गजसिंह भाटी था। यह जैसलमेर का शासक था। महाराणा भीमसिंह की पुत्री रूपकुंवर के साथ इसका विवाह हुआ था।

२९. गुलाबकुंवर (१०३/३४९)

यह ईडर के राजा शिवसिंह की पुत्री थी। महाराणा भीमसिंह ने इसके साथ विवाह किया था।

३०. गुलाबसिंह (१२१/४१४, १२३/४२४)

ठाकुर गुलाबसिंह ने वि. सं. १८६० के वैशाख सुदि ४ रविवार

को मराठा हरनाथ से युद्ध किया और वीरगति को प्राप्त हुआ। ग्रंथ में इसके लिये गुलवेस, गुलाब आदि नामों का सम्बोधन हुआ है।

३१. चंद्रकुंवर (चांदकुंवर) (१६१/५८१)

महाराणा अरिसिंह (द्वि.) की पुत्री। इसकी माता का नाम सरदार कुंवर झाली था। यह महाराणा हमीरसिंह तथा महाराणा भीमसिंह की सहोदरा थी। इसी का नाम चांदकुंवर बाई था। देलवाड़ा की भानजी थी।अविवाहित अवस्था में ही इसका देहान्त हो गया। महाराणा भीमसिंह ने इसकी स्मृति में 'चांदोड़ी' सिक्कों का प्रचलन किया।

३२. चंद्रकुंवरी (११०/३७१)

यह ईडर के राजा गंभीरसिंह की बहिन थी। महाराणा भीमसिंह का इसके साथ विवाह हुआ।

३३. चावड़ी जी ११४/३८९, ११४/३९०)

महाराणा भीमसिंह की रानी। इसका पूरा नाम गुलाबकुंवर था। महाराणा जवानसिंह इसी का पुत्र था। यह गुजरात परगने के वरसोरा ठिकाने के राजा जगपतसिंह की बेटी थी।

३४. जगतसिंह (प्र.) (८/४४, ६३/२२०, २३५/ ७६०)

मेवाड़ का महाराणा। महाराणा करणसिंह का पुत्र था। वि. सं. १६८४ में शासनारूढ़ हुआ। जगन्नाथराय(जगतशिरोमणी,जगदीश)के मन्दिर का निर्माण कराया। ग्रंथ में इसके लिए जगत, जगपत आदि नाम आये हैं।

३५. जगतसिंह (द्वि.) (८/४५,२०/७२, २१४/७१४)

मेवाड़ का महाराणा। वि. सं. १७९० माघ वदि ३ को इसका राज्याभिषेक हुआ। महाराणा संग्रामसिंह (द्वि.) के बाद मेवाड़ (उदयपुर) की राजगद्दी पर बैठा। पिछोला स्थित जगनिवास महल बनवाया। इसके लिये 'जगतेस' नाम भी प्रयुक्त हुआ है।

३६. जमशेदखां (१३०/४५१, १३८/४८७, १३९/४९५)

नवाव जमशेद खां का भीम विलास में 'जमसेर खां' नाम आया है। यह अमीर खां का दामाद था। इसके लुटेरेपन एव अन्याय की पराकाष्ठा से यह 'जमशेदगर्दी' के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

३७. जयचन्द (१३८/४९०)

यह सोमचन्द गांधी का पुत्र था। अपने चाचा सतीदास की हत्या की खवर सुनकर अपनी रक्षा के निमित्त उदयपुर से नाई गांव की ओर भागा किन्तु रास्ते में यह पकड़ा गया और चूण्डावतों ने इसकी हत्या कर दी।

३८. जयसिंह (८/४५)

मेवाड़ का महाराणा और महाराणा राजसिंह (प्रथम) का पुत्र था। वि. सं. १७३७ में मेवाड़ की राजगद्दी पर वैठा। 'जयसमुद्र' झील का निर्माण कराया। ग्रथ में इसके लिये जयसिंघ, जैसिंघ, जैसी आदि नाम आये हैं।

३९ जयसिंहदेव (१८०/६२२)

यह वांधुगढ़ (रीवां) का राजा था। इसका पूरा नाम जयसिंधदेव वाघेल था। वि. सं. १८७८ वैशाख वदि १३ के दिन इसकी लड़की के साथ कुंवर जवानसिंह की शादी हुई थी।

४०. जवानसिंह (११४/३९०, १४०/५०३)

मेवाड़ का महाराणा। महाराणा भीमसिंह का पुत्र था। इसका जन्म वि. सं. १८५७ मार्गशीर्ष सुदि ३ को हुआ था। माता का नाम गुलाव कुंवर था। वि सं. १८८५ चैत्र सुदि १५ को राजगद्दी पर वैठा। यह मद्य और शिकार का शौकीन तथा पितृभक्त था। 'व्रजराज' उपनाम से कविता करता था।

४१. जसवन्तराव होल्कर (११६/५७३)

यह तुकोजी होल्कर का अवैध पुत्र तथा विठोजी का छोटा भाई था।

दौलतराव ने तुकोजी होल्कर के पुत्र मल्हारराव की जो दयनीय दशा कर दी थी, उससे जसवन्तराव उग्र होकर अन्याय का बदला लेने हेतु आतुर हो गया। सिंधिया के प्रदेशों को लूटता हुआ, उससे बराबर संघर्ष करता रहा। राजस्थान में इसका आतंक एवं प्रभाव विशेषरूप से रहा। २८ अक्टूबर १८११ ई. को ३० वर्ष की अवस्था में भानपुरा में इसका निधन हो गया।

४२. जसा (१६०/५७४)

यह दुल्हजी का पुत्र तथा किसना आढ़ा का भाई था। महाराणा भीमसिंह की कुंवरियों के विवाह के समय मौजूद था। इसके द्वारा रचे हुए फुटकर गीत मिलते हैं।

४३. जालमसिंह (७१/२६०)

यह महाराणा भीमसिंह का मामा था, जो उक्त महाराणा के ईडर के प्रथम विवाह के समय माहेरा (मौसार) लेकर आया था।

४४. जालिमसिंह (९५/३२२)

यह कोटा के झाला पृथ्वीसिंह का पुत्र था। १९ वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में यह राजस्थान के राजपूत सरदारों में बड़ा प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित था। महाराणा अरिसिंह ने इसे चीताखेड़ा की जागीर और राजराणा की उपाधि दी थी। मेवाड़ के आन्तरिक कलह में इसका काफी हाथ रहा था। राजस्थान के राजाओं की अंग्रेजों के साथ संधि कराने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह अपने समय का बड़ा राजनीतिज्ञ और वीर था। इसके वंशधर झालावाड़ के स्वामी हुए।

४५. झालीजी (४२/१३९, ५८/२००)

इसका पूरा नाम सरदारकुंवर था। यह महाराणा अरिसिंह (द्वि.) की पटरानी तथा महाराणा भीमसिंह की माता थी। इसका पीहर देलवाड़ा में था। यह राजराणा कानसिंह की बेटी तथा अजैसिंह की पोती थी। इसकी पुत्री का नाम चांदकुंवर था।

४६. झालीजी (१००/३३३)

यह तांणा के राज किशोरसिंह की पुत्री थी। वि. सं. १८४९ के वैशाख मास में महाराणा भीमसिंह ने इसके साथ विवाह किया।

४७. टॉड (१४६/५२३, १६१/५८१)

वि. सं. १८६३ में कप्तान जेम्स टॉड सिंधिया की सेना में रहने वाले अंग्रेजी राजदूत के साथ सर्वप्रथम मेवाड़ में आया था। वि. सं. १८७५ में दुबारा मेवाड़ में आया। पोलिटिकल एजेन्ट के रूप में काम करते हुए उसने महाराणा भीमसिंह तथा सरदारों के पारस्परिक सम्बन्ध स्थिर करने का कार्य किया। इसके नाम पर मेरवाड़ा में टाटगढ़ बसाया गया। ग्रन्थ में इसके लिये 'टाट साहब' नाम आया है। 'एनल्स एण्ड एन्टिक्विटिज ऑफ राजस्थान' तथा 'पश्चिमी भारत की यात्रा' इनके प्रसिद्ध ग्रंथ हैं।

४८. दुलह पनावत (१०४/३५०, २३९/७७०)

यह आढ़ा पनजी का पुत्र तथा किसना आढ़ा का पिता था। महाराणा भीमसिंह के ईडर के दूसरे विवाह के समय साथ था। इसने अनेक फुटकर गीतों की रचना की।

४९. देवड़ीजी (९/४८)

यह महाराणा अरिसिंह की रानी थी। इसका पूरा नाम अमृतकुंवर था। यह दौलतसिंह की पोती थी। इसकी पुत्री का नाम अनोपकुंवर था। ग्रंथ में 'चावड़ी' संबोधन हुआ है।

५०. देवीचन्द (६१/२१०, १५५/५६०)

यह मेहता अगरचन्द का पुत्र था। इसे महाराणा भीमसिंह ने वि. सं. १८५६ में प्रधान बनाया था। ग्रंथ में इसके लिये 'देवीयचंद' नाम आया है।

५१. दौलतराव सिंधिया (१२६/४३४)

इसका जन्म १७८० ई. में हुआ। इसके पिता का नाम आनन्दराव था। महादजी ने इसे गोद लिया जो १० मई १७९४ में अधिकृत रूप से

महादजी का उत्तराधिकारी बना। होल्कर से इसका सतत संघर्ष बना रहा। वि. सं. १८६४ में असंख्य सेना लेकर मेवाड़ में आया था। उदयसागर मुकाम पर इसके साथ संधि की गयी। ग्रथ में इसके लिये दौलत, दौलतराव नामों का सम्बोधन हुआ है।

५२. दौलतसिंह (९३/३१८, ९६/३२४)

यह शिवरती के महाराज अर्जुनसिंह का पौत्र तथा शिवसिंह का दूसरा पुत्र था। करजाली के महाराज भैरवसिंह के निःसन्तान होने के कारण इसे गोद लिया गया।

५३. धीरतसिंह (४६/१५७, १३८/४८७)

यह चित्तौड़ का प्रभावशाली किलेदार था। बाद में महाराणा भीमसिंह ने इसे चित्तौड़ से हटा दिया। ग्रंथ में इसके लिये 'धीर' नाम आया है।

५४. नाथसिंह (५०/१६९)

यह बागोर का स्वामी तथा महाराणा संग्रामसिंह (द्वि.) का दूसरा कुंवर था। 'महाराज' इसकी उपाधि थी। यह महाराणा अरिसिंह (द्वि.) के विरोधी सरदारों का सहायक माना जाता था। महाराणा अरिसिंह के आदेशानुसार भैंसरोड़गढ़ के सरदार लालसिंह ने इसकी हत्या की।

५५. पनजी आढ़ा (२७/९१, ३०/९२, ५०/१६९, ५४/१७९, ६१/२१०, ६७/२३९)

भीम विलास में इसके लिये 'पनराज' नाम आया है। यह किसना आढ़ा का पितामह था। प्रसिद्ध कवि था जिसकी अनेक फुटकर रचनाएं मिलती हैं। विशेप जानकारी के लिये ग्रंथ की भूमिका दृष्टव्य है।

५६. प्रताप (८/४२, २३५/७६०)

प्रातः स्मरणीय वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप मेवाड़ के महाराणा उदयसिंह का पुत्र था। वि. सं. १६२८ में गोगुन्दा में गद्दी पर बैठा। अकबर

से आजीवन संघर्ष किया। हल्दीघाटी का युद्ध किया। इसकी मृत्यु वि. सं. १६५३ में चावण्ड में हुई। ग्रंथ में इसके लिये परताप, प्रतापसी, पतौ, पातल आदि नामों से सम्बोधन हुआ है।

५७. प्रतापसिंह (द्वि.) (८/४५, २०/७२)

मेवाड़ का महाराणा। महाराणा जगतसिंह (द्वि.) का ज्येष्ठ पुत्र था। वि. स. १८०८ आषाढ़ वदि ७ को मेवाड़ की राजगद्दी पर बैठा। वि.सं. १८१० माघ वदि २ को देहान्त हुआ। ग्रन्थ में इसके लिये पतौ, प्रतापसिंघ आदि नाम आये हैं।

५८. बाघसिंह (२६/८२, २८/९२)

यह करजाली का स्वामी तथा महाराणा संग्रामसिंह (द्वि.) का तीसरा पुत्र था। 'महाराज' इसकी उपाधि थी। महाराणा अरिसिंह के समय माधवराव सिंधिया की फौज पर तोपों की मार करके उदयपुर नगर की रक्षा की। महाराणा की तरफ से महापुरुषों के साथ युद्ध किया। गोड़वाड़ से रतनसिंह को निकाला। महाराणा हमीरसिंह की बाल्यावस्था में मुसाहिबों की सलाह से महाराज अर्जुनसिंह के साथ मिलकर राज्य की रक्षा तथा प्रबन्ध का भार अपने ऊपर लिया।

५९. बाघेलीजी (२२६/७४८)

महाराणा भीमसिंह की रानी, जिसका पूरा नाम कुसलकुंवर था। यह रामसिंह की पोती तथा चनणसिंह की पुत्री थी। अजबकुंवर इसकी पुत्री थी।

६०. बापा (४/२९, ५/३०, ६/३३, २३५/७६०)

रावल बापा या बापारावल मेवाड़ के शासक कालभोज का उपनाम है। 'रावल' इसकी उपाधि थी। इसका शासनकाल वि. सं. ७९१-८१० तक माना गया है। हारीतराशि के आशीर्वाद से इसे मेवाड़ का राज्य प्राप्त हुआ तथा मानमोरी को पराजित कर चित्तौड़ का किला हस्तगत किया। एकलिंगजी इसके इष्टदेव थे। भीम विलास में इसके लिये बप्प, बप्पा, बापा, बापौ, रावल, बागा आदि नामों का सम्बोधन हुआ हैं।

६१. **भट्टियाणीजी** (५७/१९३)

यह महाराणा अरिसिंह की रानी थी। उक्त महाराणा की मृत्यु का समाचार सुनकर पीहर 'मोही' में ही सती हुई। इसका नाम गुमानकुंवर था। यह मोही के पृथ्वीसिंह की पुत्री तथा सुलतानसिंह की पोती थी।

६२. **भवानीसिंह** (६९/२४९)

यह ईडर के राजा शिवसिंह का पुत्र था। इसकी पुत्री उमाकुंवरी का विवाह महाराणा भीमसिंह के साथ हुआ था।

६३. **भीमसिंह** (१/०, २/६, १०/५०, ४२/१४०, ६७/२३८)

मेवाड़ का महाराणा। इसका जन्म वि. सं. १८२४ चैत्र वदि ७ गुरुवार को हुआ था। इसके पिता का नाम महाराणा अरिसिंह था। वि. सं. १८३४ पौष सुदि ९ को यह राजगद्दी पर बैठा। वि. सं. १८८५ चैत्र सुदि १४ को इसका देहान्त हुआ। भीम विलास ग्रंथ की रचना इसके चरित्र को आधार बनाकर की गई। इसका शासनकाल (वि. सं. १८३४-८५) बहुत लम्बा तथा अनेक घटनाओं से परिपूर्ण रहा। भीम विलास में इसके लिये भीम, भींम, भीमसींघ, भीमा, भीमाजल, भीव, अरसांणी आदि नाम आये हैं।

६४. **भीमसिंह, रावत** (२९/९२, ३३/९८, ४९/१६८, ६९/२४८)

यह चूण्डा के वंशज रावत जोधसिंह का पुत्र तथा पाहड़सिंह का छोटा भाई था। यह सलूम्बर का अधिपति तथा महाराणा भीमसिंह का समकालीन था। 'रावत' इसकी उपाधि थी। महाराणा अरिसिंह से लगाकर महाराणा भीमसिंह के समय तक कई युद्धों में भाग लिया।

६५. **भैरुंसिंह** (१२४/४२६)

यह रावत भीमसिंह का पुत्र तथा सादूलसिंह का भाई था। वि. सं. १८६३ में महाराणा भीमसिंह जब पदमसिंह को लेने सलूम्बर गया उस समय उदयपुर की सुरक्षा का भार इसे तथा हमीरसिंह को सौंपा था।

६६. **मनभावन** (५७/१९२)

महाराणा अरिसिंह की पासवान थी। यह अमरगढ़ में महाराणा अरिसिंह के साथ सती हुई। इसके गोपालदास और भगवानदास नाम के दो पुत्र तथा वाई रूपांवतां और सूरजवतां नाम की दो पुत्रियां थी।

६७. माधवराव सिंधिया (१९/६५, २७/८७, ३२/९६, ९५/३२२)

इसका जन्म सन् १७३० ई. में हुआ। इसके पिता का नाम राणोजी सिंधिया था। बादशाह शाहआलम ने इसकी योग्यता से इसे 'वकील-ए-मुत्तलक' नियुक्त किया। योद्धा के साथ-साथ वह एक सफल राजनीतिज्ञ भी था। राजस्थान की राजनीति में सक्रिय रहा। अप्रेल १७६९ ई. के दूसरे सप्ताह में महाराणा अरिसिंह को पदच्युत करने के अभिप्राय से इसने उदयपुर का घेरा डाला था। अन्त में महाराणा अरिसिंह की इससे संधि हुई। इसकी मृत्यु १२ फरवरी १७९४ ई. को हुई। ग्रंथ में इसके लिये पटेल, महादजी, माध, माधोराव, माधौ, सिंधिया, सेंधीया आदि नाम आये हैं।

६८. मालदास मेहता (९३/३१६, ९४/३२१)

यह महाराणा भीमसिंह के समय में फौजबख्शी था। वि. सं. १८४४ के मार्गशीर्ष मास में हड़क्याखाल में मराठों की सेना से युद्ध करता हुआ मारा गया।

६९. मेटकॉफ़ (२३५/७६१)

इसका पूरा नाम चार्ल्स थियोफ़िलस मेटकॉफ था। वि. सं. १८७४ पोप सुदि ७ को ब्रिटिश सरकार के साथ महाराणा भीमसिंह की जो ऐतिहासिक संधि हुई उसमें गवर्नर जनरल हेस्टिग्ज के प्रतिनिधि के रूप में यह सम्मिलित हुआ था। ग्रंथ में इसके लिये साहिब काफ तथा काफसाह कपतान नामों से संबोधन हुआ हैं।

७०. मोकल (७/४०, २३५/७६०)

राणा मोकल वि. सं. १४५४ में चित्तौड़ की राजगद्दी पर बैठा था। यह महाराणा कुंभा का पिता और लाखा का पुत्र था।

७१. मोतीराम बोलिया (३१/९६)

महाराणा अरिसिंह के समय में कुछ समय तक प्रधान रहा। ग्रंथ में इसके लिये साह मोतीयराम संबोधन हुआ है।

७२. मोहकमसिंह (१५१/५४९)

यह किशनगढ़ के राजा कल्याणसिंह का पुत्र था। इसने महाराणा भीमसिंह के पुत्र कुंवर अमरसिंह की पुत्री कीकीबाई के साथ विवाह किया था।

७३. मोहकमसिंह (द्वि.) (३९/१२५)

यह भीण्डर के शक्तावत महाराज खुशहालसिंह का उत्तराधिकारी था। महाराणा अरिसिंह के समय फितूरी रतनसिंह का तरफदार था। महाराणा भीमसिंह के काल में प्रभावशाली जागीरदार के रूप में रहा।

७४. मोहब्बतराव (१२४/४२७)

यह वि. सं. १८६३ में सखाराम बापू के साथ सेना लेकर मेवाड़ में आया था। माहोली में इनके साथ रावत हमीरसिंह ने युद्ध किया। इस समय महाराणा भीमसिंह रावत पदमसिंह को लेने सलूम्बर गया हुआ था।

७५. रतनसिंह (१२१/४१६)

यह मराठा हरनाथ का भाई था। ठाकुर गुलाबसिंह के साथ हुए, बांसी के झगड़े में मारा गया। ग्रंथ में इसके लिए 'रतन' नाम आया है।

७६. रतनसिंह फितूरी (१९/६५, २१/७२)

इतिहास में 'फितूरी रतनसिंह' के नाम से प्रसिद्ध है। महाराणा राजसिंह (द्वि.) की झाली राणी के गर्भ से उत्पन्न माना गया। उक्त झालीराणी गुलाबकुंवर गोगूंदा के जसवन्तसिंह की बहिन थी। मेवाड़ के कुछ सरदारों ने इसे महाराणा अरिसिंह (द्वि.) के विरोध में कुंभलगढ़ में कायम कर राणा बनाया। कुंभलगढ़ में रहते हुए रतनसिंह की सात वर्ष की अवस्था में शीतला से मृत्यु हो गयी परन्तु असन्तुष्ठ सामतों ने उसी अवस्था के एक अन्य लड़के को रतनसिंह के नाम से प्रसिद्ध कर वास्तविक महाराणा के प्रति अपने विद्रोह को बनाये रखा। ग्रंथ में इसके लिए फतूर, रतनसिंघ, वासदेव आदि नाम आये हैं।

७७. रतनसिंह राठौड़ (१५१/५४७)

यह बीकानेर का राजा और सूरतसिंह का पुत्र था। महाराणा भीमसिंह की पुत्री अजबकुंवर के साथ इसका विवाह हुआ था।

७८. राजसिंह (प्र.) (८/४५)

मेवाड़ का महाराणा। वि. सं. १७०९ में मेवाड़ की राजगद्दी पर बैठा। शहंशाह औरंगजेब से युद्ध किया। 'राजसमुद्र' नामक प्रसिद्ध तालाब का निर्माण कराया। जजिया कर का विरोध किया। ग्रन्थ में इसके लिए राज, राजसर, राजेस आदि नाम आये हैं।

७९. राजसिंह (द्वि.) (८/४६, २०/७२)

मेवाड़ का महाराणा। वि. सं. १८१० माघ वदि २ को गद्दीनशीनी हुई। वि. सं. १८१७ चैत्र वदि १३ को इसका देहान्त हुआ। महाराणा प्रतापसिंह (द्वि.) का पुत्र था। ग्रंथ में राजस्यंघ, राजसिंघ, राजसी आदि नामों का संबोधन हुआ हैं।

८०. राठौड़णीजी (१११/३७५, १४९/५४३)

इसका पूरा नाम पदमकुंवरी था। यह बीकानेर के महाराजा राठौड़ सुरतानसिंह की बेटी थी। वि. सं. १८५६ में महाराणा भीमसिंह ने इससे शादी की थी। यह रानी 'बीकानेरी जी' के नाम से भी प्रसिद्ध थी। 'भीम विलास' तथा 'तेहवार वर्णन' में कवि ने इसकी सुन्दरता एवं मान-सम्मान का विशेषरूप से वर्णन किया है।

८१. रामनाथ पुरोहित (१५८/५६७)

यह दीनानाथ पुरोहित का पौत्र था। ग्रंथ में इसके लिए रामराय तथा रामदास नामों से संबोधन हुआ है।

८२. रूपकुंवर (१५१/५४८)

यह महाराणा भीमसिंह की पुत्री थी। इसकी माता का नाम चावड़ीजी था। इसका विवाह जैसलमेर के रावल गजसिंह के साथ में हुआ।

८३. लखमसी (७/३९)

राणा लक्ष्मणसिंह गढ़लखमसी (भड़लखमसी) के नाम से प्रसिद्ध है। वि. सं. १३६० में चित्तौड़ दुर्ग पर हुई लड़ाई में अल्लाउद्दीन खिलजी के सैन्य-बल से संघर्ष कर अपने समस्त पुत्रों सहित मारा गया।

८४. लाखा (७/४०)

मेवाड़ का महाराणा। महाराणा क्षेत्रसिंह का पुत्र था। वि. सं. १४३९ से १४७१ तक मेवाड़ का महाराणा रहा। इसने कई युद्धों में विजय प्राप्त कर मेवाड़ को समृद्धशाली बनाया। ग्रंथ में इसके लिए 'लाखौ' सम्बोधन हुआ है।

८५. विजयसिंह (११७/४०२)

कोठारिया के चौहान फतहसिंह का पुत्र था। मराठा सेना से युद्ध किया और उनवास गांव से कोठारिया जाते समय मराठा सेना से घिर गया तथा मराठों द्वारा उसके घोड़े मांगने पर उन्हें मराठों को सिपुर्द न कर पहले घोड़ों को मार डाला फिर अपने साथियों सहित मराठों से लड़ता हुआ मारा गया।

८६. विजयसिंह (६४/२२६)

इसका पूरा नाम शाह विजयसिंह नानावटी था। ग्रंथ में इसके लिए 'विजौ' नाम आया है।

८७. वीरमदेव (२०/७२)

यह ठिकाना घाणेराव के ठाकुर मेड़तिया राठौड़ पद्मसिंह के ज्येष्ठ कुंवर किशनसिंह का पुत्र एवं उत्तराधिकारी था। मेवाड़ के महाराणा राजसिंह (द्वि.) के निःसन्तान दिवंगत हो जाने पर अरिसिंह को महाराणा बनाने में ठाकुर वीरमदेव का पूर्ण सहयोग रहा। फितूरी रतनसिंह के मामले में तथा मराठों के विरुद्ध वीरमदेव ने महाराणा अरिसिंह का साथ दिया। वीरमदेव का वि.सं. १८३५ (१७७९ ई.) में ३६ वर्ष की अल्पायु में ही देहान्त हो गया।

८८. संग्रामसिंह (द्वि.) (८/४५)

मेवाड़ का महाराणा। वि. सं. १७६७ पौष सुदि १ को राज्याभिषेक हुआ।

८९. सखाराम बापू (१२४/४२७, १३९/४९५, १४५/५२१)

वि. सं. १८६३ में सेना लेकर मेवाड़ में आया था। इसके साथ माहोली में हमीरसिंह ने लड़ाई की और फतह की।

९०. सतीदास गांधी (१३१/४५२)

अपने बड़े भाई सोमचन्द गांधी की मृत्यु के बाद महाराणा भीमसिंह के समय में यह प्रधान बना। वि. सं. १८७२ कार्तिक वदि १२ की रात में नगर के देहलीगेट पर इसकी हत्या रावत जवानसिंह तथा दूलहसिंह ने की।

९१. समरू (५४/१८१)

इसका मूल नाम वाल्टर रैनहार्ट था। वि.सं. १७७७ में इसका जन्म हुआ। फ्रांस देश का निवासी था। भारत में आकर यह विभिन्न नौकरियों में रहा। इसका देहान्त आगरा में वि.सं. १८३५ में हुआ। जुलाई १७७१ ई. में रावत जसवन्तसिंह ने महाराणा अरिसिंह के विरुद्ध जयपुर में नियुक्त इस फ्रांसीसी सेनापति को अपने छोटे पुत्र स्वरूपसिंह के साथ मेवाड़ की ओर भेजा था।

९२. सांगा (७/४१, ६३/२२०)

मेवाड़ का महाराणा। वि. सं. १५६५ में राजगद्दी पर बैठा। यह महाराणा रायमल का पुत्र था। मुगल बादशाह बाबर से बयाना के पास खानवा के मैदान में वि. सं. १५८४ में युद्ध किया था। यह बड़ा वीर और साहसी था। इसके काल में मेवाड़ की सीमाओं का बहुत विस्तार हुआ। इसके शरीर पर अस्सी घाव लगे थे तथा एक आंख, एक हाथ एवं एक पांव युद्ध में नष्ट हुए। ग्रन्थ में 'सांगो नाम से भी सम्बोधन हुआ है।

९३. सिवदास गांधी (३१/९६, १००/३३४, १०७/३५९, १०९/३६९)

महाराणा भीमसिंह के समय में प्रधान। वि. सं. १८५३ में इसे कैद कर अगरचन्द को प्रधान बनाया गया। ग्रन्थ में इसके लिए 'सवदास' नाम आया है।

९४. सिवसिंह (७०/२५६)

ईडर का राजा। इसकी पुत्री गुलाबकुंवर का विवाह महाराणा भीमसिंह के साथ हुआ था।

९५. सुरतांणसिंह (१११/३७५)

बीकानेर का महाराजा। महाराणा भीमसिंह की रानी पदमकुंवर (राठौड़णजी) का पिता था।

९६. सोमचन्द गांधी (८७/३००)

महाराणा भीमसिंह के समय में प्रधान। कुराबड के रावत अर्जुनसिंह ने वि.सं. १८४६ कार्तिक सुदि ६ को इसकी हत्या की। पीछोले की बड़ीपाल पर इसका दाहकर्म किया गया, बाद में इसकी छत्री बनायी गयी।

९७. हम्मीर (६३/२२०, २३५/७६०)

पहले यह मेवाड़ की छोटी सी जागीर सीसोदा का स्वामी था, बाद में मेवाड़ का महाराणा बना। यह गढ़लक्ष्मणसिंह का पौत्र तथा अरिसिंह का पुत्र था। गुहिल वंशियों की राजधानी चित्तौड़ पर अल्लाउद्दीन खिलजी का आधिपत्य हो जाने पर इसने वि.सं. १३८३ में चित्तौड़ को पुनः हस्तगत किया। महाराणा का विरुद धारण किया और सिसोदा का स्वामी होने के कारण मेवाड के शासक सिसोदिया कहलाये।

९८. हम्मीरसिंह (द्वि.) (४८/१६१, ५७/१९३, ६७/२३७)

मेवाड़ का महाराणा। वि.सं. १८२९ चैत्र वदि ३ को राजगद्दी पर बैठा। महाराणा अरिसिंह [द्वि.] का ज्येष्ठ पुत्र था। वि.सं. १८३४ पौष सुदि ८ को देहान्त हुआ। महाराणा भीमसिंह इसी का छोटा भाई तथा उत्तराधिकारी था। इसके लिए ग्रथ में 'हमीर' नाम भी आया है।

९९. हरनाथसिंह (१२०/४१४)

यह जसवन्तराव होल्कर का साथी था। संवत् १८६० में मेवाड़ में फौज लेकर आया और ठाकुर गुलाबसिंह से वांसी में लड़ाई लड़ी।

१००. हारीतराशि (५/३२, ९२/३१३)

हारीतराशि लकुलीश परम्परा में कैलाशपुरी के पाशुपत लकुलीश की खुशिक सम्प्रदाय के ब्रह्मस्वरूप एकलिङ्ग महादेव के पुजारी तथा लकुलीश मठ के महन्त थे। इसके ही आशीर्वाद से बाप्पा रावल ने चित्तौड़ का राज प्राप्त किया। □

शब्दार्थ

अखेद – प्रसन्न
अगजीत – विजय प्राप्ति में अग्रणी, नाम विशेष
अघ – अघासुर, पाप
अघोर – भयानक, शिव का एक रूप, साधना विशेष
अछेह – अनन्त
अजवाळ – उज्ज्वल
अदग – निष्कलंक
अनेरण – नहीं झुकने वाला, अजेय, नाम विशेष
अबलख – काले और सफेद या लाल और सफेद रंग का चितकबरा घोड़ा
अबीह – जबर्दस्त, निडर
अभग – अखंड, बहादुर
अमांन – अप्रमाण, बहुत
अमाई – बहुत
अमी – अमृत
अयारह – शत्रु, सेना
अयुत – दस हजार
अरक – सूर्य, आक का वृक्ष
अरदास – स्तुति, प्रार्थना
अरीस – बड़ा शत्रु
अरेम – निष्कलंक, विजय
अरोहि – आरोह, सवार
अरोगि – भोजन करना
अलेखयं – जिसका कोई लेखा न हो, अपार
अवन – पृथ्वी, अवनि
अवनीस – राजा
अवर – और
अहुट्टि – वापस लौटना, हटना
आंविलीय – आमली (एक गांव)
आछेह – अच्छी
आटांपाटां – पानी का नदी के दोनों तटों से भी ऊपर बहने का भाव
आतप – गर्मी, रवि
आतपत्र – छत्र, चंवर
आद अनाद – आदि अनादि
आरास – शीशा
आरीस – कांच, शीशा
आलंम – स्वामी, संसार
आलोल – चंचल
आसव – मदिरा, वारुणी
आसिका – देवी-देवताओं के सामने रखे धूपदान की राख
इल – इला, पृथ्वी
ईहग – कवि, चारण
ईल – मर्यादा, पृथ्वी
ईसर – महादेव
उकत – उक्ति, वचन
उकील – वकील
उछजि – पूर्ण जोश में
उछज्जिय – पूर्ण जोश में आना
उछाह – उत्साह, हर्ष

उतीम – उत्तम
उदमाद – उन्माद, उन्मत्तता
उद्र – उदर
उमराव – सरदार
उमाह – उमंग
उरग – सर्प
उरवी – इज्जत, भूमि
उलाप – आलाप, पुकारा
उवर – और, हृदय
ऊँचास – उच्चै श्रवा
ऊबर – उम्र, उबरकर
ऊमाह – उत्साह
ऊरध – ऊर्ध्व
ऊवर – हृदय
ओप – शोभा, जिरह
ओल – पंक्ति, रेखा, गिरवी, जमानती व्यक्ति
ओघ – समूह
कंज – कमल
कंपू – सेना
कदन – क्रंदन, दुःख
कबंध – युद्ध में शिर कट जाने पर भी युद्ध करते रहने वाला धड़, सिर कटा धड़
कमंध – राठौड़ वंश का क्षत्रिय
कमठ – कच्छप
कमधज – राठौड़
कमसल – वर्णसंकर, दोगला
कदीम – परम्परा
करतल – सिंह का पंजा, हथेली
करदम – कीचड़
करभ – ऊँट
करसन – किसान
कराल – भयानक
कलमष – पाप
कलस – कुंभ, छोटा घड़ा
कलुष – पाप
कवाद – नियम, युद्धाभ्यास
कवायद – धनुष
कसवट्टी – कसौटी
काजैं – लिए
कायथ – कायस्थ
कायलवारा – केलवाड़ा (एक गांव)
किरमाल – तलवार
कीर – तोता, धीवर
कीरत – कीर्ति
कुठार – परशु, कुल्हाड़ी
कुमख्या – कामाक्षीदेवी
कुरब – इज्जत
कुलंग – पक्षी विशेष
कुलाह – भूरे रंग का घोड़ा जिसके पैर घुटने से खुर तक काले हो, श्वेत व पीत रंग का घोड़ा
कुसुंभ – लाल
कुहकबान – एक प्रकार की तोप
कूंख – कोख, कुक्षि
कूंची – ऊँट का चारजामा; चाबी
केक – कई, कोई

केकी – मोर
केत – ध्वजा
केहरगढ़ – किशनगढ़
कोट – करोड़, गढ़
कोथली – कपड़े की थैली, विशेष
कोल – सूग्रर
कोह – क्रोध
क्रत – कर्त्तव्य, शुभकार्य, कृत्य
क्रपाल – कृपालु
क्रीत – कीर्ति
खखल – ग्राँधी
खंडव – एक प्राचीन वन
खगखेत – रणक्षेत्र
खगेस – गरुड़
खवास – खिदमदगार, नाई
खसम – पति
खांमिद – पति, स्वामी
खाजा – मीठे पापड़ विशेष
खाल़ – नाला
खाल – चमड़ा
खालक – ईश्वर, खलक
खिलत – खिल्ग्रत, शासक द्वारा सम्मान में दिया जाने वाला वस्त्र
खेद – दु:ख
खेत्र – रणक्षेत्र
गज – ढेर
गजक – शराब के साथ खाने की वस्तु, शक्कर ग्रौर तिल से बनी मिठाई
गढ़व – चारणों की एक शाखा
गतांस – बीते अंशों पर
गथ्थ – गाथा, वृत्तांत
गदरेन – गदेलें
गयंद – हाथी
गरक – नष्ट
गरकाव – परिपूर्ण
गवख्ख – गवाक्ष, झरोखा
गह्वर – कन्दरा
गाज – गर्जना
गात – शरीर
गिरंद – पहाड़
गिरद – गर्द
गिरपुर – डूंगरपुर
गैंन – गगन
गोठ – सुग्रवसर पर ग्रायोजित सामूहिक भोज
ग्रहराज – सूर्य
घनसार – कपूर
घात – प्रहार, वध
घाय – घाव, घायल
घूम – चक्कर
घोराक – शोक सूचक भयंकर ध्वनि
चंग – एक वाद्य विशेष
चंड – एक दैत्य
चंडीनयर – दिल्ली का एक नाम
चंद्रहास – तलवार
चंप – प्रहार

चमू – सेना
चर – दूत
चलुक सोलंकी वंश
चंवरी – विवाह मण्डप
चव – चार
चहर – चिकुर, केश
चत्रवाह – चारभुजा
चांमिल – चम्बल
चाचर – मस्तक
चाय – चाव, उत्साह
चावरे – चावड़ा क्षत्रिय
चूक – कपट, षड़यंत्र
चोरिय – चंवरी
चौज – उमंग
छछोह – जोशपूर्ण
छतर – छत्र
छत्तीय – सीना
छयल्ल – छैला, पति
छराल – सिंह का बच्चा, छरालौ
छाग – बकरी
छार – क्षार, भस्म
छिव – छवि
छीजत – कमी होने का भाव
छेतर – पथरीली भूमि, श्मशान भूमि
छेह – अन्त
जंगल – जांगल प्रदेश, बीकानेर
जंगाल – घोड़ा, गहरा लाल रंग
जंगाली – गहरा लाल रंग
जंबुक – सियार, गीदड़
जक्ख – यक्ष
जग्योपवित – यज्ञोपवित, जनेऊ
जटाजूट – बहुत बड़ी जटायें
जनीवास – बारात ठहरने का स्थान
जरकस – जिस पर सोने के तार आदि लगे हुए हो
जरद – पीला रंग
जर्राह – शल्य चिकित्सक
जरराही – शल्य चिकित्सा
जवहार – अभिवादन
जसवास – यश
जसह – यशस्वी
जांनु – जांघ
जांनां – बारातें
जांम – क्षणभर, प्रहर
जाचगू – याचक
जात – यात्रा, जाति
जान – बारात
जाब – जबाव
जाम – प्रहर
जाज – समूह, जिसे
जाहर – जाहिर
जिहांन – संसार
जुकत – उपाय
जुत – सहित
जुहार – अभिवादन
जुहारि – जवारी
जोग – लायक
जौंहर – जवाहिरात

झखर – सूखा वृक्ष
झरकि – सोने चांदी के तारों से बुना कपड़ा
झिगन – झींगुर
टोल – अनगढ़ वड़ा पत्थर
ठमक – गर्व, कुण्ठा
ठाह – स्थान
डगर – पशु
डडत – जुर्माना करना
डंडोत – दण्डवत प्रणाम
डाक – महादेव का डमरू
डार – समूह
डावरी – कन्या, सेविका
डीकरी – पुत्री
ढिग – निकट
ढुंढि – गणेश का एक नाम
तंमोर – ताम्बूल, लाल
तगत – तख्त, राजगद्दी
ततवीर – उपाय
तरडम – कलंगी विशेष, तुर्री
तसकर – चोर, तस्कर
तानैपुर – ताणा (गांव)
तांम – तव
ताजीम – सम्मान
ताप – कष्ट, आतंक, गर्मी
तारक – तारे, घोड़ा, तारने वाला
तावदान – रोशनदान
तास – त्रास, भय, एक प्रकार का जरदोजी कपड़ा
तुंड – हाथी की सूंड
तुंवर – वाद्य यंत्र विशेष
तुखार – अश्व
तुजी – धनुष
तुपक छोटी तोप, बंदूक
तुरेस – श्रेष्ठ घोड़ा
तूल – रुई
तोडर – स्त्रियों के पाँव का एक गहना विशेष
तौंर – तंवर क्षत्रिय
थांन – ठिकाना
थापना – स्थापना, प्रतिष्ठा
थाहर – सिंह की मांद
दध – उदधि, ईर्ष्या
दरव – द्रव्य
दव – दावानल।
दवार – द्वार
दहवट्ट – संहार, तहस-नहस
दाग – दाह संस्कार
दातार – देने वाला, ईश्वर
दाद – धन्यवाद
दायज – दहेज, दापा
दार – स्त्री, दारा
द्वारामति – द्वारिका
दिखनाध – दक्षिण दिशा
दिगेस – दिक्पाल
दीवांन – उदयपुर को महाराणाओं की एक उपाधि
दुरंग – दुर्ग
देलवारापत – देलवाड़ापति
देवगदाधर – सांमलाजी

धौस – दिवस
धनख – धनुष
धनास – धन की आशा
धरक – भय
धवल-मंगल – मांगलिक गीत
धा – पृथ्वी, पार्वती
धावड़ – धायभाई
धिया – पुत्री
धूरजट्टी – शिव
नखतंत – भाग्यशाली, योद्धा
नथ्थ – नाथ
नरवर – नरों में श्रेष्ठ, राजा
नवबत्ति – नोपत
नांणा – धन-दौलत
नाहरगिर – नाहरमगरा(एक गांव)
निकंद – नाश
निग्रोध – वटवृक्ष
निवांण – कुंआ, तालाब
निवाजस – महरबानी, दान
निहचल – अविचल, निश्चल
नीसांन – ध्वजा
नूंतो – बुलावा
नेजं – झण्डा, भाला
पंगत – भोजन की पंक्ति
पख्खर – पाखर
पट्टन – नगर के लिए प्रयुक्त
पटेत – योद्धा
पधराय – विराजमान करना, आदरपूर्वक ले जाना
परखवार – परीक्षा करने वाला
परताव – पराक्रम, प्रताप
परदछ्छ – परिक्रमा, प्रदक्षिणा
परुसार – भोजन परोसना
पल – मांस
पलांन – जीन, चारजामा
पसाव – कपड़ा, कृपा
पांखि – पंखुरी, पक्षी
पांमर – पापी, कायर
पाकेट – ऊँट
पाजं – मर्यादा
पाटरेस – राजा
पाटवी – सबसे बड़ा कुंवर, राजगद्दी का उत्तराधिकारी
पाणां – हाथों में
पात – कवि
पातल – प्रताप, नाम विशेष
पातुर – नर्तकी
पादोदक – चरणामृत
पाधर – शिष्ट, अनुकूल
पायगा – घुड़साल
पिंग – पीलापन, भूरा
पिट्ठ – पीठ
पिनाक – शिवजी का धनुष
पुहमी – पृथ्वी
पैमाल – बरबाद
पौंचन – मणिबंध
फजर – प्रातःकाल
फतूर – उपद्रव, उपद्रवी
फरजिंद – संतान
फरद – सूचीपत्र

फवज्ज – फौज
फी – हाथी, फील
फेट – चपेट, टक्कर
बंक – शूरवीर
बंगर – बंगड़
बंब – रणनाद
बखांन – वर्णन, प्रशंसा
बयस – वैश्य
बांम – स्त्री, नर्तकी
बाजोठ – लकड़ी की चौकोर चौकी
बायन – कन्याओं का
बारिगाह – तम्बू, राजदरबार
बिरदेस – विरुदधारी
बीवाह – विवाह
बहुरे – फिरे
बू – गंध
बोदरी – छोटी चेचक
बोह – बहुत
भंत – भांति
भलाहल – चमचमाहट
भख्खर – पर्वत
भांवरी – परिक्रमा, विवाह के फेरे
भारथ – भयंकर लड़ाई
भुरज – बुर्ज, शिखर
भ्रंग – हाथी
भ्रंगी – शिव
भ्रत – भाई
भ्रतांन – चाकर, सेवक
भ्रमि – चकित
मंगल-धवल – गीत विशेष

मंजार – बिल्ली
मंझ – मध्य
मगतान – याचक, मांगने वाले
मघवांन – इन्द्र का नाम
मचक – आतंक, टक्कर
मजीठ – लाल रंग
मजेज – गर्व
मठठ – स्वाभिमान
मतीर – लताफल तरबूज
मदाल – हाथी
मधु-कीट – मधु-कैटभ राक्षस
मयंद – हाथी
मयमत्त – मदमस्त,
मराल – हंस
मल्लार – मल्लार राग
महमाय – महिमा
महताब – रोशनी, चंद्रमा
महर – अनुग्रह, कृपा
महारतु – महाऋतु ऋतुराज बसंत
महुर – मोहर, सोने का सिक्का
मांकड़ – बन्दर
मांमलत – विवादास्पद बात
मारतुंड – मार्तण्ड, सूर्य
माहीय – माही नदी
माहेरा – मायरा, मौसार
मुरहलै – छोटादुर्ग
मुलक – मुल्क, रियासत
मुसदीयु – मुत्सद्दी
मेर – पर्वत, मेरु, सुमेरु
म्रगया – मृगया, शिकार

म्रदंग, – मृदंग, वाद्य विशेष
यकरिंग – एकलिंगजी
यल – ईल, पृथ्वी
येन – जिस प्रकार
रंजक – बारूद, प्रसंन करने वाला
रज्ज – धूलिकरण
रटं – जप करना
रिख – ऋषि
रिन – रण
रिनजित – नगारा विशेष
रीझ – प्रसन्न
रीठ – शस्त्रों की आवाज़
रूसाय – नाराज होकर
रैत – रय्यत, प्रजा
रोर – कोलाहल
रोस – क्रोध, जोश
लच्छिन – लक्षण
ललांम – लाल रंग का
लाह – लाभ, घोड़े का छलांग लगाना
लीक – मर्यादा
लुंटाक – लुटेरे
लेज़म – धनुष
वंसवार – बांसवाड़ा नगर
वारण – न्यौछावर करना, हाथी
विघ्नाल – विघ्न को नष्ट करना
विज्जु – बिजली
वितुंड – हाथी
विमोहत – मोहित करने वाला
विलाला – रसिक, मस्त

संज – सामान
संजाब – संजाफी घोड़ा
सकबंध – यशस्वी, सुभट योद्धा
सगारथ – रिश्तेदारी
सतपत्र – कमल
सपतास – सप्ताश्व
समाथ – सामर्थ्यवान
सदीव – सदैव
सफरा – क्षिप्रा नदी
सरोस – आवेग, गुस्से से
सांग – भाला विशेष
सांम – सामवेद, राजनीति के चार अंगों में से एक
सांसन – जागीर
साखत – घोड़े का चारजामा
साटमार – हाथी को वश में करने वाला आदमी
साबात – बारूद का भंडार
साराप – सर्राफ
सालाकटारी – नेग विशेष
सिकलात – बनात
सिधराज – शिव
सिय्याह गोस – वन बिलाव
सिरपाव – सिरोपाव, वस्त्र
सिरपेच – पगड़ी पर बांधने का आभूषण विशेष
सिरबंधी – मोर्चाबंधी, सिंधी
सिलह – बख्तर, युद्ध सामग्री
सिहाय – रक्षा, सहायता
सीसफूल – स्वर्णाभूषण विशेष

सुकर – हाथ, वर्छी
सुखपाल – पालकी विशेष
सुगत्त – सुन्दर गति
सुरंग – घोड़ा, उत्तम
सुछेल – छैला, कामुक व्यक्ति
सुज – सिर
सुजाव – पुत्र
सुढाल – सुन्दर
सुतर – ऊँट
सुपात – सुपात्र, कवि
सुरख – लाल, सुर्ख
सुवच्छल – सुवत्सल, स्नेह से
सूंम – कंजूस
सूल – त्रिशूल
सेल – भाला
सेवागर – चाकरी करने वाला
सोव्रन – स्वर्ण, अच्छा कुल
सोलै बत्तीसुं – मेवाड़ के सोलह उमराव तथा बत्तीस सरदार गण
हगाम – विप्लव, हंगामा

हकाल – हुंकार, आवाज़
हजांम – नाई, क्षौरकर्म
हथनार – हाथ की बन्दूक
हथलेव – पाणिग्रहण
हथ्थल – सिंह का अगला पंजा
हयंद – अश्व, हय
हरख – हर्ष, खुशी
हरीफ – शत्रु
हरोल – हरावल
हलि – चले
हवद – होज, हौदो
हाक – आवाज़
हुरम – अन्त पुर, स्त्री, अप्सरा
हुरमत – मांन, धर्म
हूंस – प्रवल इच्छा, जोश
हूर – स्वर्ग की अप्सरा
है – हय
होतव – अनहोनी
होफर – सिंह की दहाड़, गर्जना
हौड – बराबरी

□

कुंवर जवानसिंह : सगाई-नारेल सामग्री की सूची

संवत १८७८ के साल कुंवरजी बापजी श्री जवानसिंहजी के रीमा[1] सु नारेल आया ज्यां में सराजाम ई माफक आया[2] —

९८०००)[3] नकद सिक्के कलदार अठाणु हजार आया

श्रीफल ४ मदे नग २ सोना सु, नग २ रुपा सु मंडया थका

सोपारी नग १० सोना रुपारी

५))[4] ५४००) गेहणा का रोकड़ कलदार

२०००) श्री दरबार के गेहणा रा

२०००) श्री कुंवरजी रे गेहणा रा

१०००) हाथी घोड़ा रे गेहणा रा किमत सु

५)) ४००) नारेल पारचा में मेल झेलाया जदी

१०५००) गेहणो सदरुप किमत रु. १०५००) को

३०००) महाराणा श्री भीमसिंहजी रे

२०००) ठेकड़ो १ हीरा का जडाव को

१०००) आमली १ हीरा का जडाव की

७५००) कुंवरजी बापजी श्री जवानसिंहजी रे

२०००) ठेकडो १ हीरा का जडाव रो

२५००) कंठी १ मोत्यारी

१५००) आमली १ हीरा जडाव री

१५००) पोंहचा जोड़ी १ हीरा जडाव रा

सिरपाव ई परमाणे आया—

महाराणाजी श्री भीमसिंहजी के सिरपाव १ भारी—

१ पाग कसूमल

२ आसावरी थान

१ पारचो थान

१ दुसालो जोड़ी लेरिया

१ कनपेच

---

१. रीवां, बांधुगढ़ (मध्यप्रदेश)

२. स्व. नाथूलाल व्यास संग्रह, साहित्य संस्थान, (रा. वि. उदयपुर) पुस्तकालय रजिस्टर सं. ४ पत्र सं. ४

३. ')' रुपये का संकेत

४. '))' सोने की मोहर का संकेत

सिरपाव १ मझेलो—

१ पाग सारंगपुर

३ अदरस थान (अतलस थान)

१ दुपट्टो कासी रो

१ पारचो थान

सिरपाव १ हलको—

१ पाग दिली री अदरंग

२ मुलमुल थान

१ दुपट्टो कासी रो केसरिया

।। (आधा) पारचो थान

श्री कुंवरजी वापजी रे सिरपाव २

२ पागां

३ अदरस थान

१ कनकवन्दया

१ आसवरी थान

२ दुपट्टा

१ जोडी दुसालो

२ पारचा

सिरपाव ४६

सिरपाव २० भारी

२० पाग रंगीन

२० दुपट्टा सुपेत रंगीन

४० अदरस थान

२० कमजर थान मसरु अदवाड़ा

सिरपाव २६

२६ पाग

५२ सेला

२६ दुपट्टा

हाथी नग ४ होदा काठरा सरिया टाट वाकी री झूला बनाती घोड़ा २५

५ साज मुलमा सुनेरी का

५ साज रूपारा

१५ झूलवाला

□